आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.33
सूर्यास्त 05.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

मुरादाबाद

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी 01:55 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

रविवार, 9 नवंबर 2025, वर्ष 6, अंक 222, पृष्ठ 14+4 मूल्य 6 रुपये

- ईडी ने पीएफआई के खिलाफ धन शोधन मामले में 67 करोड़ की संपत्ति की कुर्क - 12

- डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर जरूरी सूचनाओं को रखने में सक्षम - 12

- शटडाउन : अमेरिका में हवाई यातायात चौपट एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द - 13

- बारिश के कारण 5वां मुकाबला हुआ रद्द भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से टी-20 सीरीज जीती - 14

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अवधी खानपान को मिला दुनिया का सलाम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

तीर्थाटन-पर्यटन से यूपी में मिला लाखों लोगों को रोजगार : मोदी

प्रधानमंत्री ने काशी से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने बनारस रेलवे स्टेशन से रवाना किया, जबकि दिल्ली-फिरोजपुर, लखनऊ-सहारनपुर और एर्नाकुलम-बेंगलुरू वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में तीर्थाटन और पर्यटन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ रुपये का सीधा लाभ हुआ और लाखों लोगों को रोजगार मिला।

प्रधानमंत्री मोदी ने भोजपुरी में बाबा विश्वनाथ के पावन नगरी में सभी प्रणाम निवेदित करते हुए कहा कि भारत की तीर्थ यात्राएं केवल धार्मिक नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने वाली परंपरा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट, कुरुक्षेत्र जैसे पावन धाम अब वंदे भारत नेटवर्क से जुड़ रहे हैं, जिससे आस्था और विकास दोनों का संगम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में उत्तर प्रदेश में तीर्थाटन और पर्यटन से आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिला है। पिछले वर्ष 11 करोड़ श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आए, जबकि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद 6 करोड़ से अधिक लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ का लाभ हुआ और लाखों लोगों को रोजगार मिला। पीएम ने कहा, विकसित देशों की प्रगति का सबसे बड़ा आधार मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर रहा है। भारत भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, एर्नाकुलम से केरल के राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और जॉर्ज कुरियन, फिरोजपुर से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और लखनऊ से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे।

वाराणसी में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रधानमंत्री मोदी।

यूपी में तीर्थाटन और पर्यटन की आर्थिकी

- 2025 में अनुमानित पर्यटक आगमन : 65 करोड़ से अधिक
- 2028 तक अनुमान : 80 करोड़ पर्यटक
- 2028 तक आर्थिक अनुमानित योगदान : 70,000 करोड़
- मुख्य लाभ : आतिथ्य, परिवहन, हस्तशिल्प और लघु उद्योगों को बढ़ावा
- 2023 में प्रमुख शहरों का योगदान : अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और प्रयागराज में 28 .79 करोड़ पर्यटक
- 2025 में इन चार स्थलों पर आगमन : 41 .56 करोड़ पर्यटक

काशी अब पूर्वांचल की हेल्थ कैपिटल

मोदी ने कहा कि काशी स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी पूर्वांचल की हेल्थ कैपिटल बन गया है। पहले मरीजों को इलाज के लिए मुंबई जाना पड़ता था, लेकिन अब शहर में ही अत्याधुनिक अस्पताल, कैंसर सेंटर, आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों से लोगों को राहत मिल रही है। कहा कि काशी में रहना, काशी आना और यहां जीना अब सबके लिए विशेष अनुभव बन गया है। शहर में गैस पाइपलाइन, स्टेडियम, और रोपवे जैसे कई प्रोजेक्ट तेजी से पूरे हो रहे हैं।

आस्था का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना

मोतिहारी/पिपरा, एजेंसी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के रण में शनिवार को ताबड़तोड़ तीन रैलियां करके कांग्रेस-राजद महागठबंधन पर करारा हमला बोला। साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों को लेकर विपक्षी दलों को घेरा। योगी ने कहा कि भगवान राम-कृष्ण के बाद अब यह लोग छठ माई का भी विरोध कर रहे हैं। राम का विरोध और आस्था का अपमान करने वालों को कतई वोट नहीं देना है। मुख्यमंत्री ने मोतिहारी, पिपरा और अतरी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने राजद, कांग्रेस, ए माले समेत महागठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि भगवान राम-कृष्ण के बाद अब यह लोग छठ माई का भी विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस राम को नकारती थी, राजद राम मंदिर निर्माण की रथ यात्रा को रोकती थी, समाजवादी पार्टी रामभक्तों पर गोली चलाकर लहुलूहान करती थी। कांग्रेस और महागठबंधन वाले भगवान राम-कृष्ण के बाद अब छठ माई का भी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद, ए माले व इनके सहयोगी अपने-अपने क्षेत्र के कुख्यात सरगना और जंगलराज के अपराधी हैं। जिस बिहार ने दुनिया को ज्ञान दिया। उसे राजद, नक्सलवाद व माओवादियों के गठबंधन ने साक्षरता में पीछे ढकेल दिया। अपनी प्रतिभा व मेधा के लिए जगविख्यात बिहार का नौजवान पहचान के लिए मोहताज हुआ तो इसकी दोषी कांग्रेस, राजद व ए माले है। अयोध्या से सीतामढ़ी को जोड़ने वाले राम जानकी मार्ग पर 6155 करोड़ से काम शुरू हो गया है। अब गोरखपुर से सिलीगुड़ी को जोड़ने वाला एक्सप्रेसवे भी मोतिहारी होते हुए जाएगा।

- सीएम योगी बिहार में विपक्ष पर बरसे, कहा- कांग्रेस-आरजेडी ने यहां की मेधा को किया कुंद
- कहा- राम-कृष्ण के बाद अब छठ माई का विरोध कर रहे हैं महागठबंधन वाले

बिहार को अंधकार में धकेला

योगी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय, चाणक्य और आर्यभट्ट की धरती को राजद-कांग्रेस ने अंधकार में धकेल दिया। दुनिया नालंदा में ज्ञान लेने आती थी, जहाँ एक साथ दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे, लेकिन राजद-कांग्रेस के शासन में बिहार साक्षरता में सबसे नीचे पहुंच गया। कहा कि जब एनडीए ने सत्ता संभाली, तब बिहार की साक्षरता दर 33% थी, जिसे अब बढ़ाकर 75% तक पहुंचाया गया है। पीएम मोदी 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे हैं, जबकि यह लोग (विपक्षी दल) गरीबों का राशन और पशुओं का चारा खा गए थे।

ब्रीफ न्यूज

फीस जमा नहीं होने पर परीक्षा से वंचित छात्र ने खुद को लगाई आग

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना कस्बे के डीएवी कॉलेज में शनिवार को फीस जमा नहीं होने पर परीक्षा से वंचित किए गए एक छात्र ने आत्मदाह का प्रयास किया। छात्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि डीएवी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उज्ज्वल राणा (22) ने शुल्क जमा नहीं होने पर परीक्षा से वंचित किए जाने से क्षुब्ध होकर खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि 70 प्रतिशत तक जल चुके छात्र उज्ज्वल को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

जीवन साथी चुनना व्यक्तिगत स्वतंत्रता

नई दिल्ली। जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता संविधान के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न अंग है तथा परिवार या समुदाय सहमति से विवाह करने वाले दो वयस्कों की पसंद में बाधा नहीं डाल सकते। यह बात दिल्ली उच्च न्यायालय ने शीर्ष कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कही। हाईकोर्ट ने कहा कि शीर्ष अदालत ने माना है कि भारत में जाति का सामाजिक प्रभाव अब भी मजबूत है और अंतरजातीय विवाह एकीकरण को बढ़ावा देकर और जातिगत विभाजन को कम करके एक मूल्यवान संवैधानिक व सामाजिक कार्य करते हैं।

संसद का शीतकालीन सत्र 1 से 19 दिसंबर तक

नई दिल्ली, एजेंसी

- 15 बैठकें होंगी, विपक्ष ने कम बैठकों के लिए सरकार की आलोचना की

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को घोषणा की कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। विपक्ष ने इसे बहुत देर से बुलाया गया और संक्षिप्त सत्र बताया।

तीन सप्ताह के इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी और इसके हंगामेदार रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह सत्र निर्वाचन आयोग द्वारा 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को अंजाम दिए जाने के बीच हो रहा है। कई विपक्षी दलों ने एसआईआर को लेकर आपत्तियां जताई हैं। संसद के मानसून सत्र में भी बिहार में एसआईआर को लेकर कई विपक्षी दलों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण संसद में प्रतिदिन व्यवधान उत्पन्न हुआ। रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर, 2025 तक आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है

घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में घुसपैठ के प्रयास के बारे में एजेंसियों से मिली विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर शुक्रवार को एक अभियान शुरू किया गया। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर आतंकवादियों को रुकने को कहा लेकिन उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें कहा गया है, सुरक्षा बलों ने जारी अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया है।

- जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कर रहे थे कोशिश

एच1बी वीजा दुरुपयोग : 175 जांच शुरू करेगा ट्रंप प्रशासन

न्यूयॉर्क। ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के दुरुपयोग के मामलों में लगभग 175 जांच शुरू की हैं, जिनमें कम वेतन, कार्यस्थलों का अभाव और कर्मचारियों की बेंचिंग जैसी खामियां शामिल हैं।

अमेरिकी श्रम विभाग के अनुसार, ये जांच अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। श्रम विभाग ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के अपने मिशन के तहत, हमने एच-1बी वीजा के दुरुपयोग के मामलों में 175 जांच शुरू की हैं। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और श्रम सचिव लोरी शावेज-डेरेमर के नेतृत्व में, एजेंसी अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने के लिए कार्रवाई जारी रखेगी। भारतीय पेशेवर, जिनमें तकनीकी क्षेत्र से जुड़े कर्मी और चिकित्सक शामिल हैं, एच-1बी वीजा धारकों के सबसे बड़े समूह में शामिल हैं।

सम्मान यूपी, राजस्थान, मप्र और बिहार के 30,000 से अधिक गांवों में निरक्षरता के चक्र को तोड़ा

एजुकेट गर्ल्स संस्था को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

मनीला, फिलीपींस एजेंसी

- फिलीपींस की राजधानी में हुआ समारोह, बेटियों के भविष्य को सुधारने में निभाई अहम भूमिका

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

सफीना हुसैन

भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने दूरदराज के गांवों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों की शिक्षा के लिए काम किया है।

इस पुरस्कार की सार्वजनिक रूप से घोषणा 31 अगस्त को की गई थी और औपचारिक समारोह शुक्रवार को फिलीपींस की राजधानी स्थित मेट्रोपॉलिटन थिएटर में आयोजित हुआ। वर्ष 2007 में स्थापित 'एजुकेट गर्ल्स' उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और बिहार के 30,000 से अधिक गांवों में गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ने के लिए काम करती है। 55 हजार से अधिक समुदाय-आधारित स्वयंसेवकों के समर्थन से यह गैर-लाभकारी संगठन 20 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल वापस लेकर लाया है और शिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 24 लाख से अधिक बच्चों को सहायता उपलब्ध कराई है। 'एजुकेट गर्ल्स' की स्थापना 2007 में 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स' की स्नातक सफीना हुसैन ने की थी। संस्था की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा कि यह सम्मान लड़कियों को शिक्षित करने के एक उद्देश्य से एकजुट होकर एक साथ आने वाले लोगों की अद्भुत शक्ति की याद दिलाता है। यह हमारे सामूहिक प्रयासों, नवोन्मेषी कार्यक्रमों और सरकार की प्रभावशाली योजनाओं का सम्मान करता है। क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों समेत 25 सदस्यीय 'एजुकेट गर्ल्स' टीम पुरस्कार समारोह के लिए फिलीपीन्स की राजधानी पहुंची थी।

साहस व धैर्य से हमें प्रेरित करती हैं लड़कियां : सफीना

पुरस्कार स्वीकार करते हुए 'एजुकेट गर्ल्स' संस्था की सफीना हुसैन ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी लड़कियों के लिए है, जो अपने साहस और धैर्य से हमें प्रेरित करती हैं। वे लड़कियां जो घरेलू जिम्मेदारियों को संभालती हैं और अपने-अपने परिवार और अपने देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए देर रात तक पढ़ाई करती हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान के माध्यम से हम उन अभिभावकों, शिक्षकों, समुदाय के सदस्यों और 'टीम बालिका' के 55,000 स्वयंसेवकों का सम्मान करते हैं जो हर दिन हमारी लड़कियों के साथ खड़े होते हैं। उनका समर्पण दर्शाता है कि जब समुदाय लड़कियों को शिक्षित करने के लिए एकजुट होते हैं, तो हर लड़की को अवसर, विकल्प, आवाज और स्वतंत्रता मिलती है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?

जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए
https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 9 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा ने बिहार चुनाव को लेकर कहा कि वहां महागठबंधन की सरकार बनेगी। 14 नवंबर को गृहमंत्री अमित शाह के दावे की हकीकत की सच्चाई सामने आ जाएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन के लिए आईं सांसद ने रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 14 नवंबर का इंतजार करिए। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बिहार चुनाव जीतने के दावे पर कहा कि देखिए सब अपना-अपना दावा करते है, 14 तारीख नजदीक है, सभी एग्जिट पोल महागठबंधन को जीतता दिखा रहे है। वंदे भारत ट्रेनों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। बाबा बागेश्वर द्वारा निकाली जा रही हिन्दू एकता पद यात्रा पर कहा कि देश में इन चीजों के कोई मायने नहीं है, अपने धर्म को मानने का सबको हक और अधिकार है। भारत गंगा जमुनी तहजीब का देश है।

चेकिंग के दौरान बाइक समेत चोर हत्थे चढ़ा

पाकबड़ा, अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक चोर को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत उसे जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी योगेश कुमार उप निरीक्षक जनक सिंह, हेड कांस्टेबल एकांत कुमार और प्रशांत कुमार के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति वहां से बाइक पर जाता हुआ दिखाई दिया। जैसे पुलिस ने रोकने के लिए कहा तो उसने भागने की कोशिश की। पुलिस ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। पकड़ने पर उस मोटरसाइकिल के कागज और मोटरसाइकिल के बारे में पूछा तो बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की है। जो कि मैंने नवंबर को ज्ञान सिंह पुत्र मुखराम निवासी ग्राम मालीपुर के घर के सामने चर्च वाली गली से चोरी की थी। बेचने के लिए छुपा दी थी। आज मैं इसे बेचने ले जा रहा था। तभी पकड़ लिया। पूछने पर उसने अपना नाम अमित उर्फ छोटू पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम मालीपुर बताया।

दौलतबाग क्षेत्र में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

मुरादाबाद, अमृत विचार : 33/11 केवी उपकेंद्र दौलतबाग से जुड़े क्षेत्रों में रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बाधा 33 केवी लाइन दौलतबाग पर पेड़ों की छंटाई के कार्य के कारण रहेगी। शनिवार को उपखंड अधिकारी दौलतबाग दीपक कुमार ने बताया किइस अवधि में दौलतबाग, तहसील स्कूल, बंगला गांव, देवराज कंपाउंड, दसवां घाट, झब्बू का नाला, नागफनी, घोसी की पुलिया, दीवान का बाजार, लालबाग तथा आस-पास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति तीन घंटे के लिए बाधित रहेगी।

16वां स्थान न्यूनतम योग्यता मानक घोषित, इससे कम प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को नहीं मिलेगा प्रमाणपत्र

कमजोर प्रदर्शन पर लगेगा जुर्माना, एआईयू ने तय किए नए मानक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रदर्शन में कमी पर कोच और यूनिवर्सिटी भी होंगी जिम्मेदार

अमृत विचार : एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) ने विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नए और सख्त नियम लागू कर दिए हैं। अब किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन में तय मानक से गिरावट पाई गई तो उस पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यही नहीं, प्रदर्शन में कमी होने पर संबंधित टीम के कोच और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

एआईयू ने 2024 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में 16वें स्थान को न्यूनतम योग्यता मानक घोषित किया है। किसी भी खिलाड़ी या टीम का प्रदर्शन यदि इस मानक से नीचे पाया गया तो उन खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र भी नहीं दिया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय को यह सुनिश्चित करना होगा कि केवल वही खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें जो एआईयू द्वारा तय की गई योग्यता को पूरा करते हों। एआईयू ने सभी विश्वविद्यालयों को इस संबंध में पत्र भेजकर नए मानकों की जानकारी दी है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि सभी प्रतिभागियों को अब एक अंडरटेकिंग फॉर्म भरना होगा, जिसमें यह उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि उनका प्रदर्शन निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है।

क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अनुसार, इन नए नियमों का उद्देश्य खेल आयोजनों में गुणवत्ता सुधारना और प्रतियोगिताओं में लगने वाले अनावश्यक समय को कम करना है। उन्होंने बताया कि कई बार औसत या कमजोर खिलाड़ी भी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं, जिससे आयोजकों का काफी समय व्यर्थ होता है और प्रतियोगिता का स्तर गिर जाता है। नई नीति से खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव तो बढ़ेगा ही, साथ ही विश्वविद्यालयों को भी अपनी चयन प्रक्रिया को सख्त बनाना होगा। एआईयू का मानना है कि यह कदम न केवल खेलों के स्तर को ऊंचा उठाएगा, बल्कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अधिक योग्य और प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

विभिन्न स्पर्धाओं के यह हैं मानक

- **दौड़ :** महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ के लिए मानक समय 12.29 सेकंड है। 12.904 सेकंड से अधिक होने पर जुर्माना लगेगा, पुरुष 100 मीटर दौड़ के लिए मानक 11.34 सेकंड है। 11.907 सेकंड से अधिक होने पर जुर्माना लगेगा।
- **तीरंदाजी :** (पुरुष) के लिए मानक 638 अंक है। 606 से कम अंक होने पर जुर्माना लगेगा। महिला के लिए 625 अंक को मानक बनाया गया है। 594 से कम अंक होने पर जुर्माना लगेगा।
- **पावरलिफ्टिंग :** 59 किग्रा पुरुष वर्ग का मानक 512.5 किलोग्राम है। 487 किलोग्राम से कम होने पर जुर्माना लगेगा। 47 किलोग्राम भार के महिला वर्ग के लिए मानक 240 किलोग्राम है। 228 से कम होने पर जुर्माना लगेगा।
- **निशानेबाजी :** 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष के लिए मानक 574 अंक है। 545.3 से कम अंक नहीं होने चाहिए। महिला वर्ग के लिए यह मानक 569 अंक है। 540.55 से कम अंक नहीं होने चाहिए।
- **तैराकी :** 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष के लिए मानक समय 00.25.40 सेकंड है। 00.26.67 सेकंड से अधिक समय नहीं होना चाहिए। महिला वर्ग के लिए यह समय 00.30.00 सेकंड है। 0.32.00 सेकंड से अधिक होने पर जुर्माना लगेगा।

एसआईआर में लापरवाही तीन अफसरों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- निर्वाचन आयोग करेगा तीनों अधिकारियों पर कार्रवाई

अमृत विचार : निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्धारित तिथिवार कार्यक्रम में रुचि न लेने और निर्वाचन कार्यों में लगातार लापरवाही बरतने वाले तीन अधिकारियों का वेतन रोक लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने वेतन रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने के साथ ही तीनों अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए आयोग को संस्तुति पत्र भेज दिया है।

विधानसभा क्षेत्र 37 रामपुर के तहत खंड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप कुमार चौधरी व खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र स्वदीप कन्नौजिया को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के रूप में नियुक्त किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य की बूथवार समीक्षा बैठक में ये तीनों एईआरओ उपस्थित नहीं हुए। इससे पूर्व में भी इनके द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों में लापरवाही बरती जा चुकी है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और संवेदनहीनता के दृष्टिगत प्रशासनिक स्तर से इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है, जिसकी प्रगति को लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी आयोग द्वारा की जा रही है।

मुरादाबाद जंक्शन पर नई वंदे भारत ट्रेन का जोरदार स्वागत

सांसद रुचि वीरा, विधायक रितेश गुप्ता, जिपं अध्यक्ष, एमएलसी ने दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रेल मंडल को शनिवार को लखनऊ-सहारनपुर नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिली। वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से किया। स्थानीय स्तर पर ट्रेन के मुरादाबाद स्टेशन पर पहुंचने पर सांसद रुचि वीरा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, एमएलसी सतपाल सैनी ने ट्रेन को आगे के स्टेशनों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

फूलों से सजी ट्रेन मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रूड़की स्टेशन से होकर सहारनपुर पहुंची। मुरादाबाद में स्काउट्स-गाइड्स की टीम ने नई रेल नई रफ़्तार विषय पर नुक्कड़ नाटक किया। मंडल के पांचों स्टेशनों पर वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने फ्लावर पॉट देकर अतिथियों का स्वागत किया। देश भक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए गए। रेलवे स्टेशन पर डीआरएम सहित अन्य रेल अधिकारी और सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी स्टाफ सतर्क रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व रेल यात्री आदि मौजूद रहे।

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करती सांसद रुचि वीरा साथ में विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह, एमएलसी सतपाल सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

रंग-बिरंगे गुब्बारों और गेंदे के फूलों से सजे कोच।

मुरादाबाद से ट्रेन मैनेजर डीके शर्मा और ट्रेन मैनेजर काउंसलर गिरीश कुमार के निर्देशन में सहारनपुर रवाना हुई ट्रेन।

प्रदीप रुहेला, यात्री।

देशदीपक, यात्री।

अंशु, यात्री।

लखनऊ से ट्रेन लेकर आए लोको पायलट संजय कुमार चहल और असिस्टेंट लोको पायलट दीपक कुमार।

तालियों, नारों व कैमरों की फ्लैश लाइट्स से वंदे भारत का स्वागत

दोपहर 1:26 बजे वंदे भारत मुरादाबाद जंक्शन पहुंची, तो स्टेशन परिसर देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। फूलों की सजावट, झंडियों और गुब्बारों से सजा प्लेटफार्म किसी त्योहार की तरह चमक रहा था। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची, लोगों ने तालियों, नारों और कैमरों की फ्लैश लाइट्स से उसका स्वागत किया। सांसद रुचि वीरा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के गंतव्य के लिए रवाना किया। स्टेशन पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग ट्रेन की एक झलक पाने पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ट्रेन की भव्यता देख उत्साहित नजर आए।

जंक्शन पर उमड़े लोग

स्टेशन पर ट्रेन के आगमन से पहले ही भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। लोग मोबाइल कैमरों से फोटो और वीडियो बना रहे थे। स्टेशन की दीवारों और प्लेटफार्म को गेंदे के फूलों, झंडियों और तिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। वातावरण में देशभक्ति गीतों की गूंज माहौल को और जोशपूर्ण बना रही थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन से यात्रियों को लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और सहारनपुर के बीच तेज और सुलभ यातायात का लाभ मिलेगा। हालांकि, उद्घाटन समारोह में लोकल जनता की सबसे ज्यादा भागीदारी रही, जो इस ट्रेन को भारत की नई पहचान मान रही थी।

सफर में उत्साहित दिखे लोग

मुरादाबाद से नजीबाबाद के लिए जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना हुई, उसका संतुलन और गति अनुभवनीय थी। कोच के अंदर पूरा वातावरण सुकून भरा और सुसज्जित था। हर सीट के पास मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, डिजिटल डिस्प्ले और स्वच्छ ट्रे टेबल यात्रियों को आराम का अनुभव करा रहे थे। ट्रेन में दी जा रही घोषणाएं स्पष्ट और सुव्यवस्थित थीं। प्रत्येक कोच में सफाईकर्मी सक्रिय दिखे। भोजन और पेयजल की व्यवस्था निर्बाध थी। तेज रफ्तार के बावजूद ट्रेन के अंदर किसी प्रकार का कंपन या आवाज महसूस नहीं हुई। यात्रा के दौरान खिड़की से दिखते हरियाले खेत, छोटे कस्बे और पुलों का दृश्य इस सफर को और खूबसूरत बना रहे थे। ट्रेन दोपहर 2:42 बजे नजीबाबाद पहुंच गई थी। मात्र 1 घंटा 16 मिनट में नजीबाबाद पहुंचने के बाद यही लगा कि वंदे भारत अब सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की चलती-फिरती पहचान है।

यात्रियों ने साझा किया अनुभव

उद्घाटन यात्रा में शामिल यात्री इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनकर बेहद खुश दिखे। मुरादाबाद से सहारनपुर तक यात्रा करने वाले प्रतीक रुहेला ने कहा कि वंदे भारत में सफर करना गर्व की बात है। उ ट्रेन का वातावरण शांत, साफ-सुथरा और आधुनिक है। मुरादाबाद से रुड़की जाने वाली यात्री अंशु का कहना था कि ट्रेन की गति और संतुलन ने पूरा सफर बहुत आरामदायक बना दिया। उन्होंने कहा कि हर सीट से बाहर का दृश्य देखने का अनुभव शानदार है और कुर्सियां बेहद आरामदायक हैं। देशदीपक, जो पहली बार वंदे भारत में सवार हुए, ने बताया कि ट्रेन के अंदर की सुविधा विदेश जैसी महसूस होती है। उन्होंने कहा कि सफाई, एयर-कंडीशनिंग और खानपान की गुणवत्ता ने उन्हें प्रभावित किया। अमरसिंह, जो परिवार के साथ सफर कर रहे थे, ने कहा कि वंदे भारत से रुड़की तक का सफर उन्हें यादगार लगेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ ट्रेन नहीं, बल्कि देश की प्रगति का प्रतीक है।

रामगंगा पुल के नीचे मिले चार गोवंश के अवशेष, लोगों में रोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

देवपुर पुल के पास मिले गोवंश मिलने पर पहुंची पुलिस व अन्य लोग। ● अमृत विचार

- कटघर पुलिस ने परीक्षण के लिए भेजे, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा पुल के नीचे नदी के सूखे क्षेत्र में शनिवार को गोवंशों के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। पुल से गुजरने वाले लोगों ने जब नीचे पड़े शवों को देखा तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोवंशों के अवशेषों को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सालय चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए भेजा है। पुल पर कुछ समय के लिए देखने वालों की भीड़ से यातायात भी प्रभावित रहा।

शनिवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि बाहरी लोगों ने पुल से गुजरते समय वाहनों से गोवंशों के अवशेष नीचे फेंके हैं। उन्होंने कहा कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा सके। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गोवंश हत्या निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही, घटनास्थल से मिले सबूतों को फोरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। स्थानीय लोगों ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं धार्मिक भावना को आहत करने वाली हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने युवक पर की फायरिंग

संवाददाता, बिलासपुर(रामपुर)

- पूर्व जिलाध्यक्ष सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमृत विचार : सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उज्जवल दीदार पर एक युवक पर फायरिंग करने का आरोप है। पीड़ित ने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गोकुलनगरी निवासी गुरप्रीत सिंह ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गांव में ही उसकी कृषि भूमि है। जिसमें गांव के ही रहने वाले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उज्जवल दीदार सिंह उर्फ साबी जबरन तरीके से विद्युत खंभे लगवा रहे थे। छह नवंबर को वह विभागीय अधिकारियों को पत्र सौंपकर खंभे न लगाए जाने की मांग कर चुके हैं। आरोप है कि शुक्रवार की सुबह साबी ने फोन कर उसे खेत पर बुलाया। वह अपने भतीजे अमृतवीर सिंह के साथ खेत पर पहुंच गया। साबी पहले से ही अपने नौकर पलविंदर सिंह के साथ घात लगाए बैठा था। जैसे ही वह खेत के पास गए तो साबी और उनके नौकर ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर साबी ने अपना रिवाल्वर निकाल कर उन पर फायर झोंक दिया। फायरिंग की घटना में वह दोनों बाल-बाल बच गए। शस्त्रों के बल दोनों के साथ मारपीट की गई। फायरिंग की घटना से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। दोनों आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर उज्जवल दीदार सिंह उर्फ साबी और उसके नौकर पलविंदर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

नकली खाद फैक्ट्री का भंडोफोड़, 450 बोरी खाद बरामद

बिजनौर, अमृत विचार : सदर एसडीएम रितु चौधरी के नेतृत्व में शनिवार सुबह प्रशासनिक टीम ने नकली खाद तैयार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया। टीम ने मौके से 450 से अधिक नकली खाद के कट्टे, भारी मात्रा में रॉ मटेरियल, खाली बोरे और पैकिंग उपकरण बरामद किए। गोदाम को सील कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूचना मिली थी कि कृष्णापुरम स्थित एक मकान में नकली खाद तैयार कर बाजार में बेची जा रही है। एसडीएम सदर रितु चौधरी, कृषि विभाग और पुलिस टीम ने छापेमारी की। मकान रोहित पुत्र राकेश का है, जिसे हितेश पुत्र जितेंद्र ने किराए पर ले रखा था। छापेमारी के दौरान बोरों में भरी नकली खाद पकड़ी।बड़ी संख्या में बोरे एनपीके के थे। सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए।

रामपुर में क्रिकेट को लगेंगे पंख 20 एकड़ में बन रहा स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- चार पिच बनकर तैयार, मैदान में घास लगाने की हो रही तैयारी
- जिला प्रशासन की पहल से सींगनखेड़ा में बन रहा स्टेडियम

अमृत विचार : जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। अब क्रिकेट मैचों के लिए करीब 20 एकड़ रकबे में डे-नाइट अंतरराष्ट्रीय स्तरीय सुविधाओं के साथ क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार हो रहा है। स्टेडियम में चार पिच बनकर तैयार हो गई हैं। दो पिच का इस्तेमाल मैच के लिए जबकि दो पिच नेट प्रैक्टिस के लिए तैयार कराई गई हैं।

सींगनखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम जिला प्रशासन के सहयोग से बनवाया जा रहा है। क्रिकेट स्टेडियम का एक रास्ता अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के गेट के सामने से बनेगा। जबकि दूसरा रास्ता रामपुर-टांडा पुल से होगा। हालांकि रोड किनारे गेट लगा हुआ है उसे दुरुस्त कराया जाएगा। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि स्टेडियम में चार पिच बनवाई जा रही हैं। जिसमें दो पिच पर मैच होंगे और दो पिच नेट प्रैक्टिस के लिए बनवाई गई हैं। बताया कि पिच बनकर तैयार हो चुकी हैं उन पर रोलर चलना है। इसके अलावा मैदान में घास लगवाई गई है। कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बन जाने से क्रिकेट खेल को भी बढ़ावा मिलेगा। बताया कि क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण जिला प्रशासन के सहयोग से कराया जा रहा है।

स्टेडियम के बारे में जानकारी देते प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार।

अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम तैयार कराया जा रहा है। इस स्टेडियम में दिन और रात में मैच खेले जा सकेंगे। स्टेडियम तैयार करने में जिलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार समेत तमाम प्रशासन कार्य करा रहा है।

- **संतोष कुमार**, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी

जानकारी

भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में एसआईआर कार्यशाला आयोजित

लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत बनाने में मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केके मिश्र। ● अमृत विचार

कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से शनिवार को एसआईआर(स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यशाला का आयोजन रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता एमएलसी गोपाल अंजान, विशिष्ट अतिथि महानगर प्रभारी मोहन लाल सैनी रहे।

कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता गोपाल अंजान, महानगर प्रभारी मोहन लाल सैनी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, केके मिश्रा ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता एमएलसी ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण मतदाता नाम जोड़ने, हटवाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक है। कहा कि 18 वर्ष पूर्ण हो चुके युवाओं सहित पात्र मतदाताओं को जागरूक कर फार्म-6 भरवाये जाये। विशिष्ट अतिथि महानगर प्रभारी ने कहा कि हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में हो और जिनके नाम हटाए जाने की आवश्यकता है उन्हें भी सही ढंग से हटाया जाए। कार्यकर्ता योग के नियमों का पालन करते हुए समय सीमा में फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 की प्रक्रिया को पूरा कराएं। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष व संचालन महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक दिनेश सिसोदिया, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, सुरेंद्र विश्नोई, मनोज गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, नवदीप टंडन विशाल त्यागी, हेमराज सैनी, चंद्र प्रजापति, सुनीता शर्मा, शशि किरण, रजनी कांत जाटव, मनमोहन सैनी, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, सोमपाल प्रजापति, विशाल, वीरपाल सिंह, संजय कुमार, अमित शर्मा, अनुज शर्मा, मयंक कश्यप, विजय वर्मा, पिंकू गुप्ता, अनूप महरोत्रा, आलोक सैनी, मदालसा शर्मा, पंकज शर्मा, रंजना अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता कल से

मुरादाबाद, अमृत विचार : खेल निदेशालय के निर्देशानुसार क्षेत्रीय खेल कार्यालय मुरादाबाद द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 नवंबर तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के कुल 18 मंडलों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, आजमगढ़, कानपुर, झांसी, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, अयोध्या, आगरा, बांदा (चित्रकूट धाम) तथा देवीपाटन (गोंडा) की टीमें शामिल हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, मैदान में व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शनिवार को क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा, क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के संयुक्त सचिव अजय पाठक ने प्रतियोगिता की तैयारियों का निरीक्षण किया। आयोजन समिति को खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शहर में आज

☞भारत विकास परिषद उत्तर मध्य क्षेत्र-1 द्वारा क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता, हिन्दी गीत, संस्कृत गीत एवं लोकगीत का उद्घाटन बुद्धि विहार स्थित ह्वाइट हाउस बैंक्वेट हाल में सुबह 10:30 बजे

☞नगर विधायक द्वारा ग्रीन फील्ड स्कूल महबुल्लागंज वार्ड 26 में जनता दर्शन कार्यक्रम दिन में 11:00 बजे

☞अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा चित्रगुप्त जयंती, रक्तदान शिविर एवं समारोह का आयोजन रामगंगा विहार स्थित मिडटाउन क्लब में दोपहर 12:00 बजे

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कविता व निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और हिन्दी साहित्य में नारी चेतना पर रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा शनिवार को कविता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कविता लेखन का विषय नारी सुरक्षा, नारी सम्मान तथा निबंध लेखन का विषय ,हिन्दी साहित्य में नारी चेतना या नारी विमर्श रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या ने की।

प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने साहित्य में नारी विमर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विमर्श पुरुष-प्रधान समाज में स्त्री अस्मिता की खोज, उसकी पहचान और उसके अनुभवों की अभिव्यक्ति है। इस धारा को उषा प्रियंवदा, कृष्णा सोबती और मन्नू भंडारी जैसी प्रसिद्ध लेखिकाओं ने समृद्ध किया। नारी विमर्श न केवल स्त्री के अस्तित्व और अधिकारों की बात करता है, बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों में स्त्री की रचनात्मकता और सशक्तिकरण पर भी बल देता है। कविता लेखन में नीतू, अलीना, निशा, पारुल, हुमैरा आदि छात्राओं ने नारी शक्ति और नारी सुरक्षा पर अपने भावपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। वहीं निबंध लेखन में छात्राओं ने नारी विमर्श को एक सशक्त साहित्यिक आंदोलन के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रो. सीमा अग्रवाल ने किया तथा आभार ज्ञापन प्रो. सुधा सिंह ने किया। रोशनी, अदिति, अंजली, नमरा, गजाला, शोभा, अलीना आदि छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

गोकुलदास कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। ● अमृत विचार

बेटियों के सर्वांगीण विकास में माताओं की अहम भूमिका

मूंढापांडे क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में आयोजित माता उन्मुखीकरण एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम में माताओं ने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण का संकल्प लिया। शनिवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिशन शक्ति प्रभारी पूजा राठी (थाना मूंढापांडे) ने कहा कि महिलाओं और बेटियों को सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन का अधिकार तभी सशक्त होगा, जब वे स्वयं जागरूक बनें। प्रधानाध्यापक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास माताओं की सजगता पर निर्भर करता है। माताओं को शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, साइबर सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, अग्नि सुरक्षा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व पुलिस सहायता सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान एसआई अनु चपराना, कांस्टेबल सोनिया, अंकित कुमार और शिक्षक जोगेंद्र सिंह ने भी विचार रखे।

कार्यकम को संबोधित करतीं महिला प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

ओवरलोड रेत भरा डंपर सीज, चालक गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस ने अवैध रूप से ओवरलोड बालू रेत भरकर ले जाने वाले डंपर को सीज कर चालक को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में भेज दिया है।

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के थाना काशीपुर के ग्राम बच्चा वाला निवासी अरविंद पुत्र कृष्णकांत शुक्रवार की शाम को डंपर में रेत भरकर जा रहा था। कांठ ठाकुरद्वारा मार्ग पर अवैध खनन कर गुजर रहे डंपरों ने लोगों का चलना दुश्वार कर दिया है। पुलिस ने डंपर चालक को रोका तो वह डंपर छोड़कर भाग गया। सड़क पर डंपर छोड़कर भागने से यातायात ठाकुरद्वारा कांठ रोड पर थोड़ी देर के लिए बंद हो गया। पुलिस ने चालक को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उसे एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। एसडीएम संत दास पवार ने बताया कि अवैध खनन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

शिवसेना के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : शिवसेना द्वारा आज 11 बजे रेलवे स्टेशन से एक रैली निकाली जाएगी। इसमें नवीन पदों पर नियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। शनिवार को प्रदेश सचिव रामप्रसाद प्रजापति ने बताया कि जिले में शिवसेना एकनाथ शिंदे की नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया जाएगा। इससे पहले सभी प्रमुख पदाधिकारियों से रेलवे स्टेशन से रैली निकाल कर जिला प्रमुख नन्हें चौधरी के आवास पर पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। रैली में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। इनमें मंडल प्रमुख व विधानसभा मुरादाबाद प्रभारी नितिन वर्मा, जिला प्रभारी मनोज कुमार, महानगर प्रमुख रजत श्रोत्रिय, राज्य प्रचारक कुशल सिंह, मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी सहित अन्य नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा।

जरगांव मुबारकपुर फीडर के गांव में बाधित रहेगी बिजली

बिलारी, अमृत विचार : 33 केवी विद्युत उपकेंद्र जरगांव व मुबारकपुर के गांव में घरेलू एवं निजी नलकूप की सप्लाई 9 नवंबर रविवार को सबेरे 11:05 बजे से शाम 5:05 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रहेगी। 33 केवीए लाइन की पेड़ों की छटाई का कार्य, उपकेंद्र जरगांव के स्विच गार्ड में पुराने टीपीएमओ को बदलकर नए टीपीएमओ लगाए जाएंगे। जिसके कारण जरगांव बिजली घर से जुड़े गांव जरगांव, जमालपुर, सुजानपुर,पहाड़पुर, नमैनी गद्दी, नारायणपुर देवा, इब्राहिमपुर, कुबरी, कनोबी, डोहरी, चिड़िया भवन, सादकपुर, कलीजपुर, कसोरा, बरौली, चंदौरा, श्याम सिंह उर्फ भूड़ी, धमावली, सैदपुर मल्लू आदि गांव की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इसके अलावा मुबारकपुर, रमपुरा, हयातपुर खोकड़ा, अजमतनगर ज्योडेरा आदि गांव में भी बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी जरगांव उपकेंद्र के अवर अभियंता जयवीर सिंह ने दी।

गोशालाओं में अलाव और पर्दे लगाने के निर्देश

बिलारी, अमृत विचार : ठंड शुरू होते ही प्रशासन ने गोशालाओं में गोवंश को बचाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया डीएम द्वारा जारी आदेश पर ग्राम पंचायत सचिवों को गोशालाओं को चारों तरफ से तिरपाल से ढकने और अलाव लगाने के निर्देश दिए हैं। ठंड से बचाव के लिए इंतजाम दुरुस्त किए जाएं।

सुप्रीम आदेश के बाद भी कुत्तों पर लगाम नहीं, लोगों को कर रहे जख्मी

स्कूल, अस्पताल सहित अन्य जगहों पर खुले में घूम रहे कुत्ते, लोगों में दहशत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अगले दिन भी महानगर में खुली सड़कों के अलावा अस्पताल, सरकारी कार्यालयों में भी स्ट्रीट डॉग्स घूमते रहे। इन पर नियंत्रण का उपाय नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के द्वारा न करने से महानगर में भी यह लोगों को काट कर जख्मी कर रहे हैं।

शनिवार को जिला अस्पताल परिसर इमरजेंसी भवन के बाहर खुले में कुत्ते घूमते रहे। यहीं नहीं अस्पताल के वार्डों में भी यह आराम से विचरण करते हैं। कई बार खाली बेड पर मरीज की जगह कुत्ते आराम फरमाते दिखते हैं। यह स्थिति तब है जब सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों को स्कूल, अस्पताल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आवारा व हिंसक कुत्तों की उपस्थिति न होने का आदेश दिया है। इसके अलावा महानगर के वार्डों की गलियों में भी बेखौफ होकर कुत्तों का झुंड रहता है। जिस पर रोक लगाने में नगर निगम प्रशासन भी उदासीन है। कई बार कुत्तों के सड़कों पर दौड़ने से वाहन चालक असंतुलित होकर गिर कर जख्मी होते हैं तो बाजारों में ग्राहकों के खाने पीने की सामग्री पर भी यह झपट्टा मारकर छीन लेते हैं। विरोध पर यह ग्राहकों को भी काटकर जख्मी कर देते हैं। रात में तो महानगर के कई गलियों में आना जाना भी इनके चलते सुरक्षित नहीं रह गया है।

जिला अस्पताल में घूमते कुत्ते। ● अमृत विचार

● एआरवी का इंजेक्शन लगवाने के लिए पीड़ित पहुंच रहे अस्पताल

सुप्रीम कोर्ट का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को आवारा कुत्तों को लेकर जारी आदेश में राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से कहा है कि सरकारी और निजी अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और रेलवे स्टेशन जैसी सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। नसबंदी और टीकाकरण कराकर उन्हें शेल्टर होम में रखा जाए। पिछले तीन महीनों में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों में कई बार हस्तक्षेप किया है।

प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग

स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए अभियान चलाया जाए। साथ ही, अस्पताल परिसर में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए ताकि इलाज के लिए आने वाले मरीज बिना डर के अपना उपचार करा सकें।

काटने पर तुरंत उठाएं ये कदम

- सबसे पहले घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से कम से कम 10 से 15 मिनट तक धोएं।
- किसी प्रकार का नीम-तेल, मरहम या मिट्टी लगाने से बचें। जितनी जल्दी हो सके, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं।
- अगर घाव से ज्यादा खून बह रहा हो या गहरा घाव हो तो टिटनेस इंजेक्शन भी जरूरी है।
- ज्यादा घायल होने पर व्यक्ति को कुछ दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखें और डॉक्टर द्वारा बताई गई सभी वैक्सीन की डोज पूरी करें।

जिला अस्पताल में बढ़ी कुत्ता काटने से पीड़ितों की संख्या

जिला अस्पताल में बच्चों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाते चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● रोजाना 80 से अधिक मरीज पहुंच रहे

अमृत विचार : जिला अस्पताल में कुत्ता काटने के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालात यह हैं कि रोज सुबह आठ बजे से ही एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए ओपीडी में कक्ष के बाहर पीड़ितों की लंबी लाइन लग जाती है।

ओपीडी इंचार्ज डॉ. मोनिका के अनुसार रोजाना औसतन 80 नए मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें अधिकतर शहर की बस्तियों से हैं। ओपीडी में कुत्ता काटने से पीड़ित 68 नए लोगों ने ओपीडी में इलाज कराया। अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता के अनुसार स्ट्रीट डॉग्स की संख्या बढ़ने और वैक्सीनेशन न होने से यह समस्या विकराल हो रही है। खास बात यह है कि सिर्फ बाहर ही नहीं, बल्कि इमरजेंसी वार्ड और ओपीडी परिसर में भी कई बार कुत्ते घूमते देखे जाते हैं। इससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों और परिजनों में भय बना रहता है। अस्पताल प्रशासन ने नगर निगम से परिसर में कुत्तों को हटाने की मांग की है।

उत्पीड़न से बचने का एकमात्र उपाय समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक बैठक शनिवार को सपा जिला कार्यालय पर हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि सांसद रुचि वीरा रहीं।

सांसद रुचि वीरा ने कहा कि पीडीए कार्यकर्ताओं की मौत को छिटपुट घटना बताने वालों के शासन में न्याय की उम्मीद करना व्यर्थ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर जनता को उत्पीड़न और अत्याचार से मुक्ति चाहिए तो अपनी सरकार बनाना ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वोट की रक्षा करनी है और एकजुट होकर मतदान करना है क्योंकि एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। पीडीए के संदेश को हर गांव, पुरवा, बस्ती और मोहल्ले तक पहुंचाना होगा। जब पीडीए की सरकार बनेगी तभी आमजन का सम्मान, संविधान और वोट का अधिकार बचेगा।

बैठक में पूर्व विधायक हाजी रिजवान, जिला महासचिव फुरकान अली, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, गौरव चौहान, विजय वीर यादव, प्रेम बाबू वाल्मीकि, सुधीर अवस्थी, डॉ. मोहम्मद नौशाद पाशा, बाबर खान, विकास चौधरी, राजेश्वरी यादव, गीता यादव, हाजी उस्मान, आदित्य चौधरी, तहजीब आलम, भूरा मलिक, राकेश दानव, तुषार रस्तोगी, हिमांशु सैनी, जयकुमार प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सांसद रुचि वीरा, जिला अध्यक्ष जयवीर यादव व अन्य नेता।

● समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक बैठक

ई ई और जिपं सदस्य के बीच विवाद में मुख्यमंत्री से शिकायत

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता कुलदीप संत और देवापुर के जिला पंचायत सदस्य जेपी सैनी के बीच विवाद तूल पकड़ रहा है।

जिला पंचायत सदस्य जेपी सैनी ने बताया कि निर्माण कार्य को लेकर की गई शिकायत पर मुख्य अभियंता निरीक्षण के लिए पहुंचे थे, इसी दौरान अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत भी उनके साथ मौजूद थे। मुख्य अभियंता को निर्माण में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता और मंदिर के सामने निर्माण करने की कि गई शिकायत के बारे में बताया तो पंचायत सदस्य और अधिशासी अभियंता के बीच नोकझोंक हुई। आरोप है कि अधिशासी अभियंता ने मुख्य अभियंता के सामने पंचायत सदस्य से अभद्रता की। जिला पंचायत सदस्य ने प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की है।

आत्मनिर्भर भारत का अर्थ देश को आवश्यकताओं के लिए स्वतंत्र बनाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भाजपा महानगर की ओर से शनिवार को कांशीराम नगर स्थित बैंक्वेट हॉल में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रोफेशनल सम्मेलन कराया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है भारत को अपनी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। जिससे वह अपनी आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर न रहे।

राज्यमंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों को मजबूत करना और आयात पर निर्भरता कम करना है। भाजपा महानगर संगठन प्रभारी मोहनलाल सैनी ने कहा कि आज देश चौतरफा विकास कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक नीति नहीं, बल्कि यह भारत की नई पहचान है एक ऐसा भारत जो अपनी जरूरतों के लिए किसी दूसरे देश पर निर्भर नहीं रहेगा। अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि केंद्र की सरकार ने अधिक से अधिक व्यापारियों को मजबूत करने का काम किया है। उद्योगों को मजबूत करने का काम किया है। जिससे रोजगार के नए-नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। संचालन कार्यक्रम संयोजक भाजपा महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक दिनेश शीर्षवाल, सहसंयोजक विशाल त्यागी, सुनीता शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, नत्थूराम कश्यप, किशन लाल सैनी, हुकुम सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

अभियान के तहत प्रोफेशनल सम्मेलन को संबोधित करते राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी।

● हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रोफेशनल सम्मेलन आयोजित

तमंचे से डराकर युवती का अपहरण, बंधक बना किया दुष्कर्म

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● कई दिनों तक साथ रखने के बाद गांव में छोड़ फरार हुए आरोपी

अमृत विचार : युवती का अपहरण और कई दिनों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवक युवती को तमंचे के बल पर अगवा कर ले गए और बस-ट्रेन के जरिए विभिन्न राज्यों में घुमाते रहे। शनिवार को उसे सुरजननगर क्षेत्र में छोड़ दिया। वह किसी तरह पुलिस चौकी पहुंची और प्रार्थना पत्र दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि एक युवक पिछले चार वर्षों से उसे बहलाकर शादी के लिए दबाव डाल रहा था। इंकार करने के बावजूद युवक ने अपने रिश्तेदार की मदद से उसे अगवा करने की योजना बनाई। 2 नवंबर को जब वह सहेली की शादी में शामिल होने के लिए घर से निकली तो दोनों आरोपी बाइक से आए और तमंचा दिखा अपहरण कर ले गए। उसका मोबाइल छीनकर सिम तोड़ दी। दोनों युवक उसे बस और ट्रेन के जरिये देहरादून, पंजाब तथा अन्य अज्ञात स्थानों पर ले गए, जहां उसे बंधक बनाकर कई दिनों तक शारीरिक शोषण किया गया। इस दौरान घरवालों ने युवती की गुमशुदगी को लेकर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे आरोपी युवती को सुरजननगर क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता किसी तरह पुलिस चौकी पहुंची। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने पर युवती ने घटना बताई। पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट एकेडमी ने जीता मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पारकर इंटर कॉलेज के मैदान पर शनिवार को खेले गए थर्ड बिशप पारकर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे मैच में नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ क्रिकेट एकेडमी को 57 रनों से पराजित किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।

नेक्स्ट जनरेशन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। शुरुआती झटकों के बावजूद टीम के बल्लेबाज आरीब कमाल ने क्रीज पर टिककर बेहतरीन पारी खेली और 84 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 40 ओवरों में 246 रनों तक पहुंचाया। टीम के अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया। यूथ क्रिकेट एकेडमी की ओर से अथर्व ने गेंदबाजी में दमखम दिखाते हुए तीन विकेट चटकाए, जबकि मुकुल कुमार ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्रिकेट एकेडमी की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखाई दी। हालांकि अंशु ने 45 और श्लोक ने 36 रनों की पारी खेलकर कुछ उम्मीदें जगाईं, लेकिन बाकी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं निभा सके। पूरी टीम 189 रनों पर सिमट गई। गेंदबाजी में नेक्स्ट जनरेशन की ओर से गुरु ने तीन विकेट लिए जबकि आरीब कमाल ने गेंद से भी योगदान देते हुए दो विकेट हासिल किए। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए आरीब कमाल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। यूथ क्रिकेट एकेडमी के अथर्व को फाइटर ऑफ द मैच का खिताब मिला। मैच के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के दौरान कोच हिमांशु शर्मा, बदरुद्दीन सिद्दकी, अभय कुमार, हरदेव, राहुल और अरुण आदि मौजूद रहे।

आरीब कमाल को मैन ऑफ द मैच के खिताब से सम्मानित करते आयोजक।

● आरीब कमाल के शानदार 84 रनों की पारी ने टीम को 246 रनों तक पहुंचाया

रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्री पकड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

● कम लोड फैक्टर का कारण बने बिना टिकट यात्रियों पर कसेंगे नकेल

अमृत विचार : रोडवेज प्रशासन ने बसों में बिना टिकट यात्रियों (डब्ल्यूटी) की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रोड पर संचालित सभी बसों का औचक निरीक्षण करने का निर्णय लिया है। लंबे मार्गों पर कम लोड फैक्टर (यात्रियों की संख्या में कमी) का एक प्रमुख कारण डब्ल्यू टी सवारियों को बताया गया है, जिससे राजस्व पर असर पड़ रहा है।

शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया रोडवेज बसों से पूर्व सापेक्ष आय कम होने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। जिसमें कई बसों में परिचालक बिना टिकट सवारी बैठाकर यात्राओं की गिनती और आय में गड़बड़ी करने जानकारी प्राप्त हो रही है। जिसके कारण विभाग को न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा था, बल्कि ईमानदारी से काम करने वाले परिचालकों की छवि भी धूमिल हो रही थी। परिवहन विभाग ने निरीक्षण दल (सचल दल) का गठन किया है। यह दल बिना पूर्व सूचना के मार्गों पर चल रही बसों की यात्रा टिकट, यात्रियों की संख्या और राजस्व अभिलेखों की जांच करेगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया निरीक्षण के दौरान यदि परिचालक डब्ल्यूटी सवारी के साथ पकड़ा गया, तो कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान राजस्व हानि रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। औचक निरीक्षण अभियान सभी डिपो और रूटों पर किया जाएगा। नियमित परिचालक की सेवा समाप्त की जाएगी और संविदा परिचालक की संविदा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।

अमृत विचार

मुरादाबाद , रविवार,9 नवंबर 2025

मुरादाबाद

न्यूज ब्रीफ

श्मशान की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप ग्रामीणों का हंगामा

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में शनिवार की सुबह उसे समय तनातनी हो गई जब ग्राम वासी एक महिला का शव लेकर अंतिम संस्कार करने गांव स्थित श्मशान भूमि पहुंचे। ग्राम वासियों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने श्मशान की जमीन पर कब्जा करते हुए फसल बो दी। ग्रामीणों ने हंगामा कर नियम स्थान पर अंतिम संस्कार किया तब जाकर मामला शांत हुआ। ग्राम कुतुबपुर अज्जू में शनिवार की सुबह रामवती पत्नी मक्खन सिंह का बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया था जिनके अंतिम संस्कार को गांव के लोग गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे तो वहां पाया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने पट्टे के नाम पर श्शान घाट की जमीन को जोत लिया है। यह देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इस दौरान हंगामा के बीच विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग की है। इस दौरान इंद्रजीत सिंह, सतीश सिंह, अरविंद ठाकुर, चमन सिंह, अंकित सिंह, रानू सिंह, राजेश सिंह, दिनेश सिंह, कृष्ण पाल सिंह, राजू सिंह आदि रहे। महिला के अंतिम संस्कार के बाद मामला शांत हुआ।

धार्मिक स्थलों से हटवाये लाउडस्पीकर

कांठ, अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में डीएम और एसएसपी ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने पुलिस बल के साथ ग्राम गढी सलेमपुर में पहुंचकर हिंदू, मुसलमान दोनों पक्षों के लोगों और धर्म गुरुओं को समझाया। जिन मस्जिद और मंदिरों पर एक से अधिक लाउडस्पीकर लगे थे, उन्हें सहमति के आधार पर हटवा दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने धर्म गुरुओं से आग्रह किया कि वह स्वयं ही लाउडस्पीकर उतरवा दें।

आज होगी राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता

कांठ, अमृत विचार : भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 9 नवंबर को होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश जैन कुलाधिपति-तीर्थंकर महावीर विवि, मुख्य वक्ता विनीत गर्ग राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री भारत विकास परिषद्, विशिष्ट अतिथि वाई .पी. गुप्ता डायरेक्टर मिट ., कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ . तरुण शर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष एनसीआर-1, करेंगे। जानकारी शनिवार को प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई ने दी।

महिलाओं से लूट का आरोपी पकड़ से बाहर

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ज्वेलरी खरीद कर लौट रही दो महिलाओं से दिनदहाड़े लूट का आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी रश्मि शर्मा पत्नी विकास शर्मा जेठानी सोनी शर्मा के साथ सोमवार दोपहर शरीफनगर बाजार से चांदी की पाजेब और अन्य सामान खरीदकर ई-रिक्शा से मदारपुर लौट रही थीं। शरीफनगर–ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित नर्सरी मोड़ पर बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर उनसे बैग लूट लिया था। सूचना पर सीओ आशीष प्रताप सिंह, कोतवाल मनोज कुमार, एसएसआई बिजेंद्र सिंह और कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने ई-रिक्शा चालक राजकुमार निवासी भायपुर और पीड़िताओं से लुटेरे का हुलिया जाना। ज्वेलरी की दुकान से लेकर घटना स्थल तक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली थी लेकिन अभी तक लुटेरा पुलिस की पकड़ से बाहर है। सीओ आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दोहरे मतदाताओं की पहचान करें कार्यकर्ता

भाजपा की ओर से ठाकुरद्वारा के गांव फसियापुरा में एसआईआर पर कार्यशाला आयोजित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की कम संख्या पर मंडल अध्यक्षों से नाराजगी जताई

अमृत विचार : भाजपा की ओर से विधानसभा स्तर पर मतदाता गहन परीक्षण अभियान के तहत गांव फसियापुरा में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं बीएलए-2 को मतदाता पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का आरंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई।

मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं एमएलसी गोपाल अंजान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची का परीक्षण करें। कहा कि 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर सरकारी बीएलओ एवं बीएलए-2 मिलकर फर्जी एवं दोहरे मतदाताओं

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते एमएलसी गोपाल अंजान।

की पहचान करें। जिन मतदाताओं का नाम दो स्थानों पर दर्ज है, उन्हें स्वयं एक स्थान से मत हटवाने के लिए प्रेरित करें। अन्यथा निर्वाचन आयोग द्वारा इसे स्वतः हटाया जाएगा।

भाजपा जिला प्रभारी राजेश यादव ने कार्यकर्ताओं की कम संख्या पर मंडल अध्यक्षों से नाराजगी जताई। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने बूथ पर मतदाता सूची का सूक्ष्म परीक्षण कर फर्जी वोट हटवाए और पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाए।

कार्यक्रम संयोजिका कशिश चौहान, क्षेत्र मंत्री अनूप बाल्मीकि, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, मीडिया प्रभारी कमलेश

कार्यशाला में मौजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

विपक्षी कर रहे भ्रामक प्रचार

जिला अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल इस अभियान को भाजपा का कार्यक्रम बताकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, जबकि यह निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान है। जो 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के कुल 408 बूथों पर यह कार्य किया जाएगा।

कुमार, डॉक्टर आफताब हाशमी, धर्मेंद्र कुमार पाल, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, हरपाल सिंह सैनी, हरिओम सिंह चौहान, पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान, भजनलाल पाल, पवन पुष्पद, ओम कुमार उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने मतदाता पुनरीक्षण सम्मेलन में दीं कई जानकारियां

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर के लक्ष्मण शिशु मंदिर में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं को मतदाता निरीक्षण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

सम्मेलन में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार करने की प्रक्रिया को सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सत्यापित कराना है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधान परिषद जयपाल सिंह व्यस्त, जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, सुरेश सैनी ,परमेश्वर लाल सैनी , ऋषिपाल सिंह, राजन विश्नोई ,चंद्रपाल सैनी, हरिओम सैनी, विजय सिंह, महमूदपुर माफी पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी एडवोकेट, डॉ राजीव सैनी, डॉ विश्वास शर्मा, मनोज ठाकुर, मनोज प्रजापति ,नवनीत यादव ,प्रशांत चौधरी, हेमंत शर्मा, पारस शर्मा ,रवि पासी, दयाराम मौर्य, निशा त्यागी समेत बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

मतदाता गहन पुनरीक्षण सम्मेलन में मंच पर मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आयुष चिकित्सालय बनवाना प्राथमिकता

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: नगर के शादी हॉल में नागरिक परिषद की ओर से आम नागरिकों की एक सभा आयोजित की गई। इस मौके पर आयुष अस्पताल को लेकर चर्चा की गई। डॉ. राकेश रफीक ने कहा कि आयुष चिकित्सालय बनवाने के लिए उपलब्ध भूमि पर मुकदमा राजस्व परिषद लखनऊ में लड़ा जा रहा है। जिसका फैसला 11 नवंबर को होना है। फैसले में नगरपालिका मुकदमा हारती है तो अनिश्चितकालीन धरना किया जाएगा।

कहा कि गांधी पार्क में दुकानें बनाने का मसला शासन में विचाराधीन है। प्रेम कुमार ने कहा कि गांधी पार्क में दुकानें बनाना उचित नही है। हाईवे होने के चलते यहां पहले ही जाम लगा रहता है। महात्मा देश के राष्ट्रपिता है, उनका अपमान सहन नही किया जाए। गांधी पार्क को समाप्त नही होने दिया जाएगा। शकील शाबरी

नागरिक एकता परिषद की बैठक में बोलते सभासद राकेश यादव। ● अमृत विचार

- नागरिक परिषद की ओर से आम नागरिकों की सभा आयोजित

मशहूर कब्बाल ने कहा कि बिलारी में आयुष चिकित्सालय बनाना जरूरी है। राकेश यादव सभासद ने कहा कि हमारे वार्ड में 24 बीघा जमीन थी, मौके पर डेढ़ बीघे जमीन बची है। प्रशासन से अपील की कि है कि 24 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराकर इस भूमि में गरीब रेहड़ी , पटरी, ठेले वालो के लिए बाजार बनाया जाए। पूर्व सभासद कासिम अंसारी ने कहा कि आयुष चिकित्सालय बनाने की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ी जाएगी। सभा की अध्यक्षता किसान नेता चौधरी भयराज सिंह, संचालन डॉ. जितेंद्र दक्ष ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अनीस पाशा, प्रधान माजिद हुसैन, आसिफ कमल एडवोकेट, हकीम नसीमुद्दीन, किसान नेता हुकमसिंह, डा. राशिद, राहत जान, हसीब भाई, कफील इदरीसी , रघुनाथ सक्सेना, मास्टर उदयपाल सिंह ,शमशाद, रवि रस्तोगी, अंसारी अल्ताफ हुसैन, डा. तालिब, संजीव कुमार इफ्तेखार, वसीम अहमद दानिश, इमरान, बाबू अंसारी, अलीजान, भूरा, शफीक अहमद, इरशाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

खनन अधिकारी ने मिट्टी खोदती जेसीबी सीज की

कांठ, अमृत विचार: ऊमरी कलां में गुलजार ईंट उद्योग पर प्रदूषण विभाग के बिना एनओसी के ईटों की पथाई का कार्य चल रहा था और जेसीबी मशीन से मिट्टी खोदी जा रही थी।

शिकायत पर जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह टीम के साथ पहुंचे तो वहां भट्टे पर काम कर रहे नाबालिक मजदूर, महिलाएं और अन्य लोग जेसीबी मशीन के आगे खड़े हो गए और हंगामा करते हुए सरकारी कार्य में व्यवधान किया। जिस पर खनन अधिकारी ने थाना कांठ पुलिस को बुला लिया और जेसीबी मशीन को सीज कर थाना कांठ पर खड़ा कर दिया है। जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि एनओसी नहीं थी और नाबालिग भी मजदूरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लेबर इंस्पेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण विभाग को पत्र भेजकर आगे की कार्रवाई कराए जाने की सिफारिश की जाएगी।

ग्रामीणों को दिलाई यातायात नियमों का पालन करने की शपथ

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस द्वारा यातायात माह के अंतर्गत जनजागरुकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने ग्राम गढ़ी और सलेमपुर में पहुंचकर ग्रामीणों को यातायात के नियमों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने किया। उनके साथ थाना कांठ के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। टीम ने ग्रामीणों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने का एकमात्र उपाय नियमों का पालन करना है। उन्होंने

ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस। ● अमृत विचार

- कांठ पुलिस की ओर से यातायात माह के अंतर्गत जनजागरुकता अभियान

बच्चों और युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि पूरे यातायात माह के दौरान पुलिस द्वारा विभिन्न गांवों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा ताकि लोग यातायात नियमों का पालन करें और दुर्घटनाओं से बच सकें। अंत में पुलिस ने ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई और सभी से सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की।

तकनीक में युग बदलने की शक्ति लेकिन मानवीय मूल्य अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का समापन

अमृत विचार: तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन और कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से एजुकेशन 5.0: ए न्यू पैराडाइम इन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. बी.आर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी लखनऊ के वीसी व टीएमयू के फाउंडर वीसी प्रो. आर.के. मित्तल ने कहा कि टेक्नोलॉजी में वह पॉवर है, जो युग को बदल सकती है। बशर्ते उसका उपयोग ज्ञान-नवाचार-सृजन और औचित्यपूर्ण समझ से युक्त हो, जो विकास की परिचायक हो, विनाश की नहीं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और टेक्नोलॉजी का संगम ही है, जो हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। टेक्नोलॉजी ने शिक्षा को अधिक सुलभ, सरल और प्रभावी बनाया है। टेक्नोलॉजी ने हमें शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद की है। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा कि नेतृत्व कौशल ही जीवन की सर्वोच्च उपलब्धियों का वास्तविक वाहक है। यदि हम अपने इतिहास और परंपरा के पन्नों को पलटें, तो पाते हैं कि प्रत्येक युग में शिक्षा ने मानव सभ्यता को नई दिशा प्रदान की है। पूर्व में मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया गया। संचालन डॉ. पवन बिष्ट और डॉ. पूनम चौहान ने किया। इस मौके पर सोवन सिंह जीना यूनिवर्सिटी अल्मोड़ा के प्रो. शेखर चंद्र जोशी, बीएचयू के फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष ले. डॉ. विक्रम सिंह, डीयू के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्रो. रजनी राजन सिंह, दिल्ली सरकार में सीनियर शिक्षाविद् डॉ. ओम प्रकाश, जाने माने समाजशास्त्री डॉ. विशेष गुप्ता, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. विनोद जैन आदि मौजूद रहे।

सड़क निर्माण कार्य में डाली बाधा, फावड़े से हमले का किया प्रयास

छजलैट, अमृत विचार: ग्राम पंचायत मुंडाला के ग्राम ढकैडा में महात्मा गौतम बुद्ध मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट/ बौद्ध मंदिर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगी है। ग्राम प्रधान द्वारा नहर से बौद्ध मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। गांव के दो दबंगों ने मार्ग पर अधिकार बताते हुए बौद्ध भिक्षु एवं ट्रस्ट के संचालक महावीर से गाली गलौज की।

विरोध करने पर एक दबंग बौद्ध भिक्षु और महावीर सिंह पर हावड़े से प्रहार करने के लिए पीछे दौड़ा। किसी ने वीडियो बना ली। बौद्ध भिक्षु एवं ट्रस्ट के संचालक ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और पुलिस को एक से 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस ने मामले की जानकारी ली। ट्रस्ट के संचालक महावीर सिंह पुत्र डल्लू सिंह, योगेंद्र पुत्र महावीर सिंह, जय भीम पुत्र बदलू,भंते घोष(बौद्ध भिक्षु) निवासी जिला बांद्रा ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर इस संबंध में दबंगों द्वारा सरकारी काम में बाधा डालने एवं निर्माण कार्य को रोकने आरोप लगाते हुए बताया है कि बौद्ध मंदिर तक कोई दूसरा आम रास्ता नहीं है।

त्रिवेणी शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : त्रिवेणी समूह की चीनी मिल रानीनांगल में पेराई सत्र 2025-26 का आरंभ एसडीएम प्रीति सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ डोंगे में गन्ना डालकर किया गया।

चीनी मिल के उपाध्यक्ष श्री वी. वेंकटरथनम ने एसडीएम का स्वागत किया। उन्होंने कृषकों से सहयोग करने की अपील की। साथ ही साफ-सुथरा, स्वस्थ, जड़-पत्ती एवं अगोला रहित ताजा गन्ना आपूर्ति करने को कहा। कृषकों से आग्रह किया कि शरदकालीन गन्ना बुवाई के दौरान उन्नतशील गन्ना प्रजातियां को-0118, 98014, 15023 एवं को-लख0-94184 की अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करें और मिल द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाएं। जिससे क्षेत्र

त्रिवेणी चीनी मिल का पेराई सत्र प्रारंभ करतीं एसडीएम प्रीति सिंह। ● अमृत विचार

की खुशहाली एवं मिल की पेराई क्षमता दोनों को बल मिले।

महाप्रबंधक (गन्ना) टीएस यादव, महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) एम. के. महेश्वरी, महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री मनीष श्रीवास्तव, अपर महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) श्री सुखविंदर सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) अखिलेश्वर उपाध्याय, उप महाप्रबंधक गन्ना, प्रभात सिंह, श्री सुनील कुमार मलिक, भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, चीनी मिल के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक गजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कॉठ, अनिल सिंह, ओमकार सिंह एवं चौधरी शिवराज सिंह विश्नोई सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

आर्य समाज के वार्षिकोत्सव में बताईं वेदों की महिमा

कांठ, अमृत विचार : आर्य समाज के वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन भजन उपदेश गीता शास्त्री ने आर्य समाज में भजन सुनाए उत्तराखंड रुद्रपुर से आए प्रभात ने वेदों के बारे में विस्तार से बताया और प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर आर्य को यज्ञ करना चाहिए।

उन्होंने यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ तन और मन की शुद्धि के साथ वातावरण को भी शुद्धि करता है। डॉ. निर्मल चंद गुप्ता यजमान रहे। कार्यक्रम में प्रधान सुरेश चंद आर्य, विक्रम सिंह, सुशील मणि गुप्ता, डॉक्टर निर्मल चंद्र गुप्ता, राजेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, मुन्ना सिंह, अशोक कुमार बिश्नोई, रामचरण सिंह, तेजवीर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

एसआईआर का उद्देश्य फर्जी और डुप्लीकेट वोटरों को हटाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में शनिवार को कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण को प्रभावी बनाने, नए मतदाताओं को जोड़ने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त करने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य फर्जी और डुप्लीकेट वोटरों को हटाना है। कार्यशाला में भाजपा के जिला प्रभारी राजेश यादव, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजापति, राजन विश्नोई, अभियान संयोजक राजपाल, जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह सैनी, रंजीत सिंह, अजयवीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, बबलू जाटव, संजय कश्यप, गुड्डू लोधी, विक्की ठाकुर, नूरी मौलाना, रोहित सिंह, जय सिंह, खेमपाल सिंह, रवि सक्सेना सहित विधानसभा के बूथ स्तर तक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

नहीं दिख रहा संचारी रोग रोकथाम अभियान का असर रोज सामने आ रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आठ मरीज और मिलने के बाद जिले में अब तक डेंगू के 31 और मलेरिया के 64 मरीजों की पुष्टि

अमृत विचार : जिले में अक्टूबर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाया गया विशेष जागरुकता अभियान निष्प्रभावी साबित हो रहा है। अभियान खत्म होने के बाद भी डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिले में डेंगू के 31 और मलेरिया के 64 मरीज सामने आ चुके हैं। जो चिंता का विषय है।

स्वास्थ्य विभाग ने 5 से 31 अक्टूबर तक जिले भर में संचारी रोगों के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए घर-घर अभियान चलाया था। इस दौरान विभागीय टीमें लोगों को पानी के स्रोतों में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उपाय बताती रहीं और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। अभियान का उद्देश्य था कि मौसम परिवर्तन के इस समय में मच्छरजनित रोगों पर नियंत्रण रखा जा सके। अभियान समाप्त होने के सप्ताह भर बाद भी रोगों की रोकथाम में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। आंकड़ों के अनुसार डेंगू और मलेरिया दोनों ही रोगों की चपेट में आ रहे मरीजों की संख्या रोजाना बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य तंत्र की चिंता बढ़ गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि संचारी रोग जागरुकता अभियान भले ही समाप्त हो गया है, लेकिन मलेरिया विभाग नियमित गतिविधियां जारी रखे हुए है। विभाग की टीमें उन इलाकों में दवा छिड़काव कर रही हैं, जहां डेंगू और मलेरिया के मरीज मिले हैं। साथ ही कैंप लगाकर लोगों के रक्त की जांच और बीमारी की रोकथाम के लिए जरूरी दवाएं वितरित की जा रही हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

मो.7906815587

सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ARMAN ALI से बदलकर MOHD ARMAAN ALI रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। MOHD ARMAAN ALI S/O FARHAT ALI R/O SAMBHALI GATE मुरादाबाद।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच करें

संवाददाता, कांठ

- थाना समाधान दिवस में आईं चार शिकायतें, एक मौके पर निस्तारित

अमृत विचार: कांठ थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें चार फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गई।

पुलिस क्षेत्र अधिकारी कांठ अभिनव द्विवेदी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मौके पर जाकर जांच कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें। नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

15 शिकायतों में से चार का निस्तारण

बिलारी, अमृत विचार : शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। दिवस में ज्यादातर शिकायतें राजस्व और पारिवारिक मामलों की रही। दिवस में कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि थाना समाधान दिवस में 15 शिकायतें मिली थी जिनमें राजस्व पारिवारिक आदि शिकायत थी मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए टीमों को गठित कर मौके पर भेजा गया है ,सभी संबंधित अधिकारियों से शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिकायत लेकर पहुंचे 3 फरियादी, निस्तारित नहीं

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : थाना दिवस कोतवाली परिसर में डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें तीन फरियादी पहुंचे। किसी शिकायत का निस्तारण नही हो पाया। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह सहि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

30 तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करें पेंशनर

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर परिषद की कार्यकारिणी की मिस्टन गंज स्थित ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में बैठक हुई। बैठक में महामंत्री हरीश चंद्र सक्सेना ने कहा कि पेंशनर 30 नवंबर तक जिला कोषागार में अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर दें। बैठक में धर्मवीर सक्सेना, इकबाल मेहंदी, नरेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार, सोहन लाल, हरिओम सरन अग्रवाल, वचन सिंह रावत, राम भरोसे लाल, अमर सिंह, ओम प्रकाश यादव, विनोद कुमार और सतीश चंद्र सक्सेना मौजूद रहे। अध्यक्षता रोशन लाल ने जबकि, संचालन हरीश चंद्र सक्सेना ने किया।

यौमे उर्दू पर सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में शामे गजल आज

रामपुर, अमृत विचार : शहर की पुरानी तहसील स्थित सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में यौमे उर्दू के अवसर पर शनिवार को उर्दू अदब में रामपुर की हिस्सेदारी विषय पर शाम 5:30 बजे संगोष्ठी होगी। संयोजक जीशान मोहम्मद खां मुराद ने बताया कि संगोष्ठी में अतीक जिलानी सालिक, प्रो. जहीर रहमती, डॉ. रबाब अंजुम में विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद शामे गजल में जमील अहमद कलाम पेश करेंगे। अहमद खां जियाई का अखाड़ा बज्मे कमर चहारबैत सुनाएगा।

आज ज्वाला नगर की बिजली गुल रहेगी

रामपुर, अमृत विचार : अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम पीके शर्मा ने बताया 10 बजे से 14 तक 33 केवीए 11 केवी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर प्रथम एवं द्वितीय से पोषित 11 केवी के अजीतपुर 1, 2 व ज्वाला नगर 1, 2 और रायपुर 2 फीडर पर लाइनों के मरम्मत का कार्य होना प्रस्तावित है। जिससे उपकेंद्र अजीतपुर प्रथम एवं द्वितीय बिजलीघर से पोषित क्षेत्र जैसे विष्णु विहार, साईं विहार,ज्वालानगर, रफत कॉलोनी मायादेवी धर्मशाला, बजरंग बिहार, राम विहार, लक्ष्मीनगर, विकास नगर,आगापुर, मंसूरपुर, राजा टेक्सटाइल, कृष्णा विहार, लेबर कॉलोनी, रफत कॉलोनी अजीतपुर, सैनी बस्ती, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, पसियापुर, टिकट गंज, शाहाबाद रोड, रायपुर ग्राम आदि की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

सिकरौल में लगवाए 10 बच्चों को जेई के टीके

रामपुर, अमृत विचार : चमरौआ ब्लॉक के ग्राम सिकरौल में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को जापानी एन्सेफलाइटिस बुखार के बारे में जागरूक किया। डॉ. नवीन प्रसाद ने बताया कि दो वर्ष तक के 10 बच्चों को जेई के टीके भी लगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 40 लोगों की जेई की जांच के लिए रक्त के नमूने लिए थे जिन्हें जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था। एक सप्ताह बाद नमूनों की रिपोर्ट आएगी। ग्रामीणों को जागरूक करने वाली टीम में डॉ. नवीन प्रसाद, यशोदा, कविता और सुषमा शामिल रहे।

यौमे उर्दू पर आज होगी महफिल

रामपुर, अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के तत्वावधान में प्रसिद्ध शायर अल्लामा इकबाल की यौमे पैदाइश यौमे उर्दू पर महफिल होगी। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे चाह खजान खां पहाड़ी गेट पर बाबर खां मार्केट में होगी।

मदारपुर मणि तट पर हुआ गंगा उत्सव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला गंगा समिति के तत्वावधान में बनारस की तर्ज पर मदारपुर मणि तट पर गंगा आरती का आयोजन किया। रामगंगा नदी के किनारे श्रद्धालुओं द्वारा 2100 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। जिससे पूरा घाट दिव्य आभा से आलोकित हो उठा।

कार्यक्रम में विधि-विधान से वाराणसी गंगा आरती के तर्ज पर मदारपुर घाट पर भी गंगा आरती की गई। आरती के दौरान आकर्षक आतिशबाजी ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। जहां सभी ने मां गंगा की स्वच्छता व संरक्षण का संकल्प लिया। दीपों की रोशनी, मंत्रों की गूंज और संस्कृति की झंकार के साथ मदारपुर मणि का पावन तट आस्था और भक्ति से आलोकित हुआ। आरती और दीपदान के माध्यम से स्वच्छता,

पुरस्कार के साथ मौजूद प्रतियोगी एवं लोग। ● अमृत विचार

● महागंगा आरती और दीपोत्सव भी कराया

नदी संरक्षण और जनभागीदारी का सशक्त संदेश दिया। घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के बाद जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार द्वारा बच्चों को शील्ड, मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्ट ऑफ लिविंग से शुभम मिश्रा एवं वॉल्यूटर्स का सहयोग रहा। संचालन प्रिंस चौहान परिवर्तन चेंज के द्वारा किया। अंत में जिला परियोजना अधिकारी सभी को गंगा शपथ दिलवाई। इस मौके पर वन विभाग से एसडीओ ओमप्रकाश राम, ग्राम प्रधान पूरन सिंह, अखिल भारतीय सर्वेश समाज प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, प्रतीक शर्मा व नेपाल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया

रामपुर, अमृत विचार : मोहल्ला चौकी हजियानी स्थित श्री शिव शक्ति भक्त मंडल द्वारा आयोजित शनि देव मंदिर स्थापना दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम मंदिर के प्रांगण में मंदिर संस्थापक जगदीश कुमार बरनवाल ने पंडित विष्णु शर्मा व सदस्यों ने सुबह 6 बजे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। विश्व कल्याण की भावना के साथ सभी उपस्थित लोगों ने आहुतियां दीं। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर शनिदेव का गुणगान किया। दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया। मंदिर संस्थापक जगदीश बरनवाल ने बताया कि श्री शिव शनि देव मंदिर चौकी हजियानी पर शनिदेव मंदिर स्थापना से प्रत्येक वर्ष हवन और भंडारा कराया जाता है। कार्यक्रम में रवि अग्रवाल, दिनेश कुमार, रमेश चंद्र तुरैहा, राजा, गौरव गुप्ता, गौरव, सौरभ, कमल कुमार तुरैहा, शिब्बू, राघव, मोहित, मूलचंद्र, कृष्णा, अमन, यश, अरविंद आदि रहे।

होमगार्ड भर्ती : मानदेय अच्छा होने के चलते युवा कर रहे थे इंतजार

अधिसूचना जारी होने पर जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को होमगार्ड भर्ती के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद युवाओं में खुशी छा गई है। युवाओं का कहना है कि लंबे समय के बाद होमगार्ड भर्ती निकली है। पुलिस में सिपाही की भर्ती के बाद अब शासन की ओर से 45 हजार के करीब होमगार्ड भर्ती की अधिसूचना जारी की है। युवाओं को भर्ती का काफी समय से इंतजार था।

कई युवा होमगार्ड भर्ती की तैयारी में जुट गए हैं। इस बात की जानकारी मिलने के बाद युवक और युवतियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। युवाओं को अब फार्म आने का इंतजार है। उसके बाद परीक्षा की तिथि घोषित की जाएगी।

पहली बार होगी लिखित परीक्षा

होमगार्ड के लिए पहले लिखित परीक्षा होगी। पहले होमगार्ड की भर्ती दौड़ के आधार पर हुआ करती थी। पहली बार लिखित परीक्षा होगी। काफी युवा पहले से तैयारी कर रहे थे, लेकिन अब होमगार्ड की अधिसूचना जारी होने के बाद युवक और युवती सक्रिय हो गए हैं। पहले 40 वर्ष तक होमगार्ड में भर्ती हुआ करती थी, लेकिन अब 18 से 30 तक उम्र का अधिसूचना जारी हुई है। जिससे कुछ युवाओं में खुशी तो कुछ को निराशा हाथ लगी है।

होमगार्ड की अधिसूचना जारी हो गई है। अब फार्म आने का इंतजार किया जा रहा है। फॉर्म भरने के बाद जी जान लगाकर तैयारी होगी। – अजय दिवाकर

कई सालों से पुलिस की तैयारी की जा रही है।अब होमगार्ड की भर्ती की जानकारी मिली है। तैयारी शुरू कर दी है। ताकि परीक्षा को पास किया जा सके। – विजय पाल कश्यप

काफी समय से तैयारियां कर रहे युवाओं ने राहत की सांस ली है कि जब तक कोई अन्य सरकारी नौकरी आती है। तब तक होमगार्ड का फार्म ही भरकर उसमें तैयारी की जाएगी।

बच्चे आगे बढ़ें, रामपुर का नाम रोशन करें

महात्मा गांधी स्टेडियम में स्काउट-गाइड रैली संपन्न, पुरस्कार देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर शनिवार को भारत स्काउट-गाइड रैली के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बच्चों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बच्चे मेहनत के साथ आगे बढ़ें और रामपुर और देश का नाम रोशन करें।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने स्काउट में प्रथम रहे जैन इंटर कॉलेज और गाइड की प्रथम रही राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की टीमों को ट्रॉफी सौंपी। कार्यक्रम के उद्घाटन पर कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की छात्राओं ने बैंड की धुन पर अतिथियों का स्वागत किया। भारत स्काउट-गाइड की जनपदीय रैली के तीसरे दिन सुबह 9 बजे प्रार्थना ध्वजारोहण और झंडा गान से कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके बाद सभी

गाइड की टीम को ट्रॉफी देते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

प्रतिभागियों ने सुंदर और आकर्षक टेंट का निर्माण किया। मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकरी अजय कुमार द्विवेदी जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, सचिव ओम प्रकाश सैनी, सैयद सलीम मियां ने स्काउट गाइड द्वारा बनाए गए टेंटों का अवलोकन किया। इसके बाद प्रतिभागियों को पुरस्कार मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्काउट वर्ग में 14 विद्यालय से लगभग 200 स्काउट, गाइड वर्ग में 14 विद्यालय के लगभग 210 कुल 28 टीमों से 410 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ. अंकिता, शिव ओम शर्मा, रिता जैसवार, अनिल कुमार शर्मा, उवैस शमसी, रीना दुबे, गुरप्रीत सिंह, कुशल राणा, योगेंद्र पाल सिंह, भुजवीर सिंह, निदा खुशनूद, गीता सैनी, लक्ष्मी

स्काउट-गाइड रैली में इन्हें मिला यह स्थान

नगर माध्यमिक सीनियर स्काउट में जैन इंटर कॉलेज प्रथम, सुंदर लाल इंटर कॉलेज द्वितीय, नगर माध्यमिक जूनियर स्काउट में राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज प्रथम, सन वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय, तहसील माध्यमिक सीनियर स्काउट वर्ग में आदर्श कृषक इंटर कॉलेज किरा प्रथम, चौधरी जमना दास इंटर कॉलेज माट खेड़ा बिलासपुर द्वितीय, राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई तृतीय, ब्लॉक बेसिक स्काउट वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कलां प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा द्वितीय, तहसील माध्यमिक जूनियर स्काउट में दर्शन एकेडमी प्रथम, नगर माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग में राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज प्रथम, विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय, नेहरू नगर पालिका इंटर कॉलेज तृतीय, नगर माध्यमिक जूनियर गाइड वर्ग में रामप्रसाद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय, कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं तृतीय, तहसील माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया प्रथम,आदर्श कृषक इंटर कॉलेज रामपुर द्वितीय, डीएवी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर तृतीय, ब्लॉक बेसिक गाइड वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय इमरता प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कलां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

यादव, अरविन्द भास्कर, अरविन्द गौतम, कमल आर्य, जीतू कुमार, प्रेमपाल, जमाल फात्मा, रूपा अग्रवाल, जयश्री, जमील अहमद, निखत परवीन, मनोज कुमार, वंदना शर्मा, विनीता आर्या, भारती पांडेय, तरुण वाष्णेय, शिव शंकर, शालू कौशल, फहीम अली, प्रगति गोयल, राकेश भट्ट, परवेज, डॉ.अनूप सिंह, तुषार शर्मा मौजूद रहे। संचालन ओम प्रकाश और नरवंत कौर ने किया।

सेंट स्टीफन कॉलेज दिल्ली के छात्रों ने देखी रजा लाइब्रेरी

रजा लाइब्रेरी का अवलोकन करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दिल्ली विवि के सेंट स्टीफन कॉलेज के बहु-विषयक सोसायटी के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों के शैक्षणिक दल ने रजा लाइब्रेरी एवं संग्रहालय का भ्रमण किया गया। निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने रजा लाइब्रेरी के इतिहास, संग्रह एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

शनिवार को रंगमहल में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक ने बताया कि रामपुर रियासत की स्थापना 1774 को नवाब फैजुल्लाह खान ने की थी। वे केवल कुशल शासक ही नहीं, बल्कि ज्ञान और साहित्य के संरक्षक भी थे। उन्होंने पुस्तकों और पांडुलिपियों का बहुमूल्य संग्रह बनाया। वर्ष 1905 में भव्य हामिद मंजिल का निर्माण कराया गया, जिसे आज हम रामपुर रजा लाइब्रेरी के भवन के रूप में जानते हैं। इसका निर्माण फ्रांसीसी वास्तुकार डब्ल्यू, सी राइट द्वारा किया गया था। यह भवन अपनी अद्भुत वास्तुकला के कारण किताबों का ताजमहल कहलाता है। पुस्तकालय की ओर से सनम अली खान, मिस आस्था झा एवं इस्बाह खां द्वारा छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों को पुस्तकालय की दुर्लभ कलाकृतियों एवं पुस्तकों का संरक्षण, कैटलॉगिंग, वर्गीकरण इत्यादि एवं दरबार हॉल में प्रदर्शित कलाकृतियों के विषय में जानकारी दी।

विभीषण ने कथा श्रवण से प्रभु को प्राप्त किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : श्रीराम कथा प्रसार समिति द्वारा एकता विहार में आयोजित श्री रामकथा में सातवें दिन कथा व्यास राजेंद्र तिवारी ने प्रवचन सुनाए। उन्होंने कहा कि विभीषण ने केवल साधना के माध्यम से ही नहीं, बल्कि कथा श्रवण के माध्यम से भी प्रभु की प्राप्ति की। विभीषण स्वयं कहते हैं, श्रवन सुजसु सुनि आयउं प्रभु भंजन भव भीर, त्राहि त्राहि आरति हरन सरन सुखद रघुबीर।

कथा वाचक ने कहा कि निरंतर चल रही कथाओं में भगवान एक ही संदेश दे रहे हैं कि प्रभु कृपालु, दयालु एवं करुणा-निधि हैं। विभीषण ने लंका का राज्य, रावण जैसे भाई का यश, संसार के सारे मान-सम्मान त्याग कर भगवान के चरणों में शरण ली। प्रभु ने विभीषण की दीन वाणी को सुनकर उसे हृदय

कथा में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

● एकता विहार में श्रीराम कथा में बोले कथावाचक राजेंद्र तिवारी

से लगा लिया, दीन वचन सुनि मन अति भावा, भुज विसाल गहि हृदय लगावा। कथा सत्र में मुख्य यजमान के रूप में सुनील वैश्य, नीलम तथा मुनीश चंद्र शर्मा व सुधा शर्मा द्वारा वेदी पूजन एवं व्यास पूजन सम्पन्न किया। पूजन की विधि अतुल मिश्रा पंडित द्वारा कराई। कार्यक्रम में चंद्रपाल, हरीश डुडेजा, दिनेश जैन सेठी, अजय सक्सेना, सीताराम शर्मा, दीपक गुप्ता, नवीन शर्मा, शोभित सक्सेना, विनय कुमार, राजीव कुमार, प्रदीप माहिर, गौरव वार्ष्णेय, दीनानाथ, सुनील कौशिक, गोविंद शर्मा, विनोद शर्मा, जेके श्रीवास्तव, अशोक सक्सेना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दिव्यांग बच्चों को सरकार दे रही सुविधाएं

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अभिभावक परामर्श एवं जागरूक कार्यक्रम द्वितीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल में हुआ।

शैलेंद्र कुमार राठौर ने दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं नामांकन में जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय खजुरिया के प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश एवं चमन सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए प्रमुख पहल है। विशेष शिक्षक आशीष शर्मा ने कहा सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए सुविधा दे रही हैं। अमरनाथ यादव ने कहा कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं हैं। विशेष शिक्षक कमलेश कुमार ने सभी दिव्यांगता के बारे में बताया। इस मौके पर सहायक अध्यापिका पिंकी गुलाटी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दी कल्पना को उड़ान

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को सावित्रीबाई फुले सांस्कृतिक क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स और मिशन शक्ति फेज 5 के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। पोस्टर व पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कल्पना को उड़ान दी। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति संयोजक डॉ. अंकिता, प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. प्रीति लता, डॉ. वन्दना राठौर, प्रो. अनीता देवी, प्रो. निशात बानो, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. जया कुमारी आदि मौजूद रहे।

समाज की आधार शिला हैं महिलाएं : डॉ. गिरि

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन विषय पर व्याख्यान हुआ। कालेज प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि ने कहा कि महिलाएं समाज की आधार शिला हैं, अत: उनका सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आएं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. कैलाश चंद्र ने कहा कि यह अभियान न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का माध्यम है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाने का भी प्रयास है। इस अवसर पर सह-संयोजक डॉ. अनुपम मित्र, डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. पवन कुमार, डॉ. बाल मुकुंद वर्मा एवं डॉ. मनीषा रानी आदि मौजूद रहे।

छात्रों का शिक्षकों ने बढ़ाया हौंसला

रामपुर, अमृत विचार : ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सेंट एंथनी स्कूल में आयोजित डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीनवुड स्कूल ने सेंट एंथनी में आयोजित डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्रीनवुड की रहिमा रहमान (कक्षा-11 विज्ञान वर्ग) ने ग्रेटा थनबर्ग का प्रसिद्ध जलवायु परिवर्तन पर भाषण प्रस्तुत किया। सारा अरशद (कक्षा 9 जी 1) ने मलाला यूसुफजई का संयुक्त राष्ट्र में दिया प्रेरणादायक भाषण सुनाया। प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों की सराहना प्राप्त की। विद्यालय का नाम ऊंचा किया। इस अवसर पर ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने दोनों विजयी छात्राओं को बधाई दी।

मनोविज्ञान समाज में समरसता बनाने में सहायक : डॉ. जागृति

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. जागृति मदान ढींगरा ने कहा कि मनोविज्ञान समाज के प्रत्येक स्तर पर व्यक्तिगत, पारिवारिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संतुलन और समरसता स्थापित करने में सहायक है। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रो. मीनाक्षी गुप्ता ने मनोविज्ञान की सामाजिक प्रासंगिकता, मनोवैज्ञानिकों की भूमिका तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर जानकारी दी। मनोविज्ञान के उपविषयों जैसे सामाजिक मनोविज्ञान, विकासात्मक मनोविज्ञान और परामर्श मनोविज्ञान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संभावनाओं पर चर्चा की। संचालन डॉ. आकांक्षा देवी ने किया।

सीडीओ ने किया अनवा में मधुमक्खी यूनिट का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार के साथ विकास खंड शाहबाद की ग्राम पंचायत अनवा में मधुमक्खी यूनिट, ग्राम पंचायत ढकिया में मनरेगा योजना के तहत कराए कार्यों व विकास खंड कार्यालय शाहबाद का निरीक्षण किया।

मधुमक्खी यूनिट के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक राजकीय उद्यान ने बताया कि पालक नितिन कुमार द्वारा 300 मौनवंश व ग्राम ओशी के धर्मवीर सिंह द्वारा 250 मौनवंश के साथ मधुमक्खी पालन किया जा रहा है। मधुमक्खी पालकों को भारत सरकार द्वारा विकसित मधु क्रांति पोर्टल पर उद्यान विभाग द्वारा पंजीकरण करवाया जाता है। मधुमक्खी पालकों के मौनवंश का सत्यापन अधीक्षक राजकीय उद्यान द्वारा किया गया।

मधुमक्खी पालन का निरीक्षण करते सीडीओ।

मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय शाहबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आईडी एवं अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की और योजना में प्रगति लाने के लिए विकास अधिकारी शाहबाद को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) व सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) मौजूद रहे।

जनजातीय गौरव पखवाड़ा में प्रस्तुति दी

मसवासी, अमृत विचार : नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में शनिवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया। छात्रा माही, अनू करना, कनक, नेहा आदि ने अदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित ने सभी विधार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर करुणा चौहान, सीमा कश्यप, निर्मल कौर,गुरपिन्दर कौर दीपा चौहान, पुष्पा देवल, योगेश चन्द्र परगाई, दिनेश चौहान आदि रहे।

आदिवासी नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

बैठक में शामिल भाकियू भानु से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

किसानों के धान तोलने में बहाने, बिचौलियों के तुल रहे

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : भाकियू भानु से जुड़े किसानों ने शाहबाद में पंचायत में धान क्रय केंद्रों पर किसानों के धान न तौले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसान अपना धान लेकर सरकारी धान क्रय केंद्र पर जाता है, तो उसे बहाने बनाकर टाल-मटोल कर वापस भेज दिया जाता है। बिचौलियों के धान कागजों में खूब तौले जा रहे हैं।

भाकियू भानू के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से सरकारी क्रय केंद्रों की धान खरीद की जांच की मांग की है। शनिवार को भाकियू भानु से जुड़े किसान कूप में आयोजित पंचायत में एकत्रित हुए। किसानों ने खाद केंद्रों पर डीएपी व एनपीके खाद न होने का भी मुद्दा उठाया। किसान नेता आकिल खां ने पंचायत के माध्यम से चेताया। इस मौके पर बाबा सुरेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, राजपाल सिंह, दानी सागर, अमीर सेन, राजेंद्र ठाकुर, बंटी, अख्तर बाबूजी, इसराइल अली, आरिफ अली, करीम बख्श, मजहर हुसैन, जमील, गजेंद्र सिंह, फैयाज अली रहे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 9 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

छात्राओं, महिलाओं को किया जागरूक

रामपुर, अमृत विचार : महिला सुरक्षा दल थाना सैफनी क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं मोहल्ला शिवालय मंदिर में छात्र- छात्राओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए कार्यशाला आयोजित की। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन के बारे में बताया। इसके अलावा 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा के बारे में जागरूक किया।

लाठी-डंडों से पीटने में रिपोर्ट दर्ज

पटवाई, अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी सईदगंज निवासी धर्मवीर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को शाम 3 बजे उनके गांव का ही मोनू उनके घर में घुस आया। आरोपी ने अंदर आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब धर्मवीर की भाभी ओमवती ने उससे मना किया,तो मोनू ने उन्हें लाठी-डंडों से बुरी तरह मारा-पीटा। मारपीट में ओमवती के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी ने मारपीट के बाद उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। परिजनों ने घायल ओमवती को तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। धर्मवीर की तहरीर पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एक घंटा गुल रहेगी बिजली

रामपुर, अमृत विचार : अधिशासी अभियंता पीके शर्मा ने बताया रविवार को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की 33 केवी लाइन का क्षतिग्रस्त केबल बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, सिविल लाइन उपकेंद्र, डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक बंद रहेगी। इसके तहत सिविल लाइन, बीपी कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, राधा रोड, स्टेशन रोड, बाबा दीप नगर, एकता विहार, पंवाड़िया, भम्राव्वा रोड, फैजुलानगर, मोदी स्कूल, मोदी कॉलोनी, बढ़पूरा सर्किल, गांधी समाधि रोड, शौकत अली रोड, कृष्णा कॉलोनी आदि की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को पकड़ा

टांडा, अमृत विचार : नगर निवासी युवक और महिला के बीच पिछले कुछ समय से जान-पहचान थी। शुक्रवार रात युवक चोरी-छिपे महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया। घरवालों को भनक लगते ही उन्होंने दरवाजा बंद कर युवक को पकड़ लिया। कुछ ही देर में मोहल्ले के लोग भी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही सभासद तथा कुछ जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंच गए। सभासदों ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराकर मामला शांत करा दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों ने सहमति से समझौता कर लिया है।

महिला की जमीन पर किया कब्जा

पटवाई, अमृत विचार : मिलक थाना क्षेत्र के गांव रेवड़ी कलां निवासी ममता देवी का कहना है कि उसकी भूमि असालतपुर जारई थाना पटवाई की सीमा में आती है। उस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। पीड़िता ममता देवी ने शिकायत में राधेश्याम, राजेश को मुख्य आरोपी बताया है। पीड़िता ने बताया जब उन्होंने आरोपियों को जमीन पर कब्जा करने से रोका। विरोध जताया, तो दोनों ने उन्हें गालियां दीं। इतना ही नहीं, उन्होंने मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

सड़क हादसे में चन्दौसी के युवक की मौत

दोस्त गंभीर घायल, दोनों बाइक से घर लौट रहे थे

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की शाहबाद में सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक पर बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।



मृतक आशु श्रीवास्तव।

अस्पताल में खड़े परिजन। ● अमृत विचार

जनपद संभल के चन्दौसी नगर स्थित गणेश कॉलोनी गली 8 निवासी आशुतोष उर्फ आशु श्रीवास्तव (30) अपने दोस्त ललित सिंह, जो गली 11 के रहने वाले हैं, के साथ बरेली जनपद के मीरगंज क्षेत्र में रिश्तेदारी में गए थे। शुक्रवार देर रात दोनों बाइक से चंदौसी के लिए लौट रहे थे। इसी दौरान शाहबाद-रामपुर रोड स्थित पीपला मंसूरपुर गांव के निकट सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आशुतोष उर्फ आशु श्रीवास्तव की मौत हो गई, जबकि ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। इधर, जब दोनों युवक देर रात तक घर नहीं लौटे तो ललित के जिला शाहजहांपुर निवासी गौरव सिंह मामा ने उसके फोन पर कॉल की। कॉल पुलिस ने रिसीव की और हादसे की जानकारी दी। गौरव सिंह सहित अन्य परिजन तत्काल शाहबाद सीएचसी पहुंचे।

तेज स्पीड बन रही हादसों का कारण

हाईवे पर भारी वाहन बाइक सवारों के लिए मौत का कारण बन रहे हैं। रात आठ बजे के बाद बस चालक से लेकर ट्रक चालक तक वाहनों को तेजी के साथ दौड़ाते हैं। बाइक सवार के आ जाने के कारण चालक को ब्रेक तक लगाना भारी पड़ता है। इतनी देर में हादसा हो जाता है। बड़े वाहनों की चपेट में आने से कई बाइक सवारों की मौत हो चुकी है।

खेत के किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, मिलक

● मिलक थाना क्षेत्र के गांव रामनगर में मिला शव

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी सूरज के रूप में हुई। परिजनों का आरोप है कि हत्या कर शव खेत में फेंका गया है।

शनिवार सुबह क्षेत्र के ग्राम रामनगर स्थित बेगमाबाद रोड पर एक खेत के किनारे खून से लथपथ युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों में हड़प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए आसपास गांव से लोगों को बुलाया। परंतु शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक के हाथ पर सूरज नाम गुदा हुआ था। दोपहर बाद ग्राम रामनगर के ग्रामीण पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो उन्होंने मृतक की पहचान सूरज 30 वर्षीय पुत्र कड़ेराम ग्राम रामनगर के रूप में की। मृतक के पिता कलराम ने बताया कि मृतक सूरज दिल्ली रहकर ट्रक ड्राइवरी का कार्य करता था। वह हफ्ते या 15 दिन में गांव आता था। शुक्रवार सुबह वह दिल्ली से अपने गांव आया था। शाम 7 बजे वह गांव से दिल्ली जाने के लिए कहकर घर से निकला था। पिता का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या कर शव को सड़क किनारे खेत में फेंका है। वहीं कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि ग्राम रामनगर के निकट एक युवक का शव मिला था। जिसकी पहचान हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। परिजनों की ओर से तहरीर आने के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शाहबाद में कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता। ● अमृत विचार

एसआईआर सशक्त लोकतंत्र की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर भाजपाइयों ने कमर कस ली है। इसको लेकर शाहबाद के रतन फार्म हाउस में गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के अद्यतन और शुद्धिकरण से जुड़ी जानकारी दी। कहा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि प्रत्येक बूथ पर तीन पदाधिकारियों की टीम तैयार करें।

कार्यशाला में पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, सुरेश गंगवार, ऋषि पांडेय, सुरेश बाबू गुप्ता, प्रेम शंकर पांडेय, संजय चौधरी, ठाकुर नरेंद्र सिंह, ममता अत्री, दर्शन सिंह लोधी, आशीष गंगवार, सुमित भटनागर, आशीष गुप्ता, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, अनुभव शर्मा, शोभित शर्मा, राम रतन कश्यप, गंगा सहाय, मनीष शर्मा, धर्मपाल गुप्ता, अर्पित वशिष्ठ, नरेंद्र मौर्य, पीतांबर लोधी, विनेश शर्म, राधेश्याम लोधी, प्रदीप प्रजापति, सोहनलाल गुप्ता, विवेक शर्मा रहे।

सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

बिलासपुर, अमृत विचार : सीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण करने के बाद व्यवस्थाएं दुरुस्त पाईं। टीकाकरण और आयुष्मान से संबंधित लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह शनिवार की पूर्वाह्न ग्यारह बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी के साथ इमरजेंसी, जनरल, औषधि, एक्स-रे, डिलीवरी वार्डों का निरीक्षण किया। चिकित्सकों और कर्मचारियों के रजिस्टर अभिलेखों की पड़ताल भी की। व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलने पर उन्होंने स्टाफ की पीठ थपथपाई। उन्होंने चिकित्साधीक्षक के कक्ष में चिकित्सकों की समीक्षा बैठक लेने के बाद टीकाकरण और आयुष्मान अभियान के तहत दिए लक्ष्य को शत-प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही उसे पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौकें पर डॉ मणिक अग्रवाल, डॉ. संजय सोलंकी, डॉ वीके शर्मा, डॉ. ओमपाल, डॉ. तारिक आदि रहे।

टांडा थाने में समस्याएं सुनते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में थाना टांडा में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं से सीधे मुलाकात की और फरियादियों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कराया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का तत्परता, पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक नागरिक को शीघ्र एवं न्यायसंगत समाधान प्राप्त हो सके। इसके अलावा अन्य थानों में समाधान दिवस के मौके पर सीओ और थाना प्रभारियों ने मौके पर आई समस्याओं को सुना। उसके बाद उनका निस्तारण किया।

हर मतदाता मताधिकार का सदुपयोग करें : राज्यमंत्री

बिलासपुर, अमृत विचार : मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत भाजपा द्वारा शनिवार को विधानसभा स्तरीय कार्यशाला हुई। बिलासपुर में हाईवे स्थित राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पर यह कार्यशाला हुई। राज्यमंत्री ने कहा कि हर मतदाता अपने मतदान के अधिकार का सदुपयोग करें। कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ा हो। हर मतदाता मतदान के अधिकार का सदुपयोग करें। कार्यशाला में भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह मतदाताओं के हित में गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोगी बनें। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, अंगनलाल राजपूत, चेतन पारुथी, प्रशांत सक्सेना, योगेश झाम, सौरभ सक्सेना आदि रहे।

सही मतदाता सूची से मजबूत होगी लोकतंत्र की नींव : हरीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शनिवार को राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि सही मतदाता सूची हो। उस सूची में सही वोट बने हों। एसआईआर से यह कार्य आसान हो जाएगा। बीएलओ और बीएलए को इस बात का ध्यान रखना है कि प्रत्येक परिवार में 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का वोट बन जाए और मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा न हो।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एसआईआर के बारे में जानकारी दी। कहा एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यापक घर-घर जनसंपर्क एवं सक्रिय हस्तक्षेप आवश्यक है। विशेष रूप से बूथ-स्तर व ब्लॉक-स्तर के एजेंटों द्वारा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सामूहिक रूप से काम करें, अर्थात सिर्फ शीर्ष नेतृत्व नहीं बल्कि ब्लॉक-स्तर व बूथ-स्तर तक सक्रियता बनी हो। एसआईआर को बहुत अहम प्रक्रिया बताया। कहा कि यह पार्टी की चुनावी तैयारी की दृष्टि से अति आवश्यक कार्य है। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को सुझाव दिए।

इस अवसर पर राजेश सिंघल, अर्जुन रस्तोगी, हरिवाला यादव, जगपाल यादव, दीक्षा गंगवार, विवेक रूहेला, अवधेश शर्मा, अन्नू सक्सेना, प्रमोद आहूजा, कमल लोधी, भव्य उप्पल, पारूल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

अमरोहा निवासी दरोगा की बीमारी से मौत

रामपुर, अमृत विचार : जिला अमरोहा के मोहल्ला पुष्कर नगर निवासी 59 वर्षीय दरोगा चंद्रपाल पुलिस लाइन में तैनात थे। वह पुलिस लाइन के पास बनी डूंगरपुर कालोनी में बेटे के साथ किराये के मकान में रह रहे थे। वह काफी समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे। देर रात को अचानक तबीयत खराब होने के बाद परिजन उनको अस्पताल लेकर गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुबह को जानकारी मिलने के बाद गंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद परिजनों को सौंपा। परिजन शव को लेकर गांव के लिए रवाना हो गए। गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि दरोगा बीमार चल रहे थे। उनका पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

मानदेय कम मिलने पर संविदाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

स्वार में प्रदर्शन करते संविदा बिजली कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : मानदेय कम मिलने पर संविदा बिजली कर्मियों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। संविदाकर्मियों ने धनराशि वापस न मिलने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

बिजली विभाग में तैनात संविदा बिजलीकर्मी कम मानदेय आने पर भड़क गए। शनिवार को संविदा बिजली कर्मी बिजली घर पर एकत्रित हुए। संविदा कर्मचारी विद्युत संविदा मजदूर संगठन के संविदाकर्मियों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। संविदाकर्मियों ने कहा कि जितने भी बिजली विभाग में संविदा बिजली कर्मी तैनात है। सभी का मानदेय काटकर उनके खातों में भेज दिया है। जिसके कारण संविदा कर्मियों में रोष व्याप्त है। संविदाकर्मी अपनी जान को जोखिम में डाल कर विभाग का काम रात दिन करते है और अपना पालन पोषण करते हैं। मानदेय से काटी गई, धनराशि वापस न मिलने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में राजेश कुमार, फरहान खां, शाहनवाज खां, शादाब खां, गिरीश कुमार, रामपाल, दीनदयाल, आमान, इसरार, इदरीस, अनीस अहमद, अशोक कुमार, मुशाहिद अली, दीपू, इन्द्र कुमार मौजूद रहे।

शेष मानदेय के लिए की नारेबाजी

टांडा, अमृत विचार : उपखंड अधिकारी कार्यालय पर विद्युत विभाग के संविदाकर्मियों ने मानदेय कटौती को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि बिना किसी कारण मानदेय काट दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक कटे हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। संविदाकर्मियों ने बताया कि वे नियमित रूप से ड्यूटी कर रहे हैं, फिर भी विभाग की लापरवाही के चलते उनका मानदेय रोका गया है। कर्मचारियों ने मांग की कि मानदेय शीघ्र बहाल किया जाए। संबंध में उपखंड अधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि विभाग में हाल ही में ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम शुरू किया। सिस्टम के तकनीकी अपडेट के दौरान कुछ कर्मियों की उपस्थिति दर्ज न होने के कारण मानदेय में कटौती होने की संभावना है। कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है और जल्द ही सभी संविदा कर्मियों को पूरा मानदेय दिया जाएगा। इस दौरान लाल उर्फ महफूज, राम औतार रस्तोगी, मसरूर हुसैन, समी अंजुम, मंसूर उर्फ वली, जसवंत, रियासत अली, सूरजपाल, छतरपाल, अरुण चौहान आदि शामिल रहे।

न्यूज डायरी

पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली का किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष को चेक किया। थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालयों पर बने अपराध, त्योहार, मालखाना, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख-रखाव, साफ-सफाई, उनमे अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस ने कई वारंटियों को किया गिरफ्तार

स्वार, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात अलग-अलग जगहों पर छापामार कार्रवाई कर विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे 11 वारंटी पकड़े। जिसमें गांव घोसीपुरा पट्टीकला निवासी अली व मुख्तियार अली, नाजिम, सुभान व अब्दुल हमीद, बब्लू गांव गागन नंगली निवासी जसीम, मकसूद हसन, मकबूल, गांव जालफनगला निवासी शिफातुल, मोहल्ला अगलगा निवासी मोहम्मद अजीम, गांव लच्छीवाला निवासी खूबचंद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

ट्रैफिक पुलिस ने मुख्य चौराहों पर लोगों को किया जागरूक

रामपुर, अमृत विचार : यातायात माह के चलते ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को विभिन्न स्थानों, प्रमुख चौराहों, बस अड्डों, विद्यालयों एवं बाजार क्षेत्रों में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में जागरूक किया। स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए ट्रैफिक सेंस विकसित करने के लिए प्रेरित किया। लाउडस्पीकर से आमजन को संदेश दिया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं। ऑटो, टेंपो बस चालकों को ओवरलोडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया। बालक-बालिकाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों के बारे में बताया। नागरिकों से अपील की वे सुरक्षित यातायात, जीवन की सुरक्षा के संकल्प को अपनाएं। यातायात नियमों का पालन कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

मारपीट के मामले में चार पर रिपोर्ट

बिलासपुर, अमृत विचार : मोहल्ला कायस्थान निवासी सोनी सैनी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि 18 अक्टूबर की रात आठ बजे मोहल्ले का ही सूरज, विवेक, गोपाल तथा आनंद किसी पुरानी बात उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया, तो चारों मारपीट पर उतारु हो गए। कहा कि जब बीच-बचाव करने के लिए उसके पति दिलीप सैनी और सास लीलावती आई तो, उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

एएसपी ने शहर में की पैदल गश्त

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को एएसपी अनुराग सिंह ने कोतवाली पुलिस के साथ शहर में पैदल गश्त की। इस दौरान महत्वपूर्ण स्थानों पर अपराध नियंत्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए लोगों से वार्तालाप की। इस दौरान मुख्य चौराहों को भी चेक किया।

सांसद नदवी ने जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनीं

रामपुर, अमृत विचार : सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने शनिवार को घाटमपुर स्थित कैंप कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनीं। सांसद ने शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सांसद नदवी शनिवार को ग्राम जुठिया पहुंचे। ग्राम जुठिया में 2 दिन पहले इजहार की मां का इंतकाल हो गया था। उनकी मां के लिए मगफिरत की दुआ की। ग्राम सेमल वाले मुजरे में अभी कुछ दिन पहले सिराजुल नबी प्रधान के पिता का इंतकाल होने पर सांसद ने उनके मगफिरत की दुआ की। सांसद नदवी ग्राम तुमड़िया में मौलाना अब्दुल कादिर अंसारी की बेटी की शादी में शामिल हुए। सांसद स्वार क्षेत्र के ग्राम जहांगीरपुर में सुभान के भाई की शादी में शामिल हुए। सांसद ने ग्राम नौगमा, दबका, चमरौआ, तराना, ग्राम पीपल, खंड़िया, कोयली-कोयला, ग्राम मेहंदी नगर क्षेत्रों का दौरा कर जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा, औवैस खान, आसिफ अली हाफिज, नूरी अरशद अली, राम बहादुर सागर, बदन सिंह यादव, नरेश यादव, नासिर शेख, जुबैर अहमद, जमील सैफी सलीम मामू कलवे अली आदि लोग शामिल रहे।

नौकरी के नाम पर पिता पुत्र ने 3.50 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चेन्नई भेजने के नाम पर पिता-पुत्र ने जान पहचान के युवक के दोस्त से साढ़े तीन लाख रुपये हड़प लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी सत्यम तिवारी का कहना है कि वह जनवरी 2025 में मर्चेंट नेवी का कोर्स करने के लिए चेन्नई गया था। वहां पर सत्यम की जान पहचान देवरिया के रहने वाले शुभम यादव के साथ हो गई। उसके बाद दोनों एक साथ कमरे में रहने लगे थे। शुभम ने सत्यम तिवारी कहीं पर नौकरी लगवाने के बात कहीं। उसके बाद सत्यम ने शुभम की नौकरी लगवाने के लिए ज्वालानगर के पुरानी कालोनी में रहने वाले पीयूष शुक्ला से पहचान होने के कारण उससे संपर्क किया तो पीयूष शुक्ला ने सत्यम से कहा कि कागजात मुझे भेज दो। जिसके बाद सत्यम ने दस्तावेज शुभम के पीयूष शुक्ला को फोन पर भेज दिए। उसके बाद पीयूष ने चेन्नई में नौकरी लगवाने के लिए साढ़े तीन लाख रुपये मांगे, जिसके बाद मामला तय हो गया था। बाद में युवक ने साढ़े तीन लाख रुपये दे दिए। आरोपी युवक पीयूष शुक्ला ने युवक को टिकट-वीजा और कंपनी का लेटर दे दिया। जब शुभम 12 सितंबर को मुंबई पहुंचा, तो पता चला कागजात फर्जी है। उसके बाद पीड़ित शुभम ने सत्यम को इस बारे में बताया तो वह आरोपी के घर पहुंच गया। पिता-पुत्र ने युवक को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने पीयूष शुक्ला व उसके पिता हर्षवर्धन शुक्ला पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तंबाकू नियंत्रण के लिए लगेंगी 14 टीमें

रामपुर, अमृत विचार : तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 200 शिक्षण संस्थानों को मॉडल के तौर पर तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 14 टीमों का गठन किया है। जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां ने कहा कि 12 टीम ब्लॉक स्तर पर कार्य करेंगी, दो टीम अर्बन स्तर पर रहेंगी।

इन सभी टीमों का प्रशिक्षण सत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में होगा। पहले दिन नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया। कोटपा अधिनियम के अनुपालन के लिए प्रत्येक विद्यालय में साइनेज लगेगा। प्रधानाचार्य द्वारा स्वयं के विद्यालय का मूल्यांकन करते हुए घोषणा पत्र लिया जाएगा। जन जागरूकता एवं आम जनमानस के जागरूक करने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों पर तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 के होर्डिंग लगाए गए हैं।

बढ़पुरा शेखपुरा में तेंदुए ने कुत्ते का किया शिकार

संवाददाता मसवासी

अमृत विचार : चौकी क्षेत्र के गांव बढ़पुरा शेखपुरा में शुक्रवार शाम तेंदुआ गांव में घुस आया। शाम सात बजे ग्रामीण कमलप्रीत सिंह के घर के आंगन से तेंदुआ उनके पालतू कुत्ते को उठा ले गया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में तेंदुए के शिकार करने का पूरा दृश्य साफ दिखाई दिया है। जिसे देखकर गांव वालों में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से इलाके के जंगलों में तेंदुए की दस्तक की चर्चा चल रही थी, लेकिन किसी ने सोचा भी नहीं था कि वह घर के आंगन तक पहुंच जाएगा। अब लोगों ने अपने बच्चों और मवेशियों को घरों के अंदर रखना शुरू कर दिया है। घटना की सूचना वन विभाग दी ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। उधर सूचना के बाद भी वन विभाग ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

फार्म हाउस के सीसीटीवी में कैद तेंदुआ।

● तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद, लोगों में दहशत

न्यूज ब्रीफ

गिट्टी लदे डम्पर को किया सीज

डिडौली, अमृत विचार : डिडौली थाना क्षेत्र में शनिवार को खनन अधिकारी केवी सिंह ने कार्रवाई करते हुए हाईवे पर गिट्टी लदे एक डम्पर को पकड़ा ।खनन अधिकारी ने वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच की। लेकिन चालक आवश्यक खनन संबंधित अनुमति व रॉयल्टी पत्र नहीं दिखा सका। इस पर खनन अधिकारी ने डम्पर को थाने लाकर सीज करने की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि बिना वैध अनुमति खनन सामग्री का परिवहन नियम विरुद्ध है। खनन विभाग द्वारा इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें दर्ज

हसनपुर,अमृत विचार : कोतवाली प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र पांच शिकायतें दर्ज हुईं। फरियादियों की फरियाद प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने सुनी। प्रभारी निरीक्षकने निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में इन शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर उनका निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जाम के झाम में फंसकर मुसीबत झेल रहे लोग

जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए अफसरों के पास नहीं कोई प्लान, दिन भर जूझते हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शहर में इन दिनों जाम की समस्या आम बात हो गई है। सुबह, दोपहर और शाम को लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा जाम की समस्या टीपी नगर चौराहे से लेकर बिजनौर रोड तक बनी है। जबकि रोजाना अधिकारी भी यहीं से गुजरते है। उसके बावजूद भी जाम से निजात के लिए अधिकारियों की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है।

अमरोहा के व्यस्ततम चौराहा टीपी नगर जाम में फंसा रहता है। शनिवार को भी शहर पूरी तरह जाम हो गया। दो मिनट की दूरी आधा घंटे में तय हुई। दिन भर लोग जाम के झाम से जूझते रहे। वाहनों से निकलना तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो गया। बिजनौर रोड पर टीपीनगर, कल्याणपुरा, अतरासी, शाह विलायत और लकड़ा चौराहों पर वाहनों की आवाजाही सबसे ज्यादा रहती है। टीपीनगर व कल्याणपुरा चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है। शहर की करीब पौने तीन लाख आबादी और छोटे-बड़े वाहनों की बढ़ी संख्या के हिसाब से यातायात व्यवस्था बेहद खराब है। सभी चौराहों के पास स्थित बैंक्वेट हॉल, होटल और निजी अस्पताल हैं। किसी भी स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। शनिवार को भी जाम से बचने के लिए लोग बाजार से निकलने लगे तो बाजार में भी जाम की हालत बन गए यहां सहालग के चलते खरीदारों की भीड़ भी थी। जाम से निपटने के लिए नगर कोतवाली पुलिस और यातायात कर्मियों ने काफी मशक्कत की। जाम में फंसने के बाद हर कोई परेशान दिखा।

टीपी नगर चौराहे से बिजनौर रोड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

बिजनौर रोड पर रात में जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- टीपी नगर चौराहे से बिजनौर रोड पर सबसे ज्यादा लगता है जाम
- शनिवार को जाम के चलते दो मिनट की दूरी आधा घंटे में तय हुई

संकरी सड़कें और अतिक्रमण से लग रहा जाम

अमरोहा शहर में रोजाना लगने वाला जाम लोगों को परेशान कर रहा है। एक तो शहर की सड़कें संकरी हैं दूसरा अतिक्रमण भी वजह है। सुबह 10 से लेकर दोपहर तक जाम की समस्या बनी रहती है। यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। शहर के लिए नासूर बनी जाम की समस्या से निबटने के लिए प्रशासन के पास कोई प्लान नहीं है। दोपहर में टीपी नगर चौराहे से बिजनौर रोड पर स्कूली बसें भी फंसी रहती हैं। शहर की मुख्य सड़कों के अलावा गलियों में भी जाम लग जाता है। शाम को फिर लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। रात को होटलो के बाहर वाहन खड़े रहते हैं। जिसके चलते जाम की समस्याा बनी रहती है। शहर के मुख्य चौराहों पर तैनात होमगार्ड भी कुछ नहीं कर पाते।

कालाखेड़ा चीनी मिल शुरू गन्ना किसान सम्मानित

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : दि किसान सहकारी चीनी मिल कालाखेड़ा में पेराई सत्र का शुभारंभ हवन पूजन कर फीता काटकर किया गया।

शनिवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स,विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पेराई सत्र का हवन पूजन व फीता काटकर शुभारंभ किया। चीनी मिल में बैलगाड़ी से गन्ना लेकर आए दो किसानों भीकनपुर शर्की निवासी बबीता पत्नी जितेंद्र और अहरौला अहमद यार खां निवासी फकीर चंद को सम्मानित किया। उपसभापति राम किशोर सिंह चौहान, जीएम रामकेश सिंह धामा, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों, नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, सीसीओ एसएस ढाका, चौधरी दिवाकर सिंह, काले सिंह,संजीव बालियान, कृष्ण कुमार शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, महिपाल चौहान, अंकुर अग्रवाल, अशोक नागर, प्रमोद त्यागी, सुरेश त्यागी, प्रमोद रोहिरिया, उदयवीर सिंह, पराग रस्तोगी, एसके सिंह सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

फीता काटते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, डीएम निधि गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

नकली उत्पाद बेचने पर दुकानदार पर मुकदमा दर्ज

टीम ने पकड़ी नकली वीट क्रीम एवं लाइजॉल। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर में नकली उत्पाद बेचने के आरोप में एक दुकानदार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

रेकिट बैकिजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नकली वीट क्रीम और लाइज़ॉल उत्पाद बेचने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। कंपनी द्वारा अधिकृत फर्म सेमिता लीगल एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर्स के सीनियर इन्वेस्टिगेटर मोहित कुमार ने कस्बे का सर्वे किया था। सर्वे के दौरान वसीम जनरल स्टोर पर नकली उत्पाद बेचे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर सेमिता लीगल की टीम, जिसमें अधिवक्ता निश्चय जैन और पुलिस बल शामिल रहे। दुकान पर टीम ने तलाशी ली तो 850 पीस वीट क्रीम और 3 पीस लाइज़ॉल नकली बरामद हुए। टीम ने बरामद माल की सील-बंद सैंपलिंग की।प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सेमिता लीगल के अधिवक्ता निश्चय जैन की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपी वसीम पुत्र नासिर अली, निवासी मोहल्ला मनिहारान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंदर सिंह की मौत: पांच दिन बाद भी खुलासा नहीं

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव लुहारी खादर के किसान इंदर सिंह खड़ग़वंशी की पेड़ पर लाश मिलने के मामले में पांच दिन बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है।

गांव लुहारी खादर में 4 नवंबर को जंगल में पेड़ पर किसान का शव लटका मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी हरप्यारी ने बताया कि रविवार शाम से लापता हुए इंदर सिंह का मोबाइल खेत पर मिला था। गुमशुदगी की तहरीर के बाद भी पुलिस ने सक्रियता नहीं दिखाई। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले। तहरीर में कुछ संदिग्धों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया था। पुलिस ने छानबीन शुरू की, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत ने बताया कि पुलिस टीमें लगातार कार्य कर रही है। घटना का अनावरण किया जाएगा।

चीनी मिल की क्षमता वृद्धि के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : चीनी मिल काला खेड़ा के पेराई सत्र के शुभारंभ पर किसानों ने प्रदर्शन करविरोध जताया। किसानों का कहना था कि मुख्यमंत्री की घोषणा के 8 वर्ष बाद भी इस चीनी मिल की क्षमता वृद्धि नहीं हो पाई है।

26 अप्रैल 2018 को जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के हित में चीनी मिल की क्षमता वृद्धि करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद लगभग 20 हजार से अधिक गन्ना किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी लेकिन 8 वर्ष भी जाने के बाद भी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि न होने से किसानों में मायूसी है। शनिवार को भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह के नेतृत्व में किसानों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में संजीव बालियान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

- संगठन की मजबूती ही हमारी प्राथमिकता: ओमकार कटारिया
- सचिन चौधरी को मिले नोटिस को निरस्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन के कार्यों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सचिन चौधरी को मिले अनुशासनहीनता के नोटिस को निरस्त कराने की मांग की गई।

शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की एक अहम बैठक जिला कार्यालय पर हुई। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने बताया कि अमरोहा में लोकसभा क्षेत्र से दो पूर्व प्रत्याशियों में आपस में विवाद चल रहा है। एक दूसरे पर सोशल मीडिया पर तर्क-वितर्क कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान हेतु पार्टी हाई कमान को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से एक प्रस्ताव भेजा गया। समस्त घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट भी हाईकमान को भेजी गई। प्रस्ताव के माध्यम से पार्टी हाईकमान से आग्रह किया गया कि इन दोनों को दिल्ली या लखनऊ बुलाकर समाधान कराया जाए। दोनों ही नेता कांग्रेस पार्टी के लिए जरूरी है। पार्टी हाईकमान से आग्रह किया गया है की सचिन चौधरी को मिले नोटिस को निरस्त किया जाए। क्योंकि सचिन चौधरी पार्टी के बहुत ही निष्ठावान, वफादार नेता हैं। लगातार पूरी मेहनत से,लगन से पार्टी के लिए कार्य करते रहते हैं और सभी को साथ लेकर चलते हैं।

जिलाध्यक्षने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अमरोहा में कांग्रेस पार्टी का संगठन बूथ स्तर तक बनकर तैयार हो गया है। पार्टी में किसी भी तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्योंकि बिना अनुशासन के कोई भी जंग नहीं जीती जा सकती। पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष पीसीसी सदस्य सचिन चौहान, मास्टर इंद्रपाल सिंह, अनवर हुसैन, शाहिद सिद्दीकी, फैज आलम राईनी, राजकुमार अरुण आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैठक में बोलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया। ● अमृत विचार

न्यूज डायरी

दयानंद इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का चुनाव

सैदनगली ,अमृत विचार : सैदनगली के दयानंद इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का चुनाव किया गया। प्रबंधक अंकित कुमार गुप्ता ने पदाधिकारी घोषित किए। उमाकांत गुप्ता अध्यक्ष, बबीता गुप्ता उपाध्यक्ष, मोहम्मद जुनेद एजाज उपप्रबंधक ,सुरेंद्र कुमार सेठ कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार गुप्ता सदस्य ,राहुल सिंह सदस्य , नवनीतअग्रवाल, कमल भाटिया, विपिन कुमार ,सौरभ कुमार ,नवनीत कुमार, आदि सदस्य घोषित किए गए।

बाबा को पीटने के आरोपी को लोगों ने पीटा, पुलिस को सौंपा

गजरौला, अमृत विचार : बूढ़े बाबू के मठ पर बाबा को पीटने वाले युवक को कुछ लोगों ने जमकर पीटा तथा पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक मठ पर स्थित आम के पेड़ की डाली तोड़ रहा था। बाबा ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर दी। गजरौला में रेलवे ट्रैक के निकट स्थित बूढ़े बाबा के मठ पर प्रेमगिरि बाबा रहते हैं। शनिवार को कुछ युवक मठ पर आम के पेड़ की डाली तोड़ने लगे। बाबा ने डाली तोड़ने का विरोध किया तो आरोपी युवक ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। तभी वहां कुछ लोग जमा हो गए। उन्होंने डाली तोड़ने वाले आरोपी को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच भीड़ में शामिल किसी ने घटना का वीडियो बनाया तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।

आम के पेड काटने में ठेकेदार सहित 10 लोगों पर रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : हरे-भरे पेड़ काटने के आरोप में ठेकेदार समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव वर्मा ने अमरोहा देहात थाने में एफआईआर कराई कि 6 नवंबर की दोपहर थाना क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी के पास आम के हरे-भरे पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान पता चला कि आम के दो पेड़ों को काटा गया था। टीम ने कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को मोहल्ला अफगानान निवासी रियाल को सुपुर्द कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि अजीमुलशान, इमराना बेगम, शादमानी बेगम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद अथहर, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद फाजिल और ठेकेदार अयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

व्हाट्सएप ग्रुप से निकालने पर पिता-पुत्र ने एडमिन को पीटा

अमरोहा, अमृत विचार : व्हाट्सएप ग्रुप से निकालने को लेकर विवाद हो गया। पिता पुत्र ने एडमिन के साथ मारपीट कर दी। ग्रुप एडमिन की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कटाई गांव निवासी शाबुद्दीन पुत्र यामीन ने कटाई 786 नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था। इस ग्रुप में आसपास के गांवों के युवक सदस्य थे। एक सदस्य गंदासपुर निवासी अर्श पुत्र राबुल ने ग्रुप में गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इस पर शाबुद्दीन ने अर्श को ग्रुप से हटा दिया। ग्रुप से निकाले जाने से नाराज अर्श ने फोन पर शाबुद्दीन के साथ गाली-गलौज की। शनिवार की सुबह अर्श अपने पिता राबुल के साथ शाबुद्दीन के घर पहुंचा और मारपीट कर दी। उन्होंने शाबुद्दीन को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि ग्रुप एडमिन शाबुद्दीन की तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

छात्र को पीटकर किया घायल

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के एक कॉलेज के छात्रों के दो गुटों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक छात्र घायल हो गया। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के कक्षा 8 का छात्र हनी पुत्र शेर सिंह निवासी गांव मुबारकपुर कला शनिवार को कॉलेज में पढ़ने आया। उसके सहपाठी चोर कह कर चिढ़ाने लगे जिसका हनी ने विरोध किया। कॉलेज की छुट्टी के बाद दोबारा से हानि को चोर चोर कहना शुरू कर दिया। इस बात को लेकर कहासुनी हो गई और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान हनी घायल हो गया। परिजन घायल हनी को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

ठंडी हवा से बढ़ने लगी सर्दी

अमरोहा, अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण नवंबर की शुरुआत में ही मौसम ने करवट ले ली है। पिछले दो दिनों से रात में ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम के समय ठिठुरन महसूस की जा रही है, जबकि दिन में हल्की धूप हो रही है। शनिवार के सुबह से ठंडी हवाएं चल रही है। मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है। सर्दी के चलते धूप सुहानी लगने लगी है। अचानक बड़ी ठंड से लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। अप कृषि निदेशक राम प्रवेश ने बताया कि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाओं के असर से तापमान और गिर सकता है। शनिवार की सुबह न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

गन्ना तोलने से मना करने पर मिल अधिकारियों को बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : बिजनौर शुगर मिल में किसानों का गन्ना किस्म 5009 रिजेक्ट बताकर मिल अधिकारियों ने गन्ना तोलने से मना कर दिया।भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी इकट्ठा हो गए और मिल प्रबंधन से बातचीत की। मिल अधिकारी 5009 लेने से मना करते रहे। दोपहर को जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मिल महाप्रबंधक व यूनिट हेड को बंधक बनाते हुए गन्ने की तोल करेन की मांग कर मिल प्रबंधन को खूब खरी खोटी सुनाई।

अंत में मिल प्रबंधकों ने गन्ने की तोल शुरू करा दी तब अधिकारियों को जाने दिया। युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह सिंधु, वीरेंद्र सिंह, अमित बालियान, हर्षवर्धन, दीपक तोमर, विनीत चौधरी, महावीर सिंह, कोमन सिंह, डॉ विजय सिंह, मुनेंद्र काकरान, रजनीश अहलावत, शक्ति शालान, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, कीरत बालियान, जय सिंह, मुनिदेव, मास्टर पंकज शेरावत, रवि शेखर तोमर, चांद वीर सिंह, आकाश चौधरी, कपिल चौधरी, आदि किसान मौजूद रहे।

धरना देकर बैठे सैकड़ों किसान। ● अमृत विचार

- किसानों ने तोल शुरू कराने के बाद किया मुक्त

युवक की हत्या मामले में जाम लगाने वालों पर रिपोर्ट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : युवक की हत्या के मामले में जाम लगाने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव चौबारा निवासी 25 वर्षीय आकाश पुत्र जसवंत सिंह का शव गुरुवार को खेत में पड़ा मिला था। उसके चेहरे पर गहरी चोट थी। वह खून से लथपथ था। पास में ही एक बाइक भी पड़ी थी। परिवार वालों ने दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया था। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए जाने से रोक दिया था। परिजनों को समझाने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। देर रात घटना की तहरीर पेंटर के पिता ने पुलिस को दी थी। शुक्रवार दोपहर तक पुलिस नेमुकदमा दर्ज नहीं किया । इसी बात से गुस्साए परिजनों ने थाने के सामने आकाश का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जाम लगाने के आरोप में रचित, शेट्ठी उर्फ प्रदीप, रिंकू, ओमपाल, निपेंद्र, अखिलेश, गिरीश, सतीश, अंकित, बिट्टू, साजिद, दीपक, संदीप, कुंवरपाल, सुनील, रोहित, पंकज, गुड्डू, प्रदीप, संजीव, कमल, अंकित समेत 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- पुलिस ने 22 नामजद समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

थाना समाधान दिवस में शिकायतों का एसपी ने किया निस्तारण

लोगों की शिकायतों का निस्तारण करते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमत विचार : थाना समाधान दिवस में एसपी अमित कुमार आनंद ने लोगों की शिकायतों को सुना। इस दौरान कोतवाली में 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण के लिए एसपी ने निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में जमीनी व घरेलू संबंधी शिकायतें मिली।

शनिवार को नगर कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद ने सभी शहर वासियों से यह अपील की है कि वे अपना ज़मीनी विवाद लेनदेन का विवाद या घरेलू विवाद को थाने पर आकर आपसी सहमति से हल कराए और झगड़े से बचे क्योंकि बातचीत से हर समस्या का समाधान हल हो जाता है। उन्होंने बताया कि अमरोहा कोतवाली में 12 शिकायतें प्राप्त हुई थी और सभी का निस्तारण करा दिया गया है। यह थाना दिवस हर दूसरे और चौथे शनिवार को हर थाने पर लगाया जाता है और इसके काफी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। कहा कि अमरोहा पुलिस इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपना विवाद जो दो पक्षों के बीच चल रहा है वह थाना दिवस पर लाकर हल कराए।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

पत्रांक :–3007 / ई0 निविदा / 2025–26 दिनांक :–29.10.2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क0सं0–1 पर अंकित कार्य के लिए ए श्रेणी (रोड़ साईनेज श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7
1	मुरादाबाद	वित्तीय वर्ष 2023–24 में आई0आर0क्यू0पी0 के अन्तर्गत भोजपुर–रोशनपुर–टाण्डा मार्ग के कि0मी0–1 से 10 तक में रोड साईनेज का कार्य	12.36	1.24	2 माह	225+500+41 =766

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.11.2025 से 15.11.2025 है जो कि दिनांक 15.11.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 15.11.2025 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879(1) / 23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650 / 4एन–एल0सी0 / 2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

UP-240038 दिनांक 07.11.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 9 नवंबर 2025

सिटी ब्रीफ

कार की टक्कर से बाइक सहित खाई में गिरा युवक घायल

मनोटा,अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के जोया संभल मार्ग पर दबोई कला के पास कार से टकराकर बाइक सवार खाई में गिरकर घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद कार सवार कार छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।थाना क्षेत्र के गांव नटो वाली मढैया निवासी नेपाल बाइक से मनोटा बाजार से घर को जा रहा था। जैसे ही वह दबोई कला के पास पहुंचा तो संभल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार नेपाल बाइक सहित खंदक में जा गिरा। टक्कर मारने के बाद कार सवार अपनी कार को छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

12 दंपतियों की फिर से पटरी पर लौटी जिंदगी

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर 12 दंपतियों ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त करते हुए एक बार फिर से साथ-साथ रहने का फैसला किया। प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह ने बताया कि 140 पत्रावली सुनकर 53 पत्रावली का निस्तारण किया गया है। 12 दंपतियों ने समझौता के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। 10 पत्रावली विधिक कार्रवाई के लिए अग्रेषित की गई है। 31 पत्रावली न्यायालय में होने के कारण बंद कर दी गई है। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी ने सहयोग किया।

बाइक सवार पर हमलावर हुआ जंगली जानवर

संभल/मनोटा, अमृत विचार : शेखपुरी खालसा निवासी रवि कुमार सैनी शुक्रवार देर शाम दवाई लेकर गांव सेमली से वापस लौट रहा था। सड़क किनारे एक जंगली जानवर दिखाई दिया। बाइक पास पहुंची तो जानकवर ने उस पर झपटने का प्रयास किया। युवक घबराकर तेज रफ्तार में बाइक लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले गांव के ही गीरेंद्र सिंह को जंगल के पास जानवर दिखाई दिया। वन रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि जंगली जानवर की सही लोकेशन अभी नहीं मिल पाई है। जैसे ही लोकेशन ट्रेस होती है, पिंजरा लगाया जाएगा।

कैंटर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

7 घायल, जिला अस्पताल में ई रिक्शा चालक का शव न मिलने पर परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस ने किया शांत

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: थाना नखासा क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर पक्का बाग के निकट भीषण सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई जबकि ई रिक्शा पर सवार पांच महिलाएं और दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और देखते ही देखते मौके पर चीख-पुकार मच गई। नखासा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल संभल भेजा। ई रिक्शा चालक की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

मृतक उमेश।

ई-रिक्शा चालक उमेश पुत्र जसपाल निवासी थाना नखासा सवारियां लेकर हिंदूपुरा खेड़ा चौराहे से संभल हसनपुर मार्ग पर न्यावाली की दिशा में जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा पक्का बाग क्षेत्र में पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रहे कैंटर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रिक्शा सड़क किनारे पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ई रिक्शा चालक उमेश के साथ ही हनीफ पुत्र शराफत, उनकी पत्नी अमीर जहां, पुत्रवधू शबीना पत्नी जमील निवासी चपतियों की मड़ैया थाना हयातनगर, मेराज जहां पत्नी इरफान, उनकी पुत्री फिरदौस पुत्री शकील निवासी नियावली थाना नखासा तथा काजल पत्नी रिशांत सिंह एवं उनकी दो वर्षीय पुत्री निहारिका निवासी खग्गूपुरा थाना नखासा बुरी तरह घायल हो गये। नखासा पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां ई रिक्शा चालक उमेश को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

हादसे में ई रिक्शा चालक उमेश की मौत के बाद पुलिस ने उसके शव को जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस बीच सूचना मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो वहां उन्हें उमेश का शव नहीं दिखा।

इसी बात को लेकर परिजनों ने जमकर हंगामा करना शुरु कर दिया। परिजनों का कहना था कि उनके आने से पहले पुलिस को उमेश का शव नहीं भेजना चाहिए था। पुलिस ने उन्हें शांत किया।

ई रिक्शा चालक की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

चंदौसी सीएचसी में घायल को लाए पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

चंदौसी,अमृत विचार : चंदौसी के थाना बनियाठेर क्षेत्र में गांव मझावली के निकट शनिवार की शाम 7 बजे सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जिंदा होने की उम्मीद में युवक को सीएचसी लाया गया लेकिन वहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। 28 वर्षीय युवक शनिवार रात को बाइक पर सवार होकर बहजोई से चंदौसी की तरफ आ रहा था। रास्ते में वीनस शुगर मिल के गेट के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस 108 की मदद से उसे चंदौसी सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रयास किया तो युवक की शिनाख्त हो गई। मरने वाले का नाम रिहासत पुत्र मेहंदी निवासी मोहल्ला सीओ ऑफिस के पीछे रहमत नगर बिलारी बताया गया है। सूचना पर थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने तीन वॉशिंग सेंटर किए सील

कार्यालय संवाददाता,संभल

- बिना अनुमति कर रहे थे बड़ी मात्रा में जल दोहन

अमृत विचार: संभल नगर क्षेत्र में कार वाशिंग सेंटरों पर अत्यधिक जल दोहन की शिकायतों के बाद नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने सरायतरीन एवं चौधरी सराय में स्थित तीन वाशिंग सेंटरों पको बंद करा दिया। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि बिना अनुमति इस तरह जल दोहन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी।

भू-जल दोहन की शिकायतों के बाद नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने शनिवार को वसीम खान, इस्माइल और देव सिंह के कार एवं बाइक वॉशिंग सेन्टर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि यह वॉशिंग सेंटर बिना अनुमति के अत्यधिक मात्रा में पानी का उपयोग कर रहे हैं, न तो भूगर्भ जल विभाग से अनुमति ली गई और न ही किसी प्रकार का फ्लोमीटर लगवाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि तीनों वॉशिंग सेन्टर वाहन धोने में बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन कर रहे थे, जिस पर रोक लगाने हेतु तत्काल कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही तानों सेंटरों को बंद करा दिया। बताया कि भूगर्भ जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, ऐसे में बिना अनुमति अवैध जल दोहन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। चेतावनी दी कि सभी वॉशिंग सेंटर विभागीय अनुमति, रजिस्ट्रेशन व फ्लोमीटर अनिवार्य रूप से लगवाएं।

वाशिंग सेंटर पर जांच पड़ताल करते नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार। ● अमृत विचार

एसआईआर पर भाजपा की कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

अमृत विचार: मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र चंदौसी की कार्यशाला में विधानसभा के 6 मंडलों के मंडल कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और बीएलए शामिल हुए।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि इस अभियान में सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ जुटना है तथा अधिक से अधिक नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करना है।मुख्य वक्ता एवं भाजपा जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 4 नवंबर से 8 दिसंबर तक संचालित होगा। सभी बूथ अध्यक्ष और बीएलए-2 को बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर यह अभियान सफल बनाना है। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के जिले, क्षेत्र एवं मंडल स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ओमवीर खड़गवंशी, कमल कुमार कमल, राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, चंद्रपाल सिंह, अंकुर अग्रवाल, हिरदेश राणा, ललित मोहन, गिरिराज मौर्य, रामनरेश यादव, हरवेश राघव, अंकित जैन, विनोद कुमार बिन्नी, तरुण कुमार नीरज, रोहित दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, गिरीश रतन, सुधीर मल्होत्रा, राजकुमार ठाकरे आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया ने किया।

चंदौसी में कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- अभियान में जुट कर नये मतदाताओं के नाम जुड़वाएं:गुलाब देवी

मारपीट मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

संभल,अमृत विचार: गंगा किनारे जमीन जोतने को लेकर दो पक्षों में मारपीट के मामले में छह अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस घटना में 14 ग्रामीण घायल हुए थे। पुलिस ने कुल 17 नामजद एवं 14 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।

साधुमणि गंगा घाट से आगे खादर में जमीन जोतने को लेकर गुरुवार को गांव संत नगर निवासी अंतराम और गांव खिरकबारी टप्पा वैश्य निवासी दानवीर में विवाद के बाद तीन गांव के कई दर्जन लोग आमने सामने आ गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी जिसमें 14 लोग घायल हुए थे। थाना प्रभारी मेघपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी रूपकिशोर, सोपाली, हीरा निवासी संतनगर एवं बबलू, भुवनेश, अंकित निवासी खिरकबारी टप्पा वैश्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

मिट्टी से दबकर मौत मामले में कार्रवाई

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार : मिट्टी की ढांग गिरने की घटना को लेकर खनन विभाग व तहसील प्रशासन ने जांच के बाद खेत में अवैध खनन की बात पाई। खेत मालिक पर खनन विभाग ने 5 लाख का जुर्माना डाला है। दूसरी ओर पुलिस ने खनन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है।

बृहस्पतिवार को बहजोई के गांव नरोदा में अवैध खनन करके गहरा गड्ढा कर दिया था। जिसमें चार महिलाएं और तीन किशोरियों घर की लिपाई के लिए चिकनी मिट्टी लेने गई थी। वे मिट्टी निकाल रही थीं तभी अचानक उनके ऊपर मिट्टी की ढांग गिर गई। उन्हें उपचार के लिए सरकारी तथा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान भूदेई की मौत हो गई थी। इसको लेकर खनन विभाग तथा तहसील प्रशासन ने संयुक्त रूप से खेत की जांच की तो बिना अनुमति के सामान्य मिट्टी का खनन किया जा रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि खनन कार्य पूरी तरह से अवैध था तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करण मिट्टी की ढांग गिरने की घटना हुई। खनन विभाग तथा तहसील प्रशासन की टीम ने जब जांच की तो गाटा संख्या 263 रकबा 0.4500 हेक्टेयर पर खनन किया गया था। इस खेत के मालिक राजवीर सिंह उर्फ करू पर खनन विभाग ने 5 लाख का जुर्माना डाला है। खनन अधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि अवैध खनन करने को लेकर खेत स्वामी के पर 5 लाख का जुर्माना डाला गया है।

उधर पुलिस ने खनन करने वाले खनन कारोबारी हरि सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली, दो लोहे के जाल तथा एक मिट्टी खींचने का मांझा बरामद किया है।

पुलिस गिरफ्त में खनन कारोबारी। ● अमृत विचार

- अवैध खनन कराने वाले खेत मालिक पर 5 लाख का जुर्माना
- पुलिस ने खनन कारोबारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

सफर में सड़क पर जल्दबाजी देती है हादसे को निमंत्रण

चंदौसी में लोगों को जागरूक करते यातायात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

चन्दौसी,अमृत विचार: यातायात माह के अन्तर्गत एएम वर्ल्ड स्कूल में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशेषज्ञों व अधिकारियों ने समझाया कि जल्दबाजी हादसे को निमंत्रण देती है, इसलिए सड़क पर सावधानी ही समझदारी है का संदेश जीवन में अवश्य अपनाएं। छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी सत्र में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चंदौसी के बाजारों में भी यातायात पुलिस द्वारा आमजन एवं वाहन चालकों को जागरूक किया गया। लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के नियमित उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने सहित अन्य सुरक्षित यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पम्पलेट वितरित कर नियमों की जानकारी दी गई। यातायात पुलिस टीम ने अपील की कि नियमों का पालन करें।

सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करा करें कार्रवाई

संभल,अमृत विचार: थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया गुन्नौर कोतवाली पर पहुंचे और वहां संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनना शुरु किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी विवाद को गंभीरता से लें। अगर कहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा है तो भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए भू माफिया पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। एसडीएम अवधेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी आलोक सिद्धू, थाना निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

सरकार पर वादाखिलाफी का किसानों ने लगाया आरोप

संभल,अमृत विचार: ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली किसान आंदोलन के समाप्ति समय दिए गए लिखित आश्वासनों को अब तक लागू न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई गई।

कहा गया कि सरकार ने सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद का कानून बनाने और बिजली बिल 2025 को निरस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस पर कोई प्रगति दिखाई नहीं देती। किसानों को आज भी अपनी पैदावार का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है और किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। संगठन नेताओं ने कहा कि संभल जनपद में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद हो गईं, लेकिन जिला प्रशासन अब तक किसानों को मुआवजा उपलब्ध नहीं करा पाया है और न ही इस संबंध में कोई ठोस कदम उठाया गया है। उर्वरक की किल्लत और कालाबाजारी से किसान लगातार परेशान हैं, जिससे खेती की लागत और बढ़ती जा रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर 26 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे संभल जिला मुख्यालय बहजोई पर बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

धरने में जिले भर के किसान-खेत मजदूर शामिल होंगे। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह समेत संजय राघव, भगवान सिंह, उदयवीर सिंह, विधायक सिंह, निर्भय शर्मा, विजयपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, लायक सिंह कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिटी डायरी

पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष का किया स्वागत

चंदौसी,अमृत विचार : भारतीय मानव कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल का भव्य स्वागत किया। भारतीय मानव कल्याण समिति के विनायक मार्ग स्थित कार्यालय पहुंचे उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल का पदाधिकारियों ने शॉल, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल, सुशील भोलेनाथ, अंकित जैन, चंद्रपाल सिंह, डॉ. मोहनलाल पाल, शुभम अग्रवाल, गिरिराज किशोर पाल, रतन वार्ष्णेय, वीना वार्ष्णेय, डॉ. वीरेश कुमार, हरीश कठैरिया, आकाश शर्मा, राजवीर सिंह, रोशनलाल आदि उपस्थित रहे।

माता-पिता के साथ रैंप पर उतरे नन्हें बच्चे

संभल/चंदौसी, अमृत विचार : आरआरके स्कूल में भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं संस्कारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ड्रीम ऑन रैंप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने रैंप पर अपने सपनों एवं भविष्य की झलक प्रस्तुति के माध्यम से दिखाई।मुख्य अतिथि नीलम राय एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य नूतन चौधरी के स्वागत उपरांत मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने शुभारंभ किया। यूकेजी वर्ग की इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शांतनु एवं श्रीमती ट्विंकन शर्मा, द्वितीय पुरस्कार आध्या एवं श्रीमती शिवानी मिश्रा, तृतीय पुरस्कार याशिनी सिंह एवं श्रीमती दीपमाला तथा चतुर्थ पुरस्कार कुश्र तोमर एवं उनके पिता धीरज कुमार को वेशभूषा एवं प्रस्तुति के आधार पर प्रदान किया गया। इसके अलावा ''ग्रांड एंट्रेंस'' हेतु अथर्व शर्मा, बैस्ट कॉस्ट्यूम'' हेतु दीपांजलि, मास्टर ऑफ स्ट्राइइस'' हेतु अर्णित वार्ष्णेय तथा पिन्नाकल ऑफ परफॉर्मेंस हेतु जानकी गुप्ता को स्मृति चिह्न एवं सेशे पहनाकर सम्मानित किया गया।

जोहरान ममदानी का विरोध करने वाले विवेकहीन:इकबाल

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के विधायक इकबाल महमूद ने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के निर्वाचन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझना चाहिए कि जो इंसान विदेश में, जहां मुसलमानों की संख्या बहुत कम है, मेयर बनता है तो उससे देश का सम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद भारतीय मुसलमानों ने हर क्षेत्र में जो काबिलियत दिखाई, उसका उपयोग देश में भी होना चाहिए। विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि ममदानी के मेयर बनने के बाद अमेरिका इस्लामी राष्ट्र बन जाएगा, जैसी बातें करने वाले यह बतायें कि अमेरिका में कितने मुसलमान हैं और भारत में कितने हैं। उन्होंने कहा कि भारत में 30-32 करोड़ मुसलमान हैं और यह सोचना कि हम प्रधानमंत्री नहीं बन सकते, प्रजातांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा नहीं करना है। मोहम्मद अली जिन्ना और पाकिस्तान के विभाजन का जिक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों को भारत से प्यार था वह यहां रहे और जिन्हें जिन्ना से प्यार था वह पाकिस्तान चले गए। यदि पाकिस्तान न बनता तो आज भारत में मुस्लिम समुदाय की स्थिति अलग होती और वह भी प्रधानमंत्री के दावेदार बन सकते थे। उन्होंने विपक्षियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो ममदानी का विरोध कर रहे हैं उनके पास विवेक नहीं है।

राष्ट्रीय गीत न गाने से देशभक्ति पर नहीं उठाया जा सकता सवाल :बर्क

संभल, अमृत विचार : सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम को लेकर कहा कि उनके दादा शफीकुर्रहमान बर्क ने जीवनभर वंदेमातरम का विरोध किया और उन्होंने भी कभी वंदेमातरम नहीं गाया। उन्होंने कहा कि इससे उनकी देशभक्ति पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। सांसद बर्क ने कहा कि मैं किसी को सफाई देने के लिए नहीं बैठा हूं कि मैं कितना बड़ा देशभक्त हूं। उन्होंने कहा कि जन गण मन खड़े होकर दिल से गाते भी हैं। वंदेमातरम गाने के लिए किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय गीत में कुछ शब्द ऐसे हैं जो उनके मजहब के खिलाफ हैं। इस देश की धरती से हम मोहब्बत करते हैं, वफादार हैं, लेकिन इबादत नहीं कर सकते। सांसद ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी 1986 के एक मामले में यह कह चुका है कि किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता कि वह वंदे मातरम गाये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान में ऐसा कोई शब्द नहीं है जिससे हमारे मजहब की आस्था पर फर्क पड़े, इसलिए राष्ट्रगान हम दिल से गाते हैं और हमेशा गाते रहेंगे। बर्क ने कहा कि राष्ट्रगान का सम्मान हर स्थान पर होना चाहिए, स्कूल, कॉलेज, मदरसे सभी में होता भी है। लेकिन राष्ट्रगीत में हमारे मजहब के विरोध वाले शब्द हैं, इसलिए उसे गाने के लिए किसी को मजबूर नहीं किया जा सकता।

डीएम ने की एसआईआर अभियान की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने विकासखंड गुन्नौर क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय सैंजना मुस्लिम तथा उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्र वितरण की प्रगति की जानकारी ली और मौके पर ही गणना प्रपत्र की दो-दो प्रतियों में वितरण कराया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 9 नवंबर को भी गणना प्रपत्रों का वितरण किया जाए और 11 नवंबर तक 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने गणना प्रपत्र से जुड़े निर्देशों और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सैंजना मुस्लिम व कंपोजिट विद्यालय की शैक्षिक तथा भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं से भी निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छता कार्य कराया जाए। अध्यापकों को विद्यालय परिसर की स्वच्छता पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश दिए।

परिषदीय विद्यालय में एसआईआर को लेकर निर्देश देते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया।

- तीन दिन में गणना प्रपत्रों का सौ प्रतिशत वितरण करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने ग्राम सैंजना मुस्लिम में सरकारी भूमि को चिन्हित कर दो दिवस के भीतर अवगत कराने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए। कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गुन्नौर का निरीक्षण कर चहारदीवारी, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय परिसर को घर जैसा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण देना आवश्यक है। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुरक्षा गार्ड से मारपीट में छह पर रिपोर्ट दर्ज

बबराला,अमृत विचार: यारा फर्टिलाइजर के एक कर्मचारी के सेवानिवृत्ति समारोह से लौटते समय गांव मेहुआ हसनगंज निवासी नरेश, धर्मवीर, देवा, बंटी, शेर सिंह और एक अन्य व्यक्ति अपने साथियों के साथ यारा फर्टिलाइजर के मुख्य गेट पर पहुंचे। गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड होमेन्द्र ने नाम पूछे, जिस पर नरेश ने गाली-गलौज करते हुए गार्ड पर हमला कर दिया। धर्मवीर व अन्य साथियों ने भी गार्ड से मारपीट की। सुरक्षा एजेंसी के स्थानीय अधिकारी अजय कुमार भाटी ने तहरीर में बताया कि आरोपियों ने कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आग लगाने की धमकी भी दी। पुलिस ने पांच नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

फ्री राशन वितरण शुरू 25 तक चलेगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में नि :शुल्क राशन वितरण का विशेष अभियान शनिवार से शुरू हो गया है, जो 25 नवंबर तक चलेगा। खाद्य एवं रसद विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के आपूर्ति अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वितरण पूरी तरह ई-पास मशीन के माध्यम से दर्ज किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी पात्र कार्डधारक को राशन से वंचित न रहना पड़े। फ्री राशन वितरण योजना के तहत पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल, यानी कुल 5 किलो अनाज प्रति सदस्य नि :शुल्क दिया जाएगा। वहीं, अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल, यानी कुल 35 किलो राशन फ्री मिलेगा।

वंदे भारत ट्रेनों से यूपी में पर्यटन को नई उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बनारस से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन ट्रेनों से राज्य में पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई दिशा मिलेगी। शुरू होने वाली इन ट्रेनों में बनारस-खजुराहो और लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल हैं। पर्यटन मंत्री ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत ट्रेनें यात्रियों को न केवल तेज, आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव देंगी, बल्कि काशी, प्रयागराज, लखनऊ, सहारनपुर और बुंदेलखंड जैसे प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों तक पहुंच को आसान बनाएंगी।

भारत पर्व में प्रतिभाग करेंगे प्रदेश के कलाकार

अमृत विचार, लखनऊ : संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारत पर्व 2025 में भाग लेने के लिए संस्कृति विभाग उप्र. के चयनित सांस्कृतिक दल केवड़िया (गुजरात) के लिए प्रस्थान करेगा। यह पहल उप्र. की कला और संस्कृति को "संरक्षण से संवर्धन" की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे प्रदेश की संस्कृति को भारत की आत्मा के रूप में पहचाना जाएगा और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना जीवंत होगी। पर्यटन मंत्री ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि विभाग द्वारा चयनित सांस्कृतिक दल में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए श्रेष्ठ कलाकार शामिल हैं, जो प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सशक्त रूप से प्रदर्शित करेंगे।

प्रधानमंत्री को सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार में चुनावी सभाओं में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन

की सरकार बन रही है। मै तेजस्वी यादव से कहूंगा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद बिहार के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर उनको आगे की पढ़ाई के लिए मदद करेंगे। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि दिल्ली से जो आते हैं, वे प्रधानमंत्री नहीं उद्योगपति हैं। उन्हें गरीबों की चिंता नहीं है। उन्होंने महंगाई चरम पर पहुंचा दिया है। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए। डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ा दिये। उन्हें गरीबों नहीं सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता है। उन्होंने बताया कि भाजपाई उद्योगपतियों को बैंकों से पैसा दिलाते हैं। उद्योगपतियों को बढ़ाते हैं। पिछले दस साल में अपने करीबी उद्योगपतियों को बैंकों में जमा जनता का पैसा दिलाकर बहुत आगे बढ़ा दिया है। जनता भाजपा के धोखा और झूठ को समझ गयी है।

चुनाव आयोग जिम्मेदारी नहीं निभा रहा : आराधना

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा

है। वह भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। वह कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि ईसीआई आधार कार्ड को आईडी नहीं मान रहा है, तो पीएम नरेंद्र मोदी खुद जवाब दें। क्योंकि वे लगातार आधार का ही बखान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में एसआईआर का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए संविधान बचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू हो रहा है। इसका हर हाल में विरोध किया जाएगा। राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसे रोकने की मांग की जाएगी। इस मौके पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया, सांसद उज्ज्वल रमन सिंह, किशोरी लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने बाल कवि सम्मेलन कराने की जताई इच्छा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मोदी ने विद्यार्थियों की कविता सुन रचनात्मकता को सराहा
- मुख्यमंत्री जल्द पीएम की इच्छा अनुरूप बनाएंगे कार्ययोजना

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वंदे भारत ट्रेनों के शुभारंभ समारोह में काशी के विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और कहा कि बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए 'बाल कवि सम्मेलन' आयोजित कराया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि शिक्षक और प्रशासन मिलकर इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करें। मोदी के इस निर्देश पर जल्द ही योगी सरकार कार्ययोजना तैयार करेगी।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन के दौरान सीट पर बैठे बच्चों से बात करने पहुंचे। इसी दौरान विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत' विषय पर शानदार कविताएं और चित्र प्रस्तुत किए। इससे पीएम मोदी इतने आह्लादित हुए कि मंच से जिक्र करना नहीं भूले। कहा कि काशी के सांसद के रूप में मुझे गर्व है कि मेरे शहर के बच्चे इतने प्रतिभाशाली हैं। मैं चाहता हूं कि इन बच्चों का कवि सम्मेलन काशी में कराया जाए और कुछ बच्चों को पूरे देश में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि बच्चों की रचनात्मक सोच विकसित भारत की मजबूत नींव रखेगी। ये बच्चे ही भविष्य के इंजीनियर, वैज्ञानिक, कवि और नीति निर्माता हैं। हमें उनकी प्रतिभा को मंच देना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी की ऊर्जा और उत्साह पूरे देश को प्रेरित करता है। विकसित भारत के निर्माण में काशी का योगदान हमेशा अग्रणी रहेगा। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को विकसित भारत के युवा दूत बताते हुए उन्हें नई तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

शनिवार को वाराणसी के दो दिवसीय कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी को विदा करते मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

बच्चों में पढ़ने की आदत जगाएगा शिक्षा विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मोबाइल और इंटरनेट की बढ़ती लत से दूर कर बच्चों को पुस्तकों के प्रति आकर्षित करने की दिशा में अब शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। विभाग के निर्देश पर अब विद्यार्थियों को हर सप्ताह एक नई पुस्तक पढ़ने को दी जाएगी, जो उनके पाठ्यक्रम से अलग होगी।

इसके बाद विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में उस पुस्तक का सारांश प्रस्तुत करना होगा। साथ ही, विद्यालयों में पुस्तक आधारित प्रतियोगिताएं, चर्चाएं और क्विज भी कराई जाएंगी। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों पुस्तक पढ़ो अभियान को विद्यालयों में व्यापक रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न के स्थान पर पुस्तक भेंट की जाए।

इसके अलावा, विद्यालयों में पुस्तक चर्चा, समीक्षा सत्र और साहित्यिक गोष्ठियां आयोजित की जाएं ताकि विद्यार्थी केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि अपने विचार साझा करने की भी आदत विकसित करें।

15 तक सभी जिलों में गणना प्रपत्र करें वितरित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की एसआईआर की समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नवदीप रिणवा

- मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करें: रिणवा
- कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो
- अधिकांश जिलों में गणना प्रपत्र की छपाई लगभग पूरी

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो और सभी पात्र नागरिकों के नाम अवश्य जोड़े जाएं।

वे शनिवार को प्रदेशभर के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति को लेकर वर्चुअल बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया और आयोग के निर्देशों से अवगत करा दिया है। राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है, जो बीएलओ का सहयोग करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समीक्षा में पाया कि अधिकांश जिलों में गणना प्रपत्र की छपाई लगभग पूर्ण हो चुकी है। हालांकि प्रयागराज, मेरठ, हरदोई, बहराइच, वाराणसी, बलरामपुर, सोनभद्र, गाजीपुर, देवरिया, अमरोहा, जौनपुर, फतेहपुर, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कासगंज, आगरा, उन्नाव, बदायूं, बांदा और हापुड़ में वितरण की गति धीमी पाई गई। इन जिलों को 15 नवंबर तक शत-प्रतिशत वितरण पूरा करने के निर्देश दिए गए।

रिणवा ने कहा कि सभी बीएलओ एडवांस वर्जन 8.7 वाले बीएलओ को प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिए जा रहे हैं, उन्हें ऐप पर मार्क करते रहें, ताकि वितरण की प्रगति ऑनलाइन अपडेट हो सके। मतदाता स्वयं भी voters.eci.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान सूची की मैपिंग का कार्य दो दिनों में पूर्ण किया जाए। मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने "बुक ए कॉल विद बीएलओ" सुविधा भी प्रारंभ की है, जिसके अंतर्गत कोई भी मतदाता पोर्टल पर आवेदन कर अपने बीएलओ से बात करने की रिक्वेस्ट कर सकता है। बीएलओ को 48 घंटों के भीतर संपर्क कर निस्तारण करना होगा। रिणवा ने स्पष्ट किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही या निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

मतदाताओं को फोन कर हो रहा समाधान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस सुविधा का वोटर हेल्पलाइन 1950 की तरह प्रचार-प्रसार हो। सभी जिलों में जिला संपर्क केंद्र (डीसीसी) संचालित कर दिए गए हैं, जहां मतदाताओं की कॉल दर्ज कर समाधान किया जा रहा है। किसी भी जिले में डीसीसी से संपर्क के लिए उस जिले के एसटीडी कोड के साथ 1950 डायल करना होगा।

सोशल मीडिया पर साझा होगी दैनिक प्रगति

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि एसआईआर की दैनिक प्रगति मीडिया और सोशल मीडिया पर साझा की जाए और किसी भी भ्रामक पोस्ट का तथ्यपरक उत्तर तत्काल दिया जाए। बीएलओ को मानदेय समय से प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

टेंडर में कम रेट डालने पर देनी होगी डेढ़ गुना सिक्योरिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लोक निर्माण विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव
- मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद कैबिनेट में होगा पेश, ठेकेदारों पर बढ़ेगा वित्तीय अनुशासन

अमृत विचार : सरकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। इसी मकसद से लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के नियमों में बड़ा बदलाव करने की तैयारी की है। अब अगर कोई ठेकेदार विभागीय लागत से बहुत कम दर पर टेंडर भरेगा, तो उसे 50 से 150 प्रतिशत तक अतिरिक्त परफार्मेंस सिक्योरिटी जमा करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद प्रस्ताव राज्य कैबिनेट में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

लोक निर्माण विभाग का मानना है कि बेहद कम रेट पर बोली लगाने से कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है, इसलिए ठेकेदारों को सोच-समझकर रेट भरने की दिशा में यह बड़ा कदम है। अभी तक के नियमों के अनुसार, यदि ठेकेदार विभागीय लागत से कम दर लगाता है तो उतने प्रतिशत का परफार्मेंस सिक्योरिटी जमा करना होता है, पर नई व्यवस्था में यह काफी सख्त की गई है।

हर टेंडर पर लागू होगा नया नियम

प्रस्ताव के अनुसार, यह प्रावधान सड़कों, पुलों, पुलियों, भवनों सहित सभी प्रकार के सरकारी निर्माण कार्यों के टेंडरों पर लागू होगा। विभाग का तर्क है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने के लिए ठेकेदारों की वित्तीय जवाबदेही और जोखिम दोनों बढ़ाने होंगे। नया प्रावधान ठेकेदारों को कम दरों की अनावश्यक होड़ से रोकेगा। जो भी कार्य होंगे, वे गुणवत्ता के मानकों पर खरे उतरेंगे। इसका उद्देश्य किसी पर बोझ डालना नहीं बल्कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

प्रस्ताव के मुताबिक, यदि किसी ठेकेदार या निर्माण एजेंसी ने टेंडर में विभाग द्वारा आगणित लागत से 10 प्रतिशत तक कम रेट भरा है, तो उसे कोई अतिरिक्त परफार्मेंस सिक्योरिटी नहीं देनी होगी। 10 से 15 प्रतिशत कम रेट डालने पर लागत के अंतर का 50 प्रतिशत परफार्मेंस सिक्योरिटी के रूप में जमा कराना होगा। 15 से 20 प्रतिशत कम रेट पर यह सिक्योरिटी 100 प्रतिशत होगी। 20 प्रतिशत से अधिक कम रेट डालने वालों को लागत के अंतर का 150 प्रतिशत तक परफार्मेंस सिक्योरिटी जमा करनी होगी।

मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा का मतदाता पुनरीक्षण अभियान संगठन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय : धर्मपाल

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रमाणिक मतदाता सूची सशक्त लोकतंत्र की बुनियाद है। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न होना, यही सच्चे लोकतांत्रिक समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि जिला व विधानसभा स्तर पर वॉर रूम बनेगा।

वह शनिवार को चंदौसी और गाजीपुर में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्षों, विधानसभा संयोजकों और पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतदाता पुनरीक्षण अभियान संगठन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी हर गांव, हर गली और हर घर तक पहुंचेगी ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और बोगस मतदाताओं के नाम हटाए जाएं। यह अभियान केवल संगठनात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि लोकतंत्र को स्वच्छ और पारदर्शी बनाने का एक राष्ट्रीय दायित्व है।

अलीगढ़ में एसआईआर पर लगाई जाए रोक : सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2003 की मतदाता सूची से एसआईआर कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उप्र. के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि 76-अलीगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जारी स्पेशल इन्टेंसिव रीविजन (एसआईआर) प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए और निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुरूप 2003 की मतदाता सूची के आधार पर एसआईआर कराई जाए।

प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को ज्ञापन की जानकारी देते हुए बताया कि अलीगढ़ के 76-अलीगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 383 पोलिंग स्टेशनों की 2003 की मतदाता सूची न तो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, न ही जिला निर्वाचन कार्यालय या बीएलओ के पास। ऐसी स्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 2002 की मतदाता सूची के आधार पर एसआईआर शुरू कराई जा रही है, जबकि करीब 150 पोलिंग स्टेशनों के बीएलओ. के पास 2002 की सूची भी नहीं है।

उन्होंने बताया कि 2003 की सूची उपलब्ध न होने की स्थिति में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं, जो लोकतंत्र की हत्या के समान होगा और निर्वाचन आयोग के नियमों का खुला उल्लंघन है।

प्रदेशभर में भाजपा निकालेगी एकता पदयात्राएं, तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने की तैयारियों की समीक्षा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के राष्ट्रीय संयोजक सुनील बंसल ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ अभियान की तैयारियों को लेकर वर्चुअल बैठक सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। यह आयोजन 10 से 20 नवंबर के बीच प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में यूनिटी मार्च पदयात्राएं निकाली जाएंगी। ये यात्राएं राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ गांव, गली और शहरों तक पहुंचेंगी।

बंसल ने कहा कि प्रत्येक पदयात्रा लगभग 8 से 10 किलोमीटर मार्ग तय करेगी। यात्रा मार्ग पहले से निर्धारित कर तैयारी बैठकें की जाएंगी। पदयात्रा की शुरुआत किसी बड़े कार्यक्रम से होगी, मार्ग में पौधरोपण, सांस्कृतिक आयोजन तथा समापन स्थल पर सभा आयोजित की जाएगी। बंसल ने बताया कि यात्राओं का नेतृत्व प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक करेंगे।

छापेमारी में मिले 43 लाख नकद और दस्तावेज

मोनाड यूनिवर्सिटी से जुड़े फर्जी डिग्री घोटाले मामले में कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुरुवार को यूपी, दिल्ली व हरियाणा के 15 ठिकानों पर एक साथ हुई थी छापेमारी

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा के 15 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की यह कार्रवाई मोनाड यूनिवर्सिटी से जुड़े फर्जी डिग्री घोटाले की जांच के दौरान की गई। छापेमारी के दौरान टीम को 43 लाख रुपये नकदी, अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मिले।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी के संबंध में शुक्रवार देर रात को सूचना जारी की। साथ ही अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर जानकारी दी। ईडी के अधिकारी के मुताबिक, गुरुवार की छापेमारी के दौरान 43 लाख रुपये, कई गोपनीय दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किये गये हैं। सारे दस्तावेज फर्जी डिग्रियों की बिक्री और कथित धनशोधन से जुड़े बताए जा रहे हैं।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में एक साथ 15 ठिकानों पर छापेमारी की। एजेंसी की टीमें नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद, दिल्ली और गुरुग्राम सहित कई स्थानों पर पहुंचीं और संदिग्ध लोगों के आवासों व कार्यालयों की तलाशी ली। इस दौरान डिजिटल डेटा, ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड और फर्जी डिग्री से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आई हैं।

यह था मामला

यूपी एसटीएफ ने 18 मई को मोनाड विश्वविद्यालय में छापा मारा था। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में जाली शैक्षणिक दस्तावेज बरामद हुए। जिसमें अंकपत्र, डिग्री, प्रोविजनल सर्टिफिकेट व माइग्रेशन सर्टिफिकेट शामिल थे। ये सारे मोनाड विश्वविद्यालय पिलखुआ हापुड़ द्वारा जारी किये गये थे। आरोपियों ने हजारों रुपये लेकर ये सारे दस्तावेज बेचे थे। इस मामले में एसटीएफ ने तत्काल दस आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ पिलखुआ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि विजेंद्र सिंह उर्फ विजेंद्र सिंह हुड्डा इस संगठित गिरोह का मास्टरमाइंड और सरगना है। वह मोनाड विश्वविद्यालय का कुलाधिपति और नियंत्रक अधिकारी है। साथ ही इसकी जानकारी हुई कि वह सरस्वती मेडिकल कॉलेज, उन्नाव का सचिव भी है। इस मामले में एसटीएफ 11 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया है।

अपने क्षेत्र में फर्जी वोटर पहचानें और शिकायत करें : ब्रजेश पाठक

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वोटर लिस्ट का अध्ययन करें। अपने क्षेत्र के फर्जी वोटरों को पहचानें और उनकी शिकायत करें। व्यापक स्तर पर विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान आयोजित किया जा रहा है। उप्र. विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं। प्रदेश में मतदाता सूची को त्रुटि-मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का विवरण ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री, शनिवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के बीएलए एवं बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

खुलासा | नौ दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर चल रही पूछताछ, उगले कई राज

युवकों को जिहाद के लिए तैयार कर रहा था बिलाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस की गिरफ्त में है एक्यूएएस संगठन का सक्रिय सदस्य

अमृत विचार: सहारनपुर का रहने वाला बिलाल खान जिस आतंकी संगठन अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट (एक्यूएएस) का सक्रिय सदस्य है। उसका गठन तीन सितंबर 2014 को अलकायदा ने किया था। इसके माध्यम से भारत में आतंकी गतिविधियों और हिंसात्मक जिहाद करने की साजिश रची जाने लगी। बिलाल ने इसके लिए जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तर भारत के कई राज्यों में नेटवर्क खड़े करने लगा। युवकों से सीधा संपर्क कर उनको हिंसात्मक जिहाद के लिए तैयार करने लगा। इसके लिए वह ऑपरेशन सिंदूर में मारे गये आतंकियों को बिलाल खान ने शहीद बताया। एटीएस की जांच में खुलासा हुआ कि वह हिंसात्मक जिहाद से जुड़े हजारों लोगों की सूची भी तैयार कर रखा था। जिनके मोबाइल पर उसने भड़काऊ वीडियो भी भेजे हैं।

एटीएस की जांच में सामने आया कि बिलाल पाकिस्तान के 4 हजार नंबरों से लगातार संपर्क में था। वह ओसामा, अल जवाहरी व मसूद अजहर की तरह बन कट्टरवाद को पूरी दुनिया में फैलाना चाहता था। उसके निशाने पर भारत के प्रमुख राज्य, धार्मिक स्थल और धर्मगुरु निशाने पर थे। एटीएस को जब इसकी जानकारी हुई जांच शुरू की और 15 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कर बिलाल को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस की अर्जी पर कोर्ट ने 4 नवंबर से 12 नवंबर तक की नौ दिन की रिमांड मंजूर की है। अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट का सक्रिय सदस्य था। बिलाल द्वारा अपने पाकिस्तानी हैंडलर के जरिये ऑर्गेनाइजेशन से ज्वाइन करने के बाद सामने आई। यह लगातार पाकिस्तानी हैंडलर से बात करता और उनके माध्यम से एक्यूआईएस की गतिविधि अंजाम देने के लिए निर्देश मिलते थे।

एटीएस की पूछताछ व बिलाल के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से कई अहम राज सामने आये। बिलाल ने एक्यूआईएस की बयत (निष्ठा की शपथ) अपने पाकिस्तानी हैंडलर से ले रखी थी। एटीएस बिलाल व उसके साथियों से पिछले पांच दिन से पूछताछ कर रही है। कुछ अहम सुराग मिले हैं। जिसके आधार पर अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

पाकिस्तान से करता था मॉड्यूल का संचालन

तीन सितंबर 2014 को अलकायदा ने अपने इंडियन सब कांटीनेंट माड्यूल (एक्यूआइएस) का गठन किया था और भारत में इसकी गतिविधियों को बढ़ाने की जिम्मेदारी अलकायदा के चीफ रहे खूंखार आतंकी अल जवाहिरी को सौंपी गई थी। अल जवाहिरी की अफगानिस्तान में मौत हो गई थी। उसके बाद मौलाना असिफ उमर को इंडियन माड्यूल को आगे बढ़ाने का जिम्मा सौंपा गया था। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के संभल का निवासी असिम उमर पाकिस्तान चला गया था और वहीं से इस माड्यूल का संचालन कर रहा था। पाकिस्तान में रहकर वह भारत में आतंकियों की नर्सरी तैयार करने में जुटा था।

बिजली बिल समय से चुकाएं सरकारी संस्थान : गोयल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने सभी राजकीय एवं अर्द्धराजकीय संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें, ताकि विलंब भुगतान अधिभार (अर्थदंड) से बचा जा सके। शासन ने स्पष्ट किया है कि विद्युत बिलों का भुगतान अब केंद्रीयकृत रूप से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा किया जाना निर्धारित है, बावजूद पंचायती राज विभाग के अधीन संस्थान, जल निगम (नगरीय एवं ग्रामीण) आदि अभी भी स्थानीय स्तर पर भुगतान कर रहे हैं।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने राज्य के सरकारी व अर्द्धसरकारी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शासनादेश संख्या 1/2022/ई-099/22/2022, 05 मई 2022 के अनुसार यह व्यवस्था लागू की गई थी, ताकि सभी सरकारी उपभोक्ता समय से बिल चुका सकें। परंतु कुछ संस्थाओं द्वारा भुगतान में देरी के कारण यूपीपीसीएच को उत्पादकों को भुगतान करने में कठिनाई हो रही है, जिससे पावर कॉरपोरेशन को या तो राज्य सरकार से अतिरिक्त धनराशि मांगनी पड़ती है या फिर ऊंची ब्याज दर पर लोन लेना पड़ता है।

अमृत विचार

रविवार, 9 नवंबर 2025



मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा।
तेरा तुझकौं सौंपता, क्या लागै है मेरा॥

कबीरदास जी कहते हैं, मेरे पास मेरा अपना कुछ भी नहीं है। मेरा यश, मेरी धन-संपत्ति सब कुछ तुम्हारा ही है। जब मेरा कुछ भी नहीं है, तो उसके प्रति मोह कैसा? इसमें मेरा कुछ भी नुकसान नहीं है, क्योंकि मैं तेरी दी हुई चीजें, तुझे ही समर्पित करता हूं।

वंदे मातरम् : राष्ट्रीय पुनर्जागरण का बीज मंत्र

शब्दों के घटक अक्षर और अक्षर की घटक ध्वनि। ध्वनियों के कुशल संयोजक राग गढ़ते हैं। कोई शब्द अपनी अक्षर शक्ति से मंत्र बन जाते हैं। ऐसा अक्सर नहीं होता। ऐसा तभी होता है, जब दिक्काल शुभ मुहूर्त की रचना करे। ऐसी मुहूर्त में उत्पन्न होता है शक्तिशाली शब्द, जिसका पुरुश्चरण होता रहता है। वंदे मातरम् बंकिम चन्द्र के उपन्यास 'आनंद मठ' का हिस्सा है। राष्ट्रीय आंदोलन में भारत के अवनि अंबर वंदे मातरम् के घोष से आपूरित रहे हैं। वंदे मातरम् राष्ट्रीय पुनर्जागरण का बीज मंत्र है। अभी तीन दिन पहले इसकी 150 वीं जन्म जयंती मनाई गई। दुनिया के किसी भी देश में घर-घर पहुंचने वाली ऐसी काव्य रचना नहीं मिलती।

> प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने संविधान सभा (25 अगस्त, 1948) में बताया, "संयुक्त राष्ट्र जनरल असेंबली (1947) में हमारे प्रतिनिधि से राष्ट्रगान की मांग की गई। हमारे पास राष्ट्रगान की कोई रिकार्डिंग नहीं थी, जिसे हम विदेश भेज सकते। प्रतिनिधि के पास 'जन गण मन' का रिकार्ड था। इसे बजाया गया तो अनेक देशों के प्रतिनिधियों को बहुत पसंद आया। तब से यही हमारी सेना, विदेशी दूतावासों आदि में जरूरी अवसरों पर बजाया जाता है।"

'वंदे मातरम्' मंत्र का अवतरण वैदिक ऋचाओं की ही तरह 7 नवंबर, 1875 को हुआ। अंग्रेजी राज के विरुद्ध देश की सांस्कृतिक राष्ट्र भावाभिव्यक्ति वंदे मातरम् में प्रकट हुई। वंदे मातरम् 'आनंद मठ' (1882) में छपा। कांग्रेस 1885 में बनी। एक वर्ष बाद कलकत्ता में हुए अधिवेशन (1886) में हेमेन्द्र बाबू ने वंदे मातरम् गाया। अध्यक्ष मो. रहमत उल्लाह सयानी ने कोई प्रतिवाद नहीं किया। 1896 के कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे देशराग एक ताल में गाया। ब्रिटिश सत्ता वंदे मातरम् से डर गई। सरकार ने बंगाल विभाजन की घोषणा की। विरोध शुरू हो गया। बंगभंग 16 अक्टूबर, 1905 के दिन लागू होना था। बंगाल धधक उठा। भारत के अवनि-अंबर में वंदे मातरम् था। 8 नवंबर, 1905 को वंदे मातरम् प्रतिबंधित हो गया। विश्वविख्यात चिंतक विल डूरेन्ट ने बाद में कहा-"इट वाज 1905, देन दैट इंडियन रिवोल्यूशन बिगैन।" वाराणसी के कांग्रेस अधिवेशन (1905) में फिर से वंदे मातरम् गूंजा। पूर्वी बंगाल में कांग्रेस ने शोभायात्रा (1906) निकाली। सेना ने लाठीचार्ज किया। कांग्रेसी नेता अब्दुल रसूल सहित सबने वंदे मातरम् का जयकारा लगाया। कांग्रेस के राष्ट्रवादी नेता विपिन चन्द्र पाल के अखबार 'वंदे मातरम्' पर वंदे मातरम् की प्रशंसा लिखने पर मुकदमा (26.8.1907) चला। विपिन पाल ने "वंदे मातरम् के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को राष्ट्रद्रोह" बताया। उन्हें 6 माह की सजा की घोषणा हुई। अदालत के बाहर वंदे मातरम् का जयघोष हुआ। भयंकर लाठीचार्ज में दूर बैठा 15 वर्षीय शिशु सुशील कुमार भी पीटा गया। उसने प्रतिवाद किया। उसे 15 बेतों की सजा सुनाई गई। बेंत की हर मार पर उसने 'वंदे मातरम्' कहा। 1905-06 वंदे मातरम् के उत्ताप का कालखंड है। वंदे मातरम् देश के सभी क्षेत्रों में भारत भक्ति का स्वाभिमान बना।

भारत के अनेक भाषा भाषी कवियों ने 'वंदे मातरम्' अनुवाद किया। विश्वविख्यात कवि सुब्रमण्यम भारती ने तमिल में वंदे मातरम् गाया। फिर ल.न. पंतलु ने तेलगु में वंदे मातरम् की भावाभिव्यक्ति दी। भाषाएं अनेक, भारत माता और वंदे मातरम् एक का आसेतु हिमाचल प्रवाह था। 2005 में आरिफ मोहम्मद खान (सम्प्रति राज्यपाल) ने इसका एक और उर्दू अनुवाद किया है। समाज के सभी वर्गों में वंदे मातरम् की लोकप्रियता थी, लेकिन इसी मंत्र के माध्यम से सत्ता में आई कांग्रेस का इतिहास समझौतावादी ही रहा। काकीनाडा कांग्रेस अधिवेशन (1923) हुआ। पं. विष्णु दिगंबर पुलस्कर के वंदे मातरम् गायन के समय अध्यक्ष मो. अली ने प्रतिकार किया। पुलस्कार गाते रहे, वे चले गए। वंदे मातरम् समाज के प्रत्येक हिस्से में था, लेकिन कांग्रेस कार्यकारिणी (कलकत्ता 28.10.1937) ने इसमें काट छांट की और प्रथम दो चरण ही गाए जाने का प्रस्ताव किया। मो. अली जिन्ना के 11 सूत्री मांग पत्र में एक सूत्र 'वंदे मातरम्' को खारिज किए जाने का भी था।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

भारतीय स्वाधीनता (15 अगस्त, 1947) के सुप्रभात पर श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वंदे मातरम् गाया। आकाशवाणी के निदेशक ने संगीताचार्य पं. ओंकारनाथ ठाकुर से वंदे मातरम् गायन का न्योता देते हुए कहा-"सरदार पटेल ने आपको बुलाया है।" ठाकुर ने कहा-"हम आएंगे तो 'पूरा' गाएंगे।" दिल्ली ने 'हां' किया। आकाशवाणी से वंदे मातरम् का पूरा प्रसारण हुआ, लेकिन आजादी के 1 वर्ष बाद ही राष्ट्रगान 'जन गण मन' आ गया। क्यों आ गया?

प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने संविधान सभा (25 अगस्त, 1948) में बताया, "संयुक्त राष्ट्र जनरल असेंबली (1947) में हमारे प्रतिनिधि से राष्ट्रगान की मांग की गई। हमारे पास राष्ट्रगान की कोई रिकार्डिंग नहीं थी, जिसे हम विदेश भेज सकते। प्रतिनिधि के पास 'जन गण मन' का रिकार्ड था। इसे बजाया गया तो अनेक देशों के प्रतिनिधियों को बहुत पसंद आया। तब से यही हमारी सेना, विदेशी दूतावासों आदि में जरूरी अवसरों पर बजाया जाता है।" पंडित जी के तर्क दिलचस्प हैं। उनके तर्क और स्पष्टीकरण गले नहीं उतरते। पंडित नेहरू ने कहा, "देश के पास राष्ट्रगान की उपयुक्त रिकार्डिंग नहीं थी।" विदेशी प्रतिनिधियों को जन गण मन भा गया। पंडित जी ने आगे कहा-"मैंने प्रदेशों के राज्यपालों से इस पर राय भेजने हेतु पत्र लिखा है। मंत्रिमंडल का फैसला है कि संविधान सभा में अंतिम निर्णय होने तक 'जन गण मन' ही राष्ट्रगान के रूप में गाया जाएगा।" (वही-संविधान सभा) पंडित जी ने मुख्यमंत्रियों के बजाय राज्यपालों से ही क्यों मशविरा मांगा? क्या राज्यपाल केन्द्र के आज्ञापालक थे? मद्रास के तत्कालीन राज्यपाल आर्ची वालग्ड एडवर्ड, उड़ीसा के आसफ अली, बंबई के धर्मांतरित ईसाई महाराज सिंह, असम के सर अकबर हैदरी आदि नेहरू विचार से भिन्न राय क्यों देते? बेशक पं. बंगाल के मुख्यमंत्री ने वंदे मातरम् पर आग्रही रुख अपनाया।

पंडित जी ने जन गण मन और वंदे मातरम् विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा-"राष्ट्रगान के रूप में वंदे मातरम् और जन गण मन में एक विवाद-सा उत्पन हो गया है। वंदे मातरम् की महान ऐतिहासिक परंपरा है। कोई दूसरा गीत इसे विस्थापित नहीं कर सकता। जहां तक राष्ट्रगान की धुन का सवाल है, शब्दों के अर्थ की बनिस्पत धुन ज्यादा आवश्यक है। यह धुन ऐसी कि भारतीय संगीत और पाश्चात्य संगीत दोनों का प्रतिनिधित्व करती हो, जिससे इसके आर्केस्ट्रा और बैंड संगीत दोनों में सरलता से विदेश में उपयोग हेतु बजाया जा सके।" (संविधान सभा वही, 25.8.1948)

पंडित जी ने बैंड, आर्केस्ट्रा राग आदि का बहाना बनाया। जबकि यदुनाथ भट्ट ने वन्दे मातरम् को 'राग मल्हार' में गाया। नोपाल चन्द्रधर ने 'देश मल्हार' में और हीराबाई बड़ोदकर ने 'तिलक कामोद' में गाया। वि.दे. अभ्यंकर ने राग 'खंभावती' व कृष्ण राव ने 'राग झिझोटी' में गाया। पुलस्कर ने कई राग मिलाकर गाए, गंगूबाई हंगल व ओंकारनाथ ठाकुर ने इसी के लिए नया रागः बनाया। लता मंगेश्कर ने इसे परवान चढ़ाया। ए. आर. रहमान को संगीत प्रस्तुतिकरण को सबने सराहा पर कांग्रेस ने हमेशा 'तुष्टीकरण राग' में ही गाया। संविधान सभाध्यक्ष ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित (24 जनवरी, 1950) कर दिया। राष्ट्र ने संविधान सभा का निर्देश शिरोधार्य किया पर अलगाववादी तत्वों ने 'वंदे मातरम्' को हिकारत से ही देखा। विवादों से 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रभाव का सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस और अलगाववादी बेपर्दो ही गए। बंगाली वामपंथी भी अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ नहीं रहे, पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मार्क्सवादी चितक डॉ. रामविलास शर्मा ने (स्वाधीनता संग्राम, पृ. 72) लिखा था-"बंगाल और भारत के नवजागरण (इतिहास) में 'वंदे मातरम्' को स्थान देना न देना इतिहास विवेचकों के हाथ में नहीं है। इतिहास निर्माताओं ने अपने कार्यों से इसे 'राष्ट्रीयता का मंत्र' बना दिया है।"

'व्यापारी ट्रंप' की नीतियों का शुरू हुआ विरोध

पिछले सप्ताह ट्रंप की अपनी ही रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सीनेटरों सहित कई दूसरे सीनेटरों ने अनेक प्रस्ताव पारित करके उनकी टैरिफ रणनीतियों का विरोध किया है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन के साथ अपनी व्यापार वार्ता को एक जीत बताया है और अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात को अद्भुत बताकर 10 में से 12 नंबर दिए हैं। दोनों शीर्ष नेताओं की यह मुलाकात एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण कोरिया में हुई थी। ट्रंप के लगातार भाषणों, बयानों पर दृष्टिपात किया जाए तो वे 'व्यापार सर्वोपरि' की नीति पर काम कर रहे हैं।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

दक्षिण कोरिया में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान ट्रंप और शी जिनपिंग ने व्यापार समझौते पर सहमति जताई है। दुनिया की 45 फीसद अर्थव्यवस्था वाले देश के राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन पर आयात टैरिफ 57 फीसद से घटाकर 47 फीसद कर दिया है। ट्रंप ने पहले दुर्लभ मृदा तत्वों पर नियंत्रण के कारण पहली नवंबर से चीन पर 100 फीसद शुल्क लगाने की धमकी दी थी। रेयर अर्थ यानी दुर्लभ मृदा तत्वों को लेकर विवाद कम हुआ है। यह वही मुद्दा था, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक व्यापार युद्ध छिड़ने का खतरा पैदा हो गया था। दोनों नेता व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हो गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार ट्रंप ने भले ही सुर्खियां बटोर ली हों, लेकिन जिनपिंग विजेता रहे हैं। शी ने ट्रंप के अहंकार को शांत किया है और अपने हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। यह वही ट्रंप हैं जिन्होंने अपने 2017 के एशियाई दौरे के दौरान रूस के साथ-साथ चीन को भी रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश किया था। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने बीजिंग के साथ संबंधों पर चार दशकों से चली आ रही सहमति को तोड़ दिया था। टकराव की खुली नीति शुरू की थी और बीजिंग की हठधर्मिता पर लगाम लगाने के लिए क्वाड जैसे नए गठबंधनों को बढ़ावा दिया था।

> पिछले सप्ताह ट्रंप की अपनी ही रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सीनेटरों सहित कई दूसरे सीनेटरों ने अनेक प्रस्ताव पारित करके ट्रंप की टैरिफ रणनीतियों का विरोध किया है। ट्रंप के लगातार भाषणों, बयानों पर दृष्टिपात किया जाए तो वे 'व्यापार सर्वोपरि' की नीति पर काम कर रहे हैं।

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने ट्रंप से एक संयुक्त अपील की है, जिसमें एच-1बी वीजा आवेदनों पर नए प्रतिबंध और 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने वाली घोषणा को वापस लेने का आग्रह किया है। इन सांसदों ने चेतावनी दी है कि इस कदम से अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव आ सकता है और अमेरिका का प्रौद्योगिकी नेतृत्व कमजोर हो सकता है। उन्होंने आगाह भी किया है कि इस फैसले से अमेरिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और भारत के साथ रणनीतिक संबंधों, दोनों को नुकसान होगा। दो राय नहीं कि ट्रंप की विदेश नीति के केंद्र में व्यापार है और इसका उद्देश्य उन सभी देशों और सहयोगियों के साथ आर्थिक रिश्तों को फिर से स्थापित करना है, जिनसे अमेरिकी बाजारों का हित सधता हो।

महिला पत्रकार व डिजिटल हिंसा

पत्रकारिता का मकसद होता है सच को सामने लाना और पीड़ितों की आवाज को ताकत देना, लेकिन जब वही पत्रकार खुद हिंसा और डर का शिकार बनने लगें तो इसे केवल पत्रकारिता के लिए ही नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी माना जाना चाहिए। पूरी दुनिया में महिलाओं को डिजिटल हिंसा का शिकार बनाया जा रहा है, लेकिन अब वह महिला पत्रकार सबसे ज्यादा निशाने पर हैं, जो सामान्य महिलाओं की आवाज उठाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की हाल में आई रिपोर्ट में इस खतरे की गंभीरता को उजागर किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में तीन-चौथाई महिला पत्रकारों को ऑनलाइन हिंसा का सामना करना पड़ा है। हर चार में से एक महिला पत्रकार को शारीरिक हमले या जान से मारने की धमकी मिली है। अब यह हिंसा केवल ट्रोलिंग या गालियों तक सीमित नहीं रही। एआई के जरिए डीपफेक, डॉक्सिंग और लैंगिक दुष्प्रचार जैसे नए हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है, इसका उद्देश्य महिला पत्रकारों को डराना, चुप कराना और उनकी साख को खत्म करना है। ऐसे लोग चाहते हैं कि महिला पत्रकारों को इस तरह भयभीत और हतोत्साहित कर दिया जाए, जिससे वह अपना काम ठीक से न कर पाएं। वह आम महिलाओं की आवाज को बुलंद कर पाएं। यूनेस्को ने चेताया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शुरू होने वाली यह हिंसा अब वास्तविक दुनिया में भी दिखने लगी है। हाल के एक अध्ययन में पाया गया है कि 14 प्रतिशत महिला पत्रकारों को ऑनलाइन धमकियों के परिणामस्वरूप असली जीवन में हिंसा झेलनी पड़ी है।

बड़ा सवाल है कि आखिर महिला पत्रकार ही क्यों निशाने पर हैं? दरअसल, महिला पत्रकार ही आम महिलाओं पर होने वाले अन्याय, उनके साथ हो रही घरेलू, सार्वजनिक और डिजिटल हिंसा के मामले उजागर करती हैं। पीड़ित महिलाएं भी पुरुषों के बजाय महिला पत्रकारों के समक्ष अपनी बात को खुलकर कह पाती हैं। महिला पत्रकार लैंगिक हिंसा, सत्ता के दुरुपयोग या असमानता जैसे मुद्दों पर जब स्टोरी करती हैं, तो यह न केवल पीड़ित महिलाओं की आवाज को बुलंद करती हैं, बल्कि वह उन फासीवादी ताकतों को भी ललकारती हैं, जो महिलाओं को सीमाओं में बंधे देखना चाहती हैं। इसी कारण महिला पत्रकारों को डराने और बदनाम करने की कोशिशें की जा रही हैं।

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सम्मेलन 2020 के दौरान प्रकाशित एक स्नैपशॉट रिपोर्ट में भी यह सब उजागर हुआ था। स्नैपशॉट रिपोर्ट के अनुसार एक सर्वेक्षण में उत्तर देने वाली 73 प्रतिशत महिला पत्रकारों ने अपने कार्य के दौरान ऑनलाइन हिंसा का अनुभव किया। 25 प्रतिशत को शारीरिक हिंसा की धमकियां मिलीं। 18 प्रतिशत को यौन हिंसा की धमकी दी गई, जबकि 20 प्रतिशत महिला पत्रकारों के साथ ऑनलाइन हिंसा के संबंध में ऑफलाइन हमला किया गया। इसी प्रकार यूक्रेन में किए गए सर्वे के मुताबिक 81 प्रतिशत महिला पत्रकारों ने ऑनलाइन हिंसा का सामना किया, जबकि जिम्बाब्वे में यह संख्या 63 प्रतिशत रही।

रिपोर्ट: भूख और पोषण का गणित

सभ्यता के आरंभ में जब मनुष्य ने पहला बीज मिट्टी में दबाया, तो उसने केवल अन्न नहीं बोया था, उसने भरोसा बोया था। उसने धरती से एक वादा किया था कि दोनों एक-दूसरे की भूख नहीं, जीवन पूरा करेंगे। रोटी तब जीवन का प्रतीक थी और आज भी है। बस संदर्भ बदल गया है। अब सवाल सिर्फ अन्न के उत्पादन का नहीं, बल्कि उसके न्यायपूर्ण वितरण और पोषणीय संतुलन का है।

जब 1945 में संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की स्थापना हुई थी। उस दौर में, विश्व युद्ध के बाद, जब भुखमरी, खाद्य संकट और कृषि अव्यवस्था ने मानवता की जड़ों को हिला दिया था, तब इस संगठन का लक्ष्य तय किया गया, 'दुनिया के हर व्यक्ति को पर्याप्त, सुरक्षित और पोषक भोजन उपलब्ध कराना' तथा कृषि को टिकाऊ और वैज्ञानिक दिशा देना। भारत ने 1945 में ही, स्वतंत्रता प्राप्त करने से पहले, खाद्य एवं कृषि संगठन की सदस्यता ग्रहण की थी। यह उस युग का भारत था, जो भले ही राजनीतिक रूप से स्वतंत्र न हुआ हो, लेकिन उसने भूख और पोषण के प्रश्न को अपनी सभ्यता की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया था। आज वही भारत खाद्य एवं कृषि संगठन के सबसे सक्रिय सदस्य देशों में है और 'श्रीअन्न' (मिलेट्स) को वैश्विक पहचान दिलाने में उसकी भूमिका निर्णायक रही है।

जय प्रकाश पांडेय
लेखक

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'विश्व खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति-2025' का विमोचन नई दिल्ली में किया। यह केवल एक वैश्विक दस्तावेज नहीं, बल्कि उस दिशा में उठाया गया विचारात्मक कदम है, जहां भोजन को केवल अस्तित्व की आवश्यकता नहीं, बल्कि मानव गरिमा का अधिकार माना गया है। रिपोर्ट के विमोचन अवसर पर एफएओ के प्रतिनिधियों ने यह स्पष्ट रूप से कहा कि दक्षिण एशिया में भूख और कुपोषण में आई गिरावट का सबसे बड़ा श्रेय भारत की नीतिगत और सामाजिक प्रगति को जाता है।

भारत अब उस स्थिति में है, जहां उसका हर कदम न केवल अपने नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे क्षेत्र की खाद्य और पोषण नीतियों की दिशा तय करता है। एफएओ की रिपोर्ट 'विश्व खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति-2025' यह दर्शाती है कि भारत ने भूख घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021–23 की अवधि में भारत में कुपोषण की दर घटकर 13.7 प्रतिशत रह गई है, जबकि 2014–16 में यह 16.6 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि भारत की नीतिगत तत्परता जैसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम पोषण अभियान, मिड-डे मील योजना और आईसीडीएस आज खाद्य सुरक्षा को व्यवहारिक धरातल पर लाने का उदाहरण हैं। इन पहलों ने न केवल करोड़ों लोगों तक भोजन की पहुंच सुनिश्चित की है, बल्कि भूख संकेतकों में सुधार लाकर दक्षिण एशिया को वैश्विक औसत से ऊपर खड़ा किया है।

> राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़े भारत की पोषण-स्थिति पर एक सख्त सच्चाई उजागर करते हैं। देश में पांच वर्ष से कम आयु के 35 .5 प्रतिशत बच्चे अपेक्षाकृत लंबाई के नहीं है। 19 .3 प्रतिशत दुबले हैं और 32 .1 प्रतिशत कम वजन के हैं।

रिपोर्ट यह चेतावनी भी देती है कि भारत की खाद्य यात्रा अभी अधूरी है। शहरी गरीबी, आदिवासी क्षेत्रों की पोषण-वंचना और जलवायु-प्रभावित इलाकों में खाद्य असुरक्षा जैसी चुनौतियां आज भी मौजूद हैं। इनके पीछे केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि पोषण-संवेदनशील नीतियों की स्थायित्व की परीक्षा भी निहित है। यदि इन्हीं आंकड़ों को गहराई से देखा जाए, तो इनके भीतर एक असमान और चिंताजनक परत भी स्पष्ट होती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 55.6 प्रतिशत आबादी आज भी स्वस्थ आहार वहन करने में असमर्थ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़े भारत की पोषण-स्थिति पर एक सख्त सच्चाई उजागर करते हैं। देश में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अपेक्षाकृत लंबाई के नहीं हैं। 19.3 प्रतिशत दुबले हैं और 32.1 प्रतिशत कम वजन के हैं।

यद्यपि ये आंकड़े पिछले सर्वेक्षण की तुलना में मामूली सुधार दर्शाते हैं, फिर भी यह स्पष्ट करते हैं कि भारत में कुपोषण का बोझ अब भी गहराई से मौजूद है। बाल-पोषण सुधार की दिशा में सरकार ने कई कार्यक्रम संचालित किए हैं, लेकिन इन योजनाओं का असर समान रूप से हर वर्ग तक नहीं पहुंच पाया है। सामाजिक-आर्थिक असमानता, मातृ-शिक्षा में अंतर, आय स्तर की विषमता और शहरी-ग्रामीण खाई, ये सभी कारक इस सफलता को सीमित कर देते हैं।

माता-पिता और गुरु के साथ ही मित्र भी होते हैं देवता

जीवन में यदि कोई अचानक संकट आ जाए और उसका समाधान नहीं समझ में आ रहा। हताशा, कुंठा और मन में व्यग्रता है, उस बीच कोई मित्र आकर इतना भर कह दे, 'घबराओ नहीं, मैं हूं न?' तो जैसे मरते हुए व्यक्ति को किसी ने अमृत पिलाकर स्वस्थ कर दिया हो, ठीक वही स्थिति संकटग्रस्त व्यक्ति की भी होती है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

मित्रता का काफी प्रभाव जीवन में पड़ता है, इसलिए मित्रता करें, तो इस कदर करें कि संकट आने पर मित्र डट कर खड़ा हो जाए। सनातन संस्कृति में माता, पिता, गुरु के साथ मित्र को भी देवता की संज्ञा दी गई है। मित्र से कभी छल-कपट न करने का भी मनीषियों ने जिक्र किया है।

मित्रता की व्याख्या करते हुए गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में उद्धृत किया है कि मित्रता दूध और पानी की तरह होनी चाहिए। आग पर दूध चढ़ाया जाता है, तो एक समय स्थिति ऐसी आ जाती है कि दूध गर्म होकर उबलने लगता है और आग में जाकर जलने लगता है, लेकिन उसी समय पानी की कुछ बूंदें दूध में डाल दी जाती हैं, तो मित्र को पाकर फिर दूध का उबाल कम हो जाता है और जो दूध आग में खुदकुशी करने जा रहा था, वह फिर शांत हो जाता है। मित्र पानी को पाकर दूध का वजन भी बढ़ जाता है।

इस तरह सुग्रीव और वानरी सेना से मित्रता के बल पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने महाबली रावण का संहार किया। श्री हनुमान जी भी जब पहली बार लंका में गए तो विभीषण से उनकी मित्रता हुई। ऐसी स्थिति में जिस लंका में राक्षसों का प्रभाव था, उस लंका को जलाने में विभीषण की मित्रता ही काम आई।

मित्रता का बेहतरीन उदाहरण महाभारत युद्ध के दौरान भी मिलता है। अर्जुन को श्रीकृष्ण ने मित्र की तरह विषादग्रस्त स्थिति से बाहर किया और युद्ध के लिए तैयार किया, वरना अर्जुन ने स्वजनों के मोह में युद्ध के मैदान से पीछे हटने का मन बना लिया था। महाभारत में ही कर्ण की दुर्योधन से मित्रता का प्रसंग आता है। यह जानते हुए कि दुर्योधन की पराजय निश्चित है, फिर भी कर्ण ने दुर्योधन का साथ नहीं छोड़ा। अतः हर इंसान को चाहिए कि वह मित्र के साथ वफादारी करे।

इतिहास है दिल्ली की बदतर आबो-हवा का

दिल्ली और आसपास के 200 मील के रेडियस में धरती से एक किलोमीटर की ऊंचाई तक हवा में प्रदूषण की कहानी सन् 1911 से ही शुरू हो गई थी, जब अंग्रेजों ने इसे देश की राजधानी घोषित किया था। नवनिर्माण के लिए पत्थर और ईंटों की जरूरत थी। पत्थर को धौलपुर, भरतपुर और जोधपुर से लाया गया, जबकि ईंटो का निर्माण दिल्ली के आसपास उत्तर प्रदेश और हरयाणा, खासतौर से बादली गुलिया चौबीसा के गांवों में बड़े पैमाने पर होने लगा। सन् 1933 तक तो हवा इतनी जहरीली नहीं थी, जितनी कि यह अब है, लेकिन सन् 1955 के बाद से हवा में सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ने लगी।

सरकारी नौकरों के लिए रामकृष्ण पुरम, लक्ष्मीबाई नगर, सरोजिनी नगर और बाद में कुछ और कॉलोनियां बनीं। डीडीए ने दिल्ली देहात की जमीनें जिस दाम में खरीदीं, वह कुछ रुपये गज के हिसाब से था। किसी किसान को एक एकड़ के लिए 1000-1500 रुपये से अधिक न मिला था। एक तरह से गांवों को बर्बाद करने का यह दीर्घकालीन प्रोग्राम साबित हुआ। इनकी जीवनशैली तबाह हो गई। मुगल शासन काल में गांव उजाड़ने जैसा कोई काम नहीं किया गया था। शुरुआती दौर में अंग्रेजों ने भी ऐसा काम कम ही किया।



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

गांव और शहरों का आर्गेनिक ग्रोथ अपनी गति और जरूरत से होता गया, लेकिन आजादी के बाद जब पंजाब से विस्थापित होकर अनेक लोग दिल्ली और अन्य शहरों में आ गए, तो बहुत बड़ी संख्या में कॉलोनीज बसने लगीं और गांवों की जमीन पर दबाव पढ़ा। इस प्रक्रिया में करीब 100 से अधिक गांव तबाह हुए। बड़े पैमाने पर होने वाली निर्माण गतिविधि ने निश्चय ही हवा में धूल कणों की मात्रा बढ़ा दी, परंतु इससे इतना नुक्सान नहीं हुआ, जितना कि पश्चिमी दिशा में हजारों की संख्या में लगाए गए उन ईंट भट्ठों की चिमनी से निकले हुए धुएं ने किया, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड्स मिले होते हैं। यह मात्रा सन् 2000 तक बढ़ती रही और इसके बाद इसका स्तर ऊपर-नीचे होता रहा।

एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग का काम भारत मौसम विभाग का है। इसके पास सब तरह का डाटा है। सन् 1969-1975 के बीच समस्या की गंभीरता महसूस होने लगी थी। दिल्ली में वाहन ट्रैफिक में बेशुमार बढ़ोतरी हुई और सन् 1975 के बाद अब तक प्रदूषण कारकों की मात्रा शायद 500 गुना बढ़ चुकी थी। जब भी पछवा हवा नहीं चलती या विंड स्पीड 15 किलोमीटर प्रतिघंटा से कम हो जाती है, दिल्ली में हवा जहरीली हो जाती है। वर्षा के कुछ दिनों को छोड़कर करीब 150 दिन दिल्ली में हवा जहरीली बनी रहती है।

प्रदूषण के मामले में पॉलिटिक्स को अगर हम छोड़ कर साइंस के अनुसार बात करें, तो दिल्ली में क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहद खराब है। हैवीली वुडेड एरियाज अथवा पेड़ों की अधिक संख्या वाले कुछेक इलाकों जैसे कि रिज, नयी दिल्ली का क्षेत्र, लोदी गार्डन क्षेत्र और साउथ दिल्ली की कुछ पॉकेट्स के अलावा बाकी दिल्ली नरक समान है। दिल्ली भारत की साइंटिफिक मैनेज मैनेजमेंट कैपिटल भी है। भारत में वैज्ञानिक लोग हवा और पानी में प्रदूषण की मात्रा तो बता सकते हैं, लेकिन वे प्रदूषण फैलाने वाले मानव के सामाजिक व्यवहार और तकनीकी और बैंकिंग नीतियों में सुधार नहीं कर सकते, जिनकी वजह से क्रमशः कूड़े के निपटान, ट्रेवल मोड, वाहनों के लिए सस्ता कर्ज आदि उन कारकों को बढ़ाते हैं, जिनसे प्रदूषण बढ़ता है। राज्य स्तर पर या नगर निगमों के स्तर पर जो लोग काम करते हैं, उनका प्रदूषण संबंधी साइंस और इसे दूर करने के साइंटिफिक मेथड्स से कोई लेना-देना नहीं होता। नगर स्वच्छता के लिए नियुक्त अफसर-कर्मचारी इस मामले में बिलकुल ज्ञान शून्य होते हैं। क्लाउड सीडिंग से बरसात करवाने का तजुर्बा भी कामयाब नहीं हुआ। प्रदूषण को कुदरती और व्यापक बरसात ही कम करती है। दिल्ली ही क्यों, भारत के सभी नगरों में वायु और जल स्रोत में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर नागरिक को व्यवहार बदलना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

पॉप के बादशाह की बायोपिक 'माइकल' में नजर आएंगे उनके भतीजे जाफर जैक्सन



माइकल जैक्सन को दुनिया भर में 'पॉप का बादशाह' कहा जाता है। उन्होंने संगीत, नृत्य और मनोरंजन की दुनिया में ऐसा क्रांतिकारी योगदान दिया, जिसे नई परिभाषा देने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। उनके आइकॉनिक एल्बम- 'थ्रिलर', 'बैड' और 'डेंजरस' ने पॉप संगीत के इतिहास की दिशा बदल दी। उनकी विशिष्ट कलात्मकता, रिदमिक संगीत, नवोन्मेषी वीडियो और मूनवॉक जैसा दिग्गज डांस मूव पॉप संस्कृति को नई ऊंचाई तक ले गए। इसी महान कलाकार की जिंदगी पर आधारित बायोपिक 'माइकल' का टीजर हाल ही में जारी किया गया है। 6 नवंबर को जारी किए गए इस एक मिनट के टीजर में माइकल जैक्सन का किरदार उनके सगे भतीजे जाफर जैक्सन निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म में कोलमैन डोमिंगो, निया लॉन्ग और माइल्स टेलर जैसे प्रसिद्ध कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

टीजर में माइकल की दुनिया की झलक

टीजर की शुरुआत स्टूडियो में जाफर जैक्सन द्वारा निभाए गए माइकल के किरदार से होती है, जहां वे हेडफोन लगाकर रिकॉर्डिंग की तैयारी करते दिखते हैं। इसके बाद स्टूडियो से सीधे दृश्य एक भरे हुए स्टेडियम पर कट होते हैं, जहां माइकल की लोकप्रियता की भव्य झलक दिखाई देती है। एक मिनट के टीजर में माइकल की दुनिया की झलक नजर आई। टीजर में माइकल के पेट के हिस्से के क्लोज़-अप शॉट्स और एक बोर्ड पर चिपके नोट्स नज़र आते हैं, जिन पर 'Beat It' और 'Billie Jean' लिखा है। गौरतलब है कि 1983 में रिलीज हुआ 'Beat It' माइकल जैक्सन की डिस्कोग्राफी में एक ऐतिहासिक पड़ाव माना जाता है। इसने उन्हें वैश्विक सितारा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 80 के दशक के संगीत का चेहरा बदल दिया। इसी दौरान टीजर में यह भी दिखाया गया है कि कैसे जाफर जैक्सन मंच पर माइकल जैसी जादुई नृत्य ऊर्जा के साथ परफॉर्म करते हैं और उनकी आवाज भी एक पल को दर्शकों को भ्रमित कर देती है कि यह माइकल ही हैं। जाफर की अदाकारी देखकर फैंस हैरान हैं और लगातार इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया- "इस ट्रेलर को ऑस्कर मिलना चाहिए।" दूसरे ने लिखा- "जाफर को माइकल का किरदार निभाते देख बेहद खुशी हो रही है। इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं।" तीसरे ने कहा- "उनकी आवाज बिल्कुल अपने चाचा जैसी है।"

अगले साल अप्रैल में रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म दुनिया के सबसे लोकप्रिय और रहस्यमय कलाकारों में से एक की जिंदगी के उन पहलुओं को सामने लाने का वादा करती है, जिन्हें कम लोगों ने जाना है। यह बताएगी कि माइकल जैक्सन कैसे एक अद्वितीय परफॉर्मर बने और उनकी प्रसिद्धि के पीछे कितनी मेहनत और संघर्ष छिपा था। फिल्म 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ईरान की निडर आवाज़ एक्ट्रेस तारानेह अलीदूस्ती

तारानेह अलीदूस्ती, एक ऐसा नाम है, जो ईरानी सिनेमा के साथ-साथ वहां के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 12 जनवरी 1984 को तेहरान में जन्मी तारानेह एक अभिनेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने अपनी कला और साहस दोनों से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

अभिनय की शुरुआत और ऑस्कर तक का सफर

अलीदूस्ती ने बहुत कम उम्र में ही अभिनय की दुनिया में कदम रख दिया था। 17 साल की उम्र में उनकी पहली फिल्म 'आई एम तारानेह, 15' (2002) रिलीज हुई, जिसमें उनके अभिनय को खूब सराहा गया और उन्होंने कई पुरस्कार जीते। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय सफलता 2016 में आई फिल्म 'द सेल्समैन' थी, जिसे असगर फरहादी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म ने 89 वें अकादमी पुरस्कारों (ऑस्कर) में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म का पुरस्कार जीता। इस फिल्म के माध्यम से उन्हें वैश्विक पहचान मिली। हालांकि उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी यात्रा प्रतिबंधों के विरोध में ऑस्कर समारोह का बहिष्कार किया था, जो उनके राजनीतिक रुख का पहला बड़ा संकेत था।

सामाजिक सक्रियता और जेल यात्रा

तारानेह अलीदूस्ती की प्रसिद्धि सिर्फ उनके अभिनय तक ही सीमित नहीं है। वह ईरान में महिलाओं के अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक मुखर समर्थक रही हैं। 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद ईरान में हुए राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दौरान, वह प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खुलकर सामने आईं। दिसंबर 2022 में, उन्होंने सोशल मीडिया पर हिजाब के बिना अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में एक बैनर पकड़ा हुआ था। इस साहसिक कदम के बाद ईरानी अधिकारियों ने उन्हें 'झूठ फैलाने' और 'देश विरोधी प्रचार' के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। 18 दिनों तक जेल में रहने के बाद, उन्हें जनवरी 2023 में जमानत पर रिहा कर दिया गया। उनकी गिरफ्तारी ने दुनियाभर में मानवाधिकार संगठनों का ध्यान खींचा और उनकी रिहाई के लिए व्यापक अभियान चलाए गए।

एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व

तारानेह अलीदूस्ती आज सिर्फ एक ऑस्कर विजेता अभिनेत्री नहीं हैं, बल्कि वह ईरान में बदलाव की एक प्रतीक बन गई हैं। उन्होंने साबित कर दिया है कि कला और सामाजिक जिम्मेदारी एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। उनका जीवन और संघर्ष उन सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा है, जो दमनकारी व्यवस्था के खिलाफ खड़े होने का साहस करते हैं।

मॉडल आफ द वीक

नाम: चिंकी सिंह

टाउन: कानपुर

एजूकेशन: स्नातक की पढ़ाई जारी

अचीवमेंट: शान-ए-कानपुर का खिताब

ड्रीम: प्रोफेशनल मॉडलिंग, एक्टर

जिंदगी का सफर

क्लासिक वहीदा

वहीदा रहमान भारतीय सिनेमा की महत्वपूर्ण अभिनेत्री हैं, जिन्हें उनकी सुंदरता, गरिमा और अभिनय क्षमता के लिए जाना जाता है। वहीदा रहमान का जन्म 3 फरवरी 1938 को तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में एक तमिल मुस्लिम परिवार में हुआ था। वह बचपन से ही एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तकी थीं। अपने परिवार की आर्थिक मदद के लिए, उन्होंने डॉक्टर बनने का अपना सपना छोड़ और फिल्मों में प्रवेश किया। उन्होंने सबसे पहले तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम करना शुरू किया।

उनकी प्रतिभा को हिंदी सिनेमा में फिल्म निर्माता गुरु दत्त ने पहचाना, जिन्होंने उन्हें अपनी फिल्म 'सी.आई.डी.' (1956) से हिंदी फिल्मों में लॉन्च किया। गुरु दत्त के साथ उनकी साझेदारी ने भारतीय सिनेमा को कई क्लासिक फिल्में दीं, जिनमें 'प्यासा' (1957), 'कागज के फूल' (1959) और 'साहिब बीबी और गुलाम' (1962) शामिल हैं।

1960 के दशक के मध्य में वहीदा रहमान ने शीर्ष अभिनेत्री के रूप में अपनी जगह बनाई। उनकी सबसे यादगार भूमिकाओं में से एक 'गाइड' (1965) में 'रोजी' की थी, जिसने उन्हें व्यापक पहचान और पहला फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया। इसके बाद, उन्होंने 'तीसरी कसम' (1966), 'नील कमल' (1968) और 'खामोशी' (1969) जैसी कई सफल फिल्में दीं।

1974 में अभिनेता शशि रेखी (कमलजीत) से शादी करने के बाद, उन्होंने अभिनय से ब्रेक ले लिया और बंगलुरु चली गईं। 2000 में अपने पति की मृत्यु के बाद, वह मुंबई लौट आईं और सहायक भूमिकाओं में वापसी की। उन्होंने 'वाटर' (2005), 'रंग दे बसंती' (2006) और 'दिल्ली 6' (2009) जैसी फिल्मों में काम किया। भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्हें 1972 में पद्मश्री और 2011 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। 2023 में, उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। वहीदा रहमान आज भी भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक अनमोल विरासत बनी हुई हैं।

मछुआरों के लिए केंद्र ने जारी किए नए नियम

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य मछुआरों, सहकारी समितियों और छोटे मछुआरों को सशक्त बनाना है और विदेशी जहाजों को भारतीय जल में मछली पकड़ने से रोकना है। ये नियम चार नवंबर को अधिसूचित किए गए। ये नियम बजट 2025-26 की घोषणा के अनुरूप हैं और इनसे भारत के समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र में नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 9 नवंबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

जेएसडब्ल्यू सीमेंट का लाभ 75.36 करोड़ रहा

नई दिल्ली। विविध क्षेत्रों में कार्यरत जेएसडब्ल्यू समूह की इकाई जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 75.36 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया। 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 1,436.43 करोड़ रुपये रही, जो गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,223.71 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का कुल व्यय 1,348.72 करोड़ रुपये रहा। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने अलग दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने बैठक में कैप्टिव संयंत्र से सौर ऊर्जा की खरीद के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी फिफ्टीन लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी।

पैनासोनिक इंडिया के चेयरमैन का इस्तीफा

नई दिल्ली। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने एक दशक से अधिक समय तक उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद विनिर्माता कंपनी का नेतृत्व करने के बाद कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा को 2012 में पैनासोनिक इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया था और वह तब से कंपनी का नेतृत्व कर रहे हैं। वह इस साल के अंत तक अपने पद पर बने रहेंगे। शर्मा ने कहा, यह एक निजी और सोच-समझकर किया गया फैसला है, और मैं देश के विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने में योगदान देता रहूंगा।

थिंक ने फिजिक्सवाला में निवेश किए 136 करोड़

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश फर्म थिंक इन्वेस्टमेंट्स ने शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप फिजिक्सवाला में 136 करोड़ से थोड़ा अधिक का निवेश किया है। यह निवेश ऐसे समय में हुआ है, जब कंपनी अगले सप्ताह अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी कर रही है। इस निवेश के तहत थिंक इन्वेस्टमेंट्स ने शिक्षा प्रौद्योगिकी फर्म के 14 कर्मचारियों से फिजिक्सवाला में 1.07 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदे, जो 0.37% हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर 127 रुपये प्रति शेयर की दर से खरीदे गए, जो निर्गम मूल्य से 17% अधिक है।

डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर

पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने में सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर हुए सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया। सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना' विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (नेजीडी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस बात पर चर्चा करना और यह दर्शाना था कि डिजीलॉकर कैसे एक साधारण सुरक्षित दस्तावेज़ भंडारण सुविधा से सरकार, शिक्षा और उद्योग क्षेत्रों में विश्वास, सुविधा और दक्षता की आधारशिला के रूप में विकसित हो रहा है।

- कागजरहित काम, समावेशी शिक्षा और डिजिटल सेवाओं को बना रहा सुविधाजनक

डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में हो रहा विकसित

नेजीडी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद कुमारम ने डिजीलॉकर के सुरक्षित डॉक्यूमेंट स्टोरेज प्लेटफॉर्म से डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों को पहचान पत्र (आईडी), वित्तीय क्षमता के परिचय और प्रमाण-पत्रों को सुरक्षित रूप से हासिल करने, पुष्टि करने और शेयर करने में सक्षम बनाता है। सम्मेलन में वित्त विभाग में प्रधान सचिव (ए एंड टी) डॉ. ऋचा बागला ने महाराष्ट्र में पेंशन और ट्रेजरी सिस्टम के साथ डिजिलॉकर के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी। असम के प्रधान सचिव (आईटी) केएस गोपीनाथ ने राज्य में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 500 से ज़्यादा सेवाओं में डिजिलॉकर के समन्वय पर प्रस्तुति दी। सम्मेलन में डिजिलॉकर अपनाने में राज्यों की खास उपलब्धियों के लिए उन्हें 'डिजिलॉकर एक्सेलरेटर' के तौर सम्मानित किया गया। असम को बेहतर सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए अलग-अलग सेवाओं में डिजिलॉकर के बड़े पैमाने पर इम्प्लीमेंटेशन के लिए 'इंटीग्रेशन एक्सीलेंस' सम्मान प्रदान किया गया। हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों को अपने राज्यों में सबसे बड़े डिजिटल पहचान से जुड़ी नागरिक पहलों को बनाने में डिजिलॉकर का इस्तेमाल करने के लिए पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन सम्मान मिला। मेघालय को डिजिलॉकर और एंटिटीलॉकर दोनों प्लेटफॉर्म को इंटीग्रेट करने के लिए डुअल प्लेटफॉर्म अचीवर सम्मान, केरल को डिजिलॉकर के ज़रिए पेपरलेस गवर्नेंस शुरू करने में नवाचार के लिए तथा महाराष्ट्र को तेज़ी से डिजिलॉकर अपनाने के लिए फास्ट ट्रैक इंटीग्रेशन सम्मान मिला। मिजोरम को सबसे ज़्यादा रिक्वेस्ट मॉडल इंटीग्रेशन हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन की अध्यक्षता करते मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर (विश्वास की परत) के रूप में काम करता है - जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है। डिजिटल कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधा) से क्षमता बढ़ी है, सर्विस डिलीवरी से आत्मनिर्भरता आ रही और अब डिजिटलीकरण से भरोसा बढ़ रहा है। डिजिटल सम्पर्क सुविधा व्यवस्था चलाने की नई अवसंरचना है। हमारा विजन ऐसा भविष्य है जहां हर डिजिटल संपर्क भरोसेमंद हो, हर नागरिक सशक्त हो, और हर संस्थान जवाबदेह हो। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस में भारत की यात्रा को डिजिटल ट्रस्ट क्रांति बताया। उन्होंने गवर्नेंस सिस्टम में विश्वास बनाने में डिजीलॉकर की भूमिका पर बल दिया।

विदेश की कंपनियां भारत में तलाशेंगी संभावनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सिंगापुर और कनाडा की कई अंतर्राष्ट्रीय स्टार्टअप कंपनियों ने भारत में अपने कारोबार का विस्तार करने में रुचि दिखाई है। स्टार्टअप कंपनियों ने हांगकांग साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क्स कॉरपोरेशन (एचकेएसटीपी) द्वारा आयोजित वैश्विक पिच प्रतियोगिता ईपीआईसी 2025 के दौरान भारत में अपने कदम बढ़ाने की इच्छा जताई।

पिच एक ऐसी प्रतियोगिता है जहां उद्यमी अपने व्यावसायिक विचारों को निर्णायकों और निवेशकों के सामने प्रस्तुत करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान 70 से अधिक देशों से आए 1,200 स्टार्टअप में से 100 को तीन श्रेणियों डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, वित्त प्रौद्योगिकी और हरित प्रौद्योगिकी में चुना गया। इनमें भारत के दो स्टार्टअप भी शामिल हैं। यह वार्षिक कार्यक्रम संस्थापकों को वैश्विक निवेशकों, कॉरपोरेट सहयोगियों और उभरते बाजारों से जोड़ने का अवसर देता है।

- सिंगापुर-कनाडा की स्टार्टअप कंपनियां विस्तार को उत्सुक

एचकेएसटीपी के चेयरमैन सनी चाई ने कहा, हम हांगकांग की कनेक्टिविटी को गति दे रहे हैं, जिससे विचारों को सीमाओं के पार ले जाने और विस्तार करने में मदद मिल रही है। सिंगापुर की कंपनी एनईयू बैटरी मैटेरियल्स के संस्थापक और सीईओ ब्रायन ओह ने कहा, हमारी प्राथमिकता सिंगापुर से परे अपने व्यवसाय को बढ़ाना है, क्योंकि बैटरी पुनर्चक्रण केवल सिंगापुर या हांगकांग की समस्या नहीं है, यह एक वैश्विक समस्या है।

नालको ने दर्ज की 35 प्रतिशत की वृद्धि

भुवनेश्वर, एजेंसी

- दूसरी तिमाही में नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की कंपनी का लाभ बढ़कर 1,433 करोड़ रुपये पहुंचा
- खान मंत्रालय के नियंत्रण वाली कंपनी ने बैठक में तिमाही वित्तीय रिपोर्ट को दी मंजूरी

केंद्र सरकार के नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने चालू वित्त वर्ष में सितंबर में समाप्त तिमाही में उल्लेखनीय 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,433 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया। पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में शुद्ध लाभ 1,062 करोड़ रुपये था। खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करने वाली इस कंपनी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में बैठक में तिमाही वित्तीय रिपोर्ट को मंजूरी दी।

इसके अनुसार आलोच्य तिमाही में नाल्को की कुल परिचालन 4,292 करोड़ रुपये रही, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही की तुलना में 7.2% वृद्धि दर्शाती है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान, नालको ने 50.15% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2,497 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,663 करोड़ रुपये था। उत्पादन के मोर्चे पर, कंपनी ने वर्ष की पहली छमाही के दौरान एल्युमिना हाइड्रेट, कैल्साइन्ड एल्युमिना और एल्युमिनियम कास्ट मेटल उत्पादन में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। एल्युमिना हाइड्रेट उत्पादन रिकॉर्ड 11,53,000 टन तक पहुंच गया, जबकि एल्युमिनियम कास्ट मेटल उत्पादन 2,34,148 टन रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में

कंपनी ने 6,99,913 टन एल्युमिना की बिक्री की जो वर्ष 2013-14 की इसी तिमाही के 6,56,480 टन बिक्री के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। कंपनी ने इसी अवधि के दौरान 2,25,675 टन धातु की अपनी सर्वोच्च घरेलू बिक्री भी हासिल की। नालको के बोर्ड ने 2025-26 के लिए 80% की दर से 4 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य 5 रुपये) का अंतरिम लाभांश घोषित किया1 इस तरह कंपनी का यह अंतरिम लाभांश कुल 734.65 करोड़ रुपये होगा।

कॉर्पोरेट अर्निंग्स में सुधार के मिले सकारात्मक संकेत

- गिरावट पर खरीदारी बनी रहेगी बेहतरीन रणनीति
- चुनिंदा सेक्टरों को दूसरी तिमाही के नतीजों से मिला समर्थन

मुंबई, एजेंसी

नए घरेलू ट्रिगर्स के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के बीच भारतीय शेयर बाजार ने गुरुवार को नकारात्मक रुझान के साथ कारोबार किया। हालांकि, चुनिंदा सेक्टरों को दूसरी तिमाही के उत्साहजनक नतीजों से समर्थन मिला, जिससे कॉर्पोरेट अर्निंग्स में सुधार के संकेत मिले हैं। विशेषज्ञ गिरावट पर खरीदारी को बाजार की आगे की दिशा तय करने वाली सबसे मजबूत रणनीति बता रहे हैं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने बाजार कहा, पीएसयू बैंक शेयरों ने मजबूत कारोबारी प्रदर्शन, बेहतर एसेट क्वालिटी, एफडीआई लिमिट में बढ़ोतरी की संभावनाओं और सेक्टर कंसोलिडेशन को लेकर अटकलों के कारण जोर पकड़ा। वहीं, कमजोर वैश्विक संकेतों और फेड की ब्याज दर कटौती की घटती उम्मीदों से आईटी व मेटल शेयरों पर दबाव रहा। ग्लोबल स्तर पर ट्रेड व टैरिफ अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सतर्क बने हुए हैं। घरेलू मोर्चे पर पीएमआई आंकड़े मिले-जुले रहे, लेकिन जीएसटी संग्रह में मजबूती बनी रही, जो आर्थिक विकास में तेजी और कंपनियों की कमाई में सुधार के अच्छे संकेत दे रही है।

मजबूत अमेरिकी डॉलर और भू-राजनीतिक तनाव में कमी से सोने की कीमतें हालिया उच्च स्तर से लुढ़क गईं।

स्मॉलकैप में 46% तक की भारी गिरावट, ब्रॉडर इंडेक्स लुढ़के

पिछले हफ्ते (7 नवंबर) उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में ब्रॉडर इंडेक्स 0.6-1.5% गिरे, जिससे मिडकैप व स्मॉलकैप की दो सप्ताह की बढ़त थम गई। एफआईआई ने 1,632.66 करोड़ की इक्विटी बेची, जबकि डीआईआई ने 16,677.94 करोड़ की खरीदारी की। बीएसई सेंसेक्स 722.43 अंक या 0.86% गिरकर 83,216.28 पर और निफ्टी 50 229.8 अंक या 0.89% लुढ़ककर 25,492.30 पर बंद हुआ। अधिकांश सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में रहे: निफ्टी मीडिया 3.2%, डिफेंस 2%, मेटल 1.7% और आईटी 1.6% नीचे। हालांकि, निफ्टी पीएसयू बैंक में 2% की बढ़त दर्ज हुई। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.5% की गिरावट आई। वर्थ इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग, फिशर मेडिकल वेंचर्स, स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्लिस जीवीएस फार्मा, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, वीएल ई-गवर्नेंस एंड आईटी सॉल्यूशंस, रिलायंस पावर व पंजाब केमिकल्स एंड क्रॉप प्रोटेक्शन के शेयर 15-46% तक ढह गए।

राष्ट्रीय

ये नेताओं का नहीं, जनता का चुनाव

मोदी बोले- लोगों को डर है कि राजद के नेता सत्ता में आ गए तो सिर पर कट्टा रख देंगे

बेतियामें जनसभा में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

बेतिया/सीतामढ़ी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत विपक्ष को वोट नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि वे सत्ता में आए तो लोगों के सिर पर कट्टा रख देंगे और उन्हें हाथ ऊपर करने का आदेश देगी। प्रधानमंत्री ने राज्य के सीतामढ़ी जिले की चुनावी रैली में कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बेहतर शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में विकास के अलावा स्टार्ट-अप उद्यमों को भी बढ़ावा दे रहा है।

बिहार संग्राम

उन्होंने कहा कि राज्य की जनता स्पष्ट रूप से कह रही है- नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार राजग सरकार। मैंने प्रचार अभियान भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की धरती से शुरू किया था और अब उसका समापन चंपारण की ऐतिहासिक भूमि पर कर रहा हूं। हालांकि प्रचार कल तक जारी रहेगा, लेकिन यह मेरी अंतिम जनसभा है। यह चुनाव नेताओं का नहीं, बल्कि बिहार की जनता का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि राजग हर बूथ पर विजयी हो। एक भी बूथ पर हमें हार का सामना नहीं करना चाहिए। मोदी ने पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान पर प्रसन्नता जताई। आप लोगों ने मतदान का नया इतिहास रचा है। बिहार ने साबित किया कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में है। चंपारण की धरती को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यह वही भूमि है, जिसने गांधी को 'महात्मा' का दर्जा दिया था। इसी धरती पर आज बिहार विकास के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार जल्द खाद्य प्रसंस्करण का 'पावरहाउस' और वस्त्र उद्योग (टेक्सटाइल हब) का केंद्र बनेगा। बिहार विकसित भारत का प्रतीक राज्य बनने जा रहा है। राज्य में पूर्ववर्ती राजद के शासनकाल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि बेतिया ने 'जंगलराज' के सबसे बुरे दौर को देखा है। कट्टा और रंगदारी की राजनीति ने बिहार को बर्बाद कर दिया था। हमें उस दौर से बिहार को बचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने हाल में एक वीडियो देखा।

चिंता है, तो राहुल ने अल्पसंख्यक को विपक्ष का नेता क्यों नहीं बनाया



सासाराम/भभुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी वास्तव में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अल्पसंख्यक समुदायों के हितों को लेकर चिंतित हैं, तो उन्हें लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के रूप में इन्हीं वर्गों में से किसी को नियुक्त करना चाहिए था। रोहतास और कैमूर जिलों में जनसभाओं में सिंह ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप को बेवजह और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी के पास सबूत हैं, तो उन्हें निर्वाचन आयोग में शिकायत करनी चाहिए। सिंह ने कहा, राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद विपक्ष के नेता बने थे। अगर राहुल गांधी को लगता है कि बिहार में वोट चोरी हो रही है, तो उन्हें सबूतों के साथ निर्वाचन आयोग में शिकायत करनी चाहिए। लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। वह केवल एक संवैधानिक संस्था पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। वह झूठ बोल रहे हैं। सिंह ने कांग्रेस पर जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर समाज में दरार पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उसकी विभाजनकारी राजनीति का हिस्सा है। राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। हमारे सशस्त्र बल इन सभी बातों से ऊपर हैं। उन्हें राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए। उन्होंने कहा,भाजपा आरक्षण का समर्थन करती है।

राहुल की दुकान बंद हो जाएगी, इंडिया ब्लॉक का सफाया तय: शाह

पूर्णिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा कि उनकी दुकान बिहार में बंद हो जाएगी, क्योंकि चुनाव में इंडिया गठबंधन का सफाया होने जा रहा है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 160 से अधिक सीट जीतकर सरकार बनाएगा। शाह ने पूर्णिया, कटिहार और सुपौल में लगातार चुनावी सभाओं में आरोप लगाया कि राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव सीमांचल क्षेत्र को घुसपैठियों का गढ़ बनाने पर आमादा हैं। केंद्र सरकार हर अवैध प्रवासी की पहचान करेगी, उनके नाम मतदाता सूची से हटाएगी और उन्हें देश से बाहर भेजेगी। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव बिहार के सीमांचल को घुसपैठियों का अड्डा बनाना चाहते हैं। हम घुसपैठिए की पहचान करेंगे, उनके नाम मतदाता सूची से हटाएंगे और उनके देश वापस भेजेंगे। गृह मंत्री ने कहा, अगर आप नहीं चाहते कि बिहार का मुख्यमंत्री घुसपैठिए तय करें, तो विपक्षी गठबंधन को हराइए जो उन्हें बचाने के लिए यात्रा निकाल रहा है।

भाजपा का लोस में 400 पार का दावा निकला था खोखला: खरगे

गया/पटना। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार चुनाव में राजग की जीत संबंधी प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इन नेताओं का 400 पार वाला दावा भी लोकसभा चुनाव में गलत साबित हुआ था। खरगे ने गया में कहा, भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन में कुछ ठीक नहीं चल रहा। जदयू अध्यक्ष और सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार को फिर मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन मिलेगा या नहीं। खरगे ने कहा, मोदी यह बताएं कि क्या ट्रंप ने भी उनके सिर पर कट्टा रखा था? उनका यह तंज अमेरिकी राष्ट्रपति कई बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव रोकने का निर्णय उनकी मध्यस्थता से लिया था।

प्रधानमंत्री पद की गरिमा कट्टा जैसे शब्दों से गिर रही है : प्रियंका

किशनगंज। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कट्टा जैसे शब्दों का प्रयोग कर अपने पद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। बिहार के कटिहार में चुनावी रैली में प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस आज वही लड़ाई लड़ रही है जो कभी महात्मा गांधी ने लड़ी थी। एक तरफ प्रधानमंत्री वंदे मातरम का गुणगान करते हैं, जो अहिंसा और एकता का प्रतीक है, और दूसरी तरफ कट्टा जैसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि यह सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और उसने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को दो कॉरपोरेट मित्रों को सौंप दिया है। भाजपा को लगता है कि वह महिलाओं को 10,000 रुपए देकर उनका वोट खरीद लेगी।

ईसी ने तरनतारन की एसएसपी को किया निलंबित

चंडीगढ़। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने 11 नवंबर को होने वाले तरनतारन विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव से महज तीन दिन पहले शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रवजोत कौर ग्रेवाल को निलंबित कर दिया। वह सितंबर में तरनतारन के एसएसपी के रूप में तैनात हुई थीं।

पंजाब उपचुनाव

अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर को तत्काल प्रभाव से तरनतारन के एसएसपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। ग्रेवाल के निलंबन का कोई कारण नहीं बताया गया है। गत माह, विपक्षी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास एसएसपी ग्रेवाल के खिलाफ शिकायत दी थी। बादल ने एसएसपी ग्रेवाल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने तरनतारन उपचुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने के लिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज कराया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के इस कदम की सराहना की।

ईडी ने पीएफआई के खिलाफ धनशोधन मामले में 67 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 67 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने के लिए एक नया आदेश जारी किया है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि ये संपत्तियां पीएफआई के लाभकारी स्वामित्व और नियंत्रण में थीं और इसके राजनीतिक मोर्चे - सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के अलावा, विभिन्न ट्रस्टों के नाम पर थीं।

केंद्र ने सितंबर 2022 में ईडी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और विभिन्न राज्य पुलिस बलों द्वारा समन्वित छापेमारी के बाद पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया था और इसे गैरकानूनी संगठन बताया, जो आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त था। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी। यह निर्वाचन आयोग (ईसी) के साथ एक राजनीतिक दल के रूप में भी पंजीकृत है। ईडी ने कहा कि 67.03 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने के लिए 6 नवंबर को अनंतिम आदेश जारी हुआ था। कुर्की के नए मामले के साथ जब्त हुई कुल संपत्ति अब 129 करोड़ है। ये संपत्तियां विभिन्न संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं, जैसे ग्रीन वैली फाउंडेशन, अलप्पुझा सोशल कल्चरल एंड एजुकेशन ट्रस्ट, पथनमथिट्टा में पंडालम एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट, वायनाड में इस्लामिक सेंटर ट्रस्ट, मलप्पुरम में हरिथम फाउंडेशन (पूवनचिना), अलुवा में पेरियार वैली चैरिटेबल ट्रस्ट, पलक्कड़ में वल्लुवुनाड ट्रस्ट और तिरुवनंतपुरम में एसडीपीआई के कुछ भूखंड। ईडी ने कहा कि पीएफआई ने वल्लुवनड हाउस पट्टाम्बि और मालाबार हाउस (हरिथम फाउंडेशन) सहित कई ऐसी संपत्तियों पर प्रशिक्षण के लिए शेड बनाए गए।

- प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघीय जांच एजेंसी ने जारी किया एक नया आदेश

पीएफआई सिखा रहा था युद्धाभ्यास

संघीय एजेंसी ने कहा, पीएफआई हथियारों से आक्रामक और रक्षात्मक युद्धाभ्यास सिखाने के लिए नकली मालिकों के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों का प्रयोग कर रहा था। इनका उद्देश्य जिहादी एजेंडे को पूरा करने के लिए कैडर और सदस्यों को तैयार करना और गैरकानूनी गतिविधियों के लिए करना था। ईडी के अनुसार, पीएफआई के विचारक स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व सदस्य थे, जो जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा थी। पीएफआई की उत्पत्ति का इतिहास बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध से जुड़ा है। उस समय, यूएपीए के तहत जमात-ए-इस्लामी की संपत्तियों को कुर्क और सील कर दिया गया था। ईडी ने पीएफआई द्वारा अपराध से अर्जित आय की मात्रा 131 करोड़ रुपये आंकी है।

साइबर अपराधियों ने सेवानिवृत्त इंजीनियर से 71 लाख ठगे

नोएडा (उप्र)। नोएडा में साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश के जरिए मुनाफा का झांसा देकर सेवानिवृत्त इंजीनियर से 71 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध थाने ने एक महिला ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-78 के 80 वर्षीय राकेश जैन ने शिकायत दी कि एक अक्तूबर को सोशल मीडिया पर पूजा नामक महिला ने उनसे संपर्क किया और दोनों व्हाट्सएप से जुड़े। पूजा ने राकेश को शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने की सलाह देते हुए व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। ठगों ने जैन को फायर्स एसएनआई नामक एप डाउनलोड कराया। जैन को शुरुआती में निवेश करने पर मुनाफा हुआ। जैन ने 71 लाख रुपये दे दिए। ठगों ने जैन से कहा कि करों और ऋण का ब्याज देने के बाद ही रकम निकल सकेंगे। रुपये वापसी पर ठगों ने जैन को ग्रुप से बाहर कर दिया। पूजा का नंबर भी बंद आने लगा।

अफ्रीका से भारत आएंगे 8 चीते, टीम ने किया चीता पर्यावास का दौरा

भोपाल, एजेंसी

चीता पुनर्वास कार्यक्रम के तहत भारत में स्थानांतरित करने से पहले दक्षिणी अफ्रीका के बोत्सवाना में आठ चीतों को पकड़ा गया है। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

चीतों को लाने का यह कार्यक्रम 2022 में शुरू हुआ था जब दशकों पहले यह जानवर भारत से विलुप्त हो गया था। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दो नर चीतों समेत इन चीतों को भारत भेजने से पहले एक महीने के लिए बाड़े में रखा जाएगा और उनका मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा, अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण में कई औपचारिकताएं शामिल होती हैं। इन बातों तथा आने वाली क्रिसमस की छुट्टियों को देखते हुए, मैं यह नहीं कह सकता कि चीतों

को मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कुनो नेशनल पार्क में कब भेजा जाएगा, जनवरी में। संपर्क करने पर, चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा कि इस विषय को दोनों सरकारें देख रही हैं और वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हमारे पास पहले से ही चीतों के तीसरी खेप के लिए बाड़े और सुविधाएं तैयार हैं, ये तब तैयार हुए थे जब जानवरों को नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था।

वर्ल्ड ब्रीफ

चीनी एयरलाइन दिल्ली से शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी

बीजिंग। चीनी एयरलाइन 'चाइना ईस्टर्न' रविवार से दिल्ली-शंघाई उड़ान शुरू करेगी। इससे कुछ दिन पहले, 'इंडिगो' ने कोलकाता से ग्वांगझू के लिए उड़ान शुरू की थी। दोनों देशों के बीच लगभग पांच साल के अंतराल के बाद उड़ान सेवाएं फिर से शुरू हो रही हैं। 'चाइना ईस्टर्न' की उड़ान दिल्ली से रात आठ बजे रवाना होगी और सोमवार तड़के शंघाई पहुंचेगी। यह शंघाई से अपराह्न 12:30 बजे रवाना होगी और शाम छह बजे तक दिल्ली पहुंचेगी। यह एक दिन के अंतराल पर संचालित होगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने कहा कि उड़ानें फिर से शुरू होने से बेहतर कनेक्टिविटी का एक नया युग शुरू होगा। और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत और शंघाई के नेतृत्व वाले पूर्वी चीन क्षेत्र के व्यापारिक केंद्र के बीच लोगों के बीच मज़बूत संबंधों को बढ़ावा मिलेगा।

रूसी संपत्तियों के उपयोग के लिए राजी नहीं हुआ बेल्जियम

मॉस्को। यूरोपीय संघ आयोग जब्त की गई रूस सम्पत्तियों का उपयोग करने के लिए बेल्जियम को राजी करने में विफल रहा है। बेल्जियम की समाचार एजेंसी बेल्गा की रिपोर्ट के अनुसार बेल्जियम यूरोक्लियर डिपॉजिटरी में जमा रूसी संप्रभु संपत्तियों का उपयोग यूक्रेन को अल्प और मध्यम अवधि के लिए वित्तपोषित करने के यूरोपीय संघ आयोग के निर्णय का विरोध कर रहा है। एजेंसी ने कहा है कि यूरोपीय संघ आयोग के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को बेल्जियम के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी, लेकिन जमा रूसी संपत्तियों के उपयोग के संबंध में बेल्जियम की कानूनी और वित्तीय चिंताओं को दूर करने में विफल रहे। मौजूदा समय में क्षतिपूर्ति ऋण के रूप में लगभग 140 बिलियन यूरो रूस से विचाराधीन है, जिसे यूक्रेन को संघर्ष की समाप्ति के बाद रूस से भौतिक क्षति के लिए मुआवजे लेकर चुकाया जाएगा।

रनवे लाइटें बंद होने के कारण काठमांडू हवाई अड्डा पर उड़ानें बाधित

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार शाम रनवे की लाइटें बंद होने के कारण लगभग दो घंटे तक उड़ानों का संचालन बंद रहा। नेपाली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार हवाई अड्डे के प्रवक्ता रिंजी शेरपा बताया कि रनवे की लाइटें शाम लगभग 5:30 बजे बंद हो गयीं। उन्होंने कहा, "रनवे के दोनों ओर की लाइटें बंद हो गयीं। कुछ ही आंशिक रूप से काम कर रही हैं, लेकिन अधिकांश बंद हो गयीं।" उन्होंने बताया कि खराबी का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। समस्या को ठीक करने के लिए हवाई अड्डे की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग टीम को तैनात किया गया है।

भारत ब्राजील के नेतृत्व वाले वन कोष में बतौर पर्यवेक्षक शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- विकसित देशों से की अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताएं पूरी करने की अपील

भारत उष्णकटिबंधीय वनों के लिए ब्राजील के नए वैश्विक कोष में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हो गया है और उसने विकसित देशों से कार्बन उत्सर्जन की कटौती में तेजी लाने एवं जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का आह्वान किया है।

ब्राजील के बेलेम में आयोजित कॉप- 30 (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज) के नेताओं के शिखर सम्मेलन में ब्राजील में भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया ने शुक्रवार को भारत का वक्तव्य पेश करते हुए बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। भाटिया ने कहा, भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए सतत वैश्विक कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करने वाली 'ट्रॉपिकल फोरेस्ट्स फोरएवर फैसिलिटी' (टीएफएफएफ) की स्थापना में ब्राजील की पहल का स्वागत और समर्थन करता है।

टीएफएफएफ की बृहस्पतिवार को शुरुआत की गई। यह ब्राजील के नेतृत्व वाला एक वैश्विक कोष है जो उष्णकटिबंधीय देशों को वनों के संरक्षण और विस्तार के लिए पुरस्कृत करता है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी निवेश के माध्यम से लगभग 125 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाना है।

विकसित देशों की बेपरवाही से बढ़ी

जलवायु परिवर्तन के खतरों को काफी पहले महसूस किया जा चुका है लेकिन अफसोस की बात है कि पूरी मानवता दांव पर होने के बावजूद अब तक इसे रोकने की दिशा में काफी कम काम हुआ है। वर्ष 2016 में इतना जरूर हुआ कि पेरिस समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक खाका तैयार किया गया लेकिन इस समझौते पर भी पूरी तरह अमल नहीं हो पाया। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते से अमेरिका के अलग होने की घोषणा कर कई नई आशंकाएं पैदा कर दी हैं। अमेरिका के साथ दूसरे विकसित देशों ने भी अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं किया है। अगले कुछ दिन बाद ब्राजील में होने जा रहे कॉप- 30 शिखर सम्मेलन में नए सिरे से जलवायु परिवर्तन के खतरों और उससे निपटने की रणनीति पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

जलवायु परिवर्तन की चुनौती

जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारण

- जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को बढ़ाता है, जिससे वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है।
- वनों की कटाई कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों को अवशोषित करने की ग्रह की क्षमता को कम करती है।
- जीवाश्म ईंधन के निष्कर्षण और उपयोग से भी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है। इससे वैश्विक तापमान बढ़ता है।

पेरिस समझौता

जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय संधि जिसका उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्वऔद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करना है, और 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रयास करना है। यह समझौता 12 दिसंबर, 2015 को फ्रांस के पेरिस में किया गया और 4 नवंबर 2016 को लागू हुआ था। यह सभी देशों को उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल होने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध करता है।

विकसित देशों की भूमिका

- विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उनकी प्रगति धीमी और असमान है।
- कुछ ही विकसित देश हैं जो निम्न-कार्बन विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं, जबकि अन्य देश बेपरवाह दिख रहे हैं। इससे चुनौती गंभीर होती जा रही है।
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं की लागत बढ़ रही है, इससे प्रगति धीमी हो गई है। कई देश दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।
- विकसित देशों ने ही औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया में ऐतिहासिक रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन किया है, इसलिए उन पर दोहरी जिम्मेदारी है।

संभावित दुष्परिणाम

- गर्मी की लहरों, बाढ़, सूखे और तूफानों जैसी चरम मौसम की घटनाओं की आवृति और तीव्रता में वृद्धि होने की आशंका है।
- पारिस्थितिक तंत्र को भारी नुकसान हो सकता है, जैव विविधता में कमी आएगी और कई प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं।
- बाढ़ और समुद्र स्तर में वृद्धि की आशंका, समुद्र के स्तर में वृद्धि से तटीय क्षेत्रों में रहने वाली आबादी पर खतरा बढ़ेगा।
- सूखा-बाढ़ जैसी चरम मौसम की घटनाएं कृषि को नुकसान पहुंचाकर खाद्य असुरक्षा और जल संकट पैदा कर सकती हैं।

इन देशों में स्पष्ट प्रभाव

ब्राजील समेत कुछ देशों में जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट प्रभाव दिखने लगे हैं। यहां सूखे और बाढ़ जैसी चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि हुई है। अमेजन वर्षावन के लिए खतरा बढ़ा है, इससे पूरे महाद्वीप को प्रभावित करने वाले सूखे की आशंका जताई जा रही है। कई और देशों में लू, बाढ़ और जंगल की आग जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। कॉप- 30 शिखर सम्मेलन में देशों के बीच इन मुद्दों पर विचार किया जाना है।

शटडाउन: अमेरिका में हवाई यातायात चौपट, एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द

संकट लंबा खिंचा तो और खराब होंगे हालात, रद्द हो सकती हैं 20% तक उड़ानें

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण रोज हजारों उड़ानें रद्द की जा रही हैं। शुक्रवार को 1,000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया था। यह संख्या लगातार और बढ़ती जा रही है। हजारों उड़ानों में देरी भी हो रही है।

अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4,309 उड़ानें लेट थीं और 1,002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को उस घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है।

एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी और चूंकि हम कर्मचारियों की संख्या में निरंतर कमी देखेंगे इसलिए उन विशिष्ट बाजारों में अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे।" परिवहन सचिव सीन डफी ने शुक्रवार को कहा कि अगर सरकारी कामबंदी लंबा चलता है तो उड़ानों में 20 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को मिली राहत, गरीबों की खाद्य योजना की राशि अस्थाई रूप से रोकने को मंजूरी

वाशिंगटन। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को निम्न आय वर्ग के लोगों के खाद्यान लाभों के लिए अरबों डॉलर की धनराशि को अस्थाई रूप से रोकने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने एक आपातकालीन आदेश में कहा है कि प्रशासन कम आय वाले अमेरिकियों को मिलने वाले खाद्य लाभों के लिए अरबों डॉलर की धनराशि को अस्थाई रूप से रोक सकता है। निचली अदालत ने पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) (जिसे फूड स्टैंप भी कहा जाता है) के लाभार्थियों को शुक्रवार तक पूरी राशि का भुगतान करने का फैसला दिया था, जिसके खिलाफ ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अमेरिका में संघीय सरकार के चल रहे शटडाउन के कारण यह कार्यक्रम अधर में लटक गया है। ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि वह इसे केवल आंशिक रूप से ही वित्तपोषित कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट की ओ से शुक्रवार के फैसले का मतलब है कि आगे की कानूनी सुनवाई तक चार अरब डॉलर (3.04 अरब पाउंड) की राशि अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है। अमेरिकी सरकार 38 दिनों से शटडाउन में है। यह अमेरिका के इतिहास में अब तक का सबसे लंबा शटडाउन है और इसके कारण लाखों सरकारी कर्मचारियों को कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।

हवाई अड्डों पर बिना वेतन काम कर रहे हैं 63 हजार कर्मचारी

अमेरिकी संघीय सरकार के शटडाउन के बाद से, लगभग 13,000 हवाई यातायात नियंत्रकों और लगभग 50,000 हवाई अड्डा सुरक्षा अधिकारियों को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। डफी ने हाल ही में बताया कि कुछ हवाई यातायात नियंत्रक सप्ताह में छह दिन और 10 घंटे काम कर रहे हैं। कर्मचारियों की बड़ी संख्या में अवकाश पर जाने से विमानन उद्योग में कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है, कई क्षेत्रों में उड़ानों में देरी की समस्या बढ़ गई है तथा विमानन सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। 'फ्लाइटअवेयर' के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दिन हज़ारों उड़ानें देरी से चल रही हैं। गुरुवार को अमेरिका में आने वाली या अमेरिका से जाने वाली 7,000 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई थी।

लाखों लोग प्रभावित

बताया जा रहा है कि शटडाउन से रोजाना 1,800 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। इससे करीब 2.68 लाख लोग प्रभावित होंगे। इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बड़े एयरलाइंस पहले ही उड़ानें कैंसिल कर चुके हैं। इसमें रीजनल और मुख्य उड़ानें शामिल हैं।

अमेरिका ने रूसी तेल गैस खरीदने पर हंगरी को प्रतिबंधों से छूट दी

वाशिंगटन। अमेरिका रूस से तेल और गैस खरीदने को लेकर हंगरी पर एक साल तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बीबीसी ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हंगरी को रूसी तेल और गैस की खरीद को लेकर एक साल के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है।

ट्रंप ने कहा था कि वह हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को छूट देने के मुद्दे पर विचार करेंगे। ओर्बन को ट्रंप का करीबी माना जाता है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हंगरी ने रूस के साथ भी अच्छे संबंध विकसित किए हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को ओर्बन से साथ व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान कहा था कि हंगरी को छूट देने के पर विचार किया जा रहा है क्योंकि उसके लिए अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस प्राप्त करना बहुत मुश्किल है। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक यह छूट सिर्फ एक साल के लिए है।

ट्रंप ने जी-20 सम्मेलन के बहिष्कार की घोषणा की

वाशिंगटन, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का हवाला देते हुए कहा कि इस वर्ष दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका सरकार का कोई भी अधिकारी भाग नहीं लेगा।

ट्रंप पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह दुनिया की अग्रणी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के राष्ट्राध्यक्षों के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। ट्रंप की जगह अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस को इसमें शामिल होना था लेकिन वेंस की योजनाओं से परिचित एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि वेंस अब शिखर सम्मेलन के लिए वहां नहीं जाएंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, यह बेहद शर्मनाक है कि जी-20 दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होगा। ट्रंप ने अपने 'पोस्ट' में श्वेत अफ्रीकी लोगों के साथ हिंसा समेत दुर्व्यवहार किए जाने का हवाला दिया।

ट्रंप प्रशासन दक्षिण अफ्रीकी सरकार पर अल्पसंख्यक श्वेत अफ्रीकी किसानों को सताने और उन पर हमले करने की अनुमति देने का आरोप लंबे समय से लगाता रहा है। अमेरिका में सालाना आने वाले शरणार्थियों की संख्या को 7,500 तक सीमित करते हुए प्रशासन ने संकेत दिया कि अधिकतर शरणार्थी वे श्वेत दक्षिण अफ्रीकी होंगे जिन्हें अपने देश में भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने कहा है कि वह भेदभाव के आरोपों से आश्चर्यचकित है देश में श्वेतों का जीवन स्तर अश्वेत लोगों की तुलना में सामान्यतः बेहतर है।

ब्रिटिश जासूसों ने निज्जर हत्याकांड की कनाडा को सौंपी थी खुफिया जानकारी

लंदन, एजेंसी

- इसी रिपोर्ट के आधार पर कनाडा ने किया था निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का दावा

इस सप्ताह जारी एक नए वृत्तचित्र में दावा किया गया है कि ब्रिटिश खुफिया एजेंसी की ओर से 'इंटरसेप्ट' की गई फोन कॉल की मदद से ही कनाडाई अधिकारियों ने जून 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और भारत के बीच कथित संबंध का पता लगाया। इन फोन कॉल्स में कथित तौर पर तीन लक्ष्यों पर चर्चा की जा रही थी।

'ब्लूमबर्ग ओरिजिनल्स' के वृत्तचित्र 'इनसाइड द डेथ्स दैट रॉक्ड इंडियाज रिलेशंस विद द वेस्ट' में यह दावा किया गया है। निज्जर कनाडाई सिख था जिसे भारत ने 2020 में खालिस्तानी आतंकवाद के लिए आतंकवादी घोषित किया था। वह उन नामों में शामिल था जिनकी जानकारी ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 'फाइव आइज' खुफिया साझेदारी समझौते के तहत कनाडाई अधिकारियों को सौंपी गई थी। वीडियो वृत्तचित्र में दावा किया गया है, जुलाई 2023 के अंत में निज्जर हत्या मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण प्रगति तब हुई थी, जब ब्रिटेन को संबंधित जानकारी प्राप्त हुई थी। दावा किया गया है कि ब्रिटिश खुफिया जानकारी कड़े नियमों के तहत साझा की गई थी और उसे हाथ से कनाडा की राजधानी ओटावा पहुंचाया गया था तथा किसी भी इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर अपलोड नहीं किया गया। उसे देखने की अनुमति भी केवल लंदन द्वारा पूर्वस्वीकृत चुनिंदा कनाडाई अफसरों को ही दी गई थी।

दावा किया गया है, यह फाइल ब्रिटिश खुफिया एजेंसी द्वारा उन व्यक्तियों के बीच की बातचीत का सारांश थी, जिनके बारे में मानना है कि वे भारत सरकार की ओर से काम कर रहे थे। इसमें आरोप लगाया गया है, उन्होंने तीन लक्ष्यों पर चर्चा की थी, हरदीप निज्जर, अवतार सिंह खंडा और गुरपतवंत सिंह पन्नू। बाद में इस बारे में बातचीत हुई कि निज्जर को कैसे सफलतापूर्वक खत्म किया गया। खालिस्तान समर्थक ब्रिटिश सिख खंडा की जून 2023 में ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। वह रक्त कैंसर से पीड़ित था और ब्रिटेन में कुछ समूहों के आरोपों के बावजूद, ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा कि उसकी मृत्यु से जुड़ी संदिग्ध परिस्थितियां नहीं थीं।

कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 2023 में अपनी संसद में बयान दिया था कि उनके सुरक्षा बल ब्रिटिश कोलंबिया में निज्जर की हत्या से भारतीय सरकारी एजेंट को जोड़ने वाले विश्वसनीय आरोपों की सक्रिय जांच कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 में, भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया और इतनी ही संख्या में कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित भी कर दिया। इस वर्ष अप्रैल में संसदीय चुनाव में कार्नी की जीत के बाद संबंध फिर सुधारने की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

ट्रंप ने किया ओहायो के गवर्नर पद के लिए रामास्वामी का समर्थन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2026 में ओहायो के गवर्नर पद के लिए विवेक रामास्वामी का समर्थन किया है। उन्होंने रामास्वामी को पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें कुछ खास बताया और ओहायो की महान राज्य के रूप में प्रशंसा की।

बायोटेक उद्यमी और पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार 38 वर्षीय रामास्वामी ने राष्ट्रपति ट्रंप को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, धन्यवाद, राष्ट्रपति ट्रंप! आइए ओहायो को पहले से कहीं बेहतर बनाएं। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर रामास्वामी चुने जाते हैं तो वे एक महान गवर्नर साबित होंगे। विवेक महान राज्य ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, एक ऐसा राज्य जिसे मैं प्यार करता हूं और जहां मैंने 2016, 2020 और 2024 में तीन बार बड़ी जीत हासिल की है! मैं विवेक को अच्छी तरह जानता हूं, उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा की है, और वह कुछ खास हैं।

यूक्रेन की आवासीय इमारत पर रूस का ड्रोन हमला, चार लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

पूर्वी यूक्रेन में शनिवार तड़के एक रूसी ड्रोन एक टॉवर ब्लॉक से टकरा गया, जिस समय कई लोग सो रहे थे। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के चौथे सबसे बड़े शहर दनिप्रो में यह हमला हुआ।

यह हमला देश की बिजली अवसंरचना पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों के तहत किया गया। इसमें खारकीव में एक बिजली कंपनी के एक कर्मचारी की भी मृत्यु हो गई। पूर्वी यूक्रेन में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर पोकरोव्स्क के लिए लड़ाई महत्वपूर्ण स्तर पर पहुंच गई है।

कीव और मॉस्को दोनों ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे युद्ध के मैदान में जीत हासिल कर सकते हैं। रूस ने कुल 458 ड्रोन और 45 मिसाइलें दागीं, जिनमें 32 बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हैं। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि उसने 406 ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया और निष्क्रिय कर दिया। साथ ही, 25 स्थानों पर हमले किए गए।

पाकिस्तान ने रक्षा बल प्रमुख का नया पद सृजित करने की तैयारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने शनिवार को तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय और एकीकृत कमान सुनिश्चित करने के लिए रक्षा बल प्रमुख का नया पद सृजित करने के लिए संवैधानिक संशोधन पेश किया। संसद में प्रस्तुत 27वें संविधान संशोधन विधेयक में संविधान के अनुच्छेद 243 में परिवर्तन का प्रस्ताव है।

यह अनुच्छेद अन्य मुद्दों के अलावा सशस्त्र बलों से संबंधित है। संशोधन विधेयक के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना प्रमुख और रक्षा बल प्रमुख की नियुक्ति करेंगे। इसमें कहा गया है कि थलसेना अध्यक्ष रक्षा बलों के प्रमुख भी होंगे। वह प्रधानमंत्री के परामर्श से 'नेशनल स्ट्रेटजिक कमांड' के प्रमुख की नियुक्ति करेंगे। 'नेशनल स्ट्रेटजिक कमांड' का प्रमुख पाकिस्तानी सेना से होगा। सरकार सशस्त्र बलों के व्यक्तियों को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स और एडमिरल ऑफ द फ्लीट के पदों पर पदोन्नत कर सकेगी।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 9 नवंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 10 नवंबर 01.54 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- हेमंत। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- आर्द्रा 20.04 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप कुछ दिनों की छुट्टियों के विषय में योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन में लेन-देन में बड़ा लाभ मिल सकता है।

वृष — आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट होगा। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिये लापरवाही भारी पड़ सकती है।

मिथुन — आज आप अत्यंत आनंदित रहेंगे। कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

कर्क — आज का दिन यात्राओं के लिए सुखद नहीं रहेगा। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

सिंह — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिलने की संभावना है। कारोबार में उत्तम धन लाभ हो सकता है। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है।

कन्या — आज कारोबारी लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को अधिक तूल न दें।

तुला — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित कर पाएंगे। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। आपको अपने मान-सम्मान की चिंता रहेगी। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

धनु — आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपना मन प्रत्येक स्थिति में शांत रखें। जीवनसाथी घर के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

मकर — आज किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था, तो वह दूर हो जाएगा। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा।

कुंभ — आज गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है।

मीन — आज निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। इस समय नया कार्य आरंभ करना उचित नहीं है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा।

सुडोकू-155

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			1			3	4	
4	5							
	4	5					7	8
9								5
	1	7					9	6
							6	9
	6	2	3					

सुडोकू - 154 का हल

8	1	7	4	6	5	2	9	3
4	2	5	1	9	3	6	7	8
6	3	9	2	7	8	1	5	4
5	9	6	3	2	1	8	4	7
3	7	4	6	8	9	5	1	2
1	8	2	7	5	4	3	6	9
2	5	8	9	4	6	7	3	1
9	6	1	8	3	7	4	2	5
7	4	3	5	1	2	9	8	6

ऋचा घोष ने राज्य को गौरवान्वित किया है। मुझे उम्मीद है कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगी और एक दिन भारतीय महिला टीम की कप्तान बनेंगी। ऋचा को सम्मानित करने से हमें अति प्रसन्नता हो रही है।

-सौरव गांगुली

स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार 9 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

डब्ल्यूटीए टेनिस फाइनल्स के सेमीफाइनल में बेलारूस की एरिना सबालेंका संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ रिटर्न करती हुईं। एजेंसी

सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

रियाद (सऊदी अरब)। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर तीन साल में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका खिताबी मुकाबले में एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी रिबाकिना ने एक अन्य सेमीफाइनल में 15 ऐस के दम पर विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया।

टोक्यो बधिर ओलंपिक के लिए दल की घोषणा

नई दिल्ली। भारत 15 नवंबर से 26 दिसंबर तक टोक्यो में होने वाले डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) के लिए 73 खिलाड़ियों सहित 111 सदस्यों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारतीय खिलाड़ी 11 खेल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने भारतीय दल को मंजूरी दे दी है। इसका खर्चा सरकार वहन करेगी।

रविंदर बने फ्री पिस्टल विश्व चैंपियन

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी टीम को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व चैम्पियनशिप राइफल/पिस्टल के पहले ही दिन शानदार शुरुआत मिली, जब रविंदर सिंह ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को पहला गोल्ड दिलाया। इसके बाद दो बार की ओलंपियन और एशियाई चैम्पियन एलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

राहुल वी एस भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर बने

नई दिल्ली। भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वीएस छठी आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप को एक राउंड शेष रहते हुए जीतकर देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बन गये हैं। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी एशियाई जूनियर चैंपियन भी है। वह 2021 में अंतरराष्ट्रीय मास्टर बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने एक्स पर लिखा राहुल वी एस को एक राउंड शेष रहते आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीतने और इस प्रक्रिया में देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने पर हार्दिक बधाई। आपको आगे भी निरंतर सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज जीती

बारिश के कारण पांचवां मुकाबला रद्द, मैच रोके जाने तक टीम इंडिया ने बना लिए थे बगैर विकेट खोए 52 रन

ब्रिस्बेन, एजेंसी

भारत ने शनिवार को यहां बारिश के कारण पांचवां और अंतिम मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

गाबा मैदान पर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (13 गेंद में नाबाद 23 रन) और शुभमन गिल (16 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ आक्रामक शुरुआत की। लेकिन बिजली चमकने से खेल रुक गया, तब भारत ने 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन बना लिए थे। इसके तुरंत बाद ही भारी बारिश आ गई जिससे मैच रद्द करना पड़ा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पास खतरनाक अभिषेक को जल्दी आउट करने के मौके थे लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। ग्लेन मैक्सवेल ने शुरुआती ओवर में बाएं हाथ के बल्लेबाज का एक आसान कैच छोड़ दिया, जबकि चौथे ओवर में जब अभिषेक 11 रन पर थे तब बेन ड्वारशुइस ने उनका कैच टपका दिया। तीन गेंद बाद अभिषेक ने मिडविकेट पर एक जोरदार छक्का लगाकर भारतीय प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया। सीरीज का पहला टी-20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता था। भारत ने तीसरे और चौथे मैच में क्रमशः पांच विकेट और 48 रन से जीत हासिल करते हुए जबरदस्त वापसी की।

आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श भारतीय टीम से हुए प्रभावित

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने महत्वपूर्ण मौकों पर भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए अपनी टीम की गहराई और अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा की। मार्श ने कहा मुझे याद नहीं कि पिछली बार जब हम खेले हों तो बारिश ने इतनी बार खलल डाला हो। वैसे यह शानदार सीरीज थी। भारत ने निश्चित रूप से अहम समय में मैच जीते, उन्हें बधाई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि इस दौरे से उनकी टीम को अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले अपनी बेंच स्ट्रेंथ और संयोजन को परखने में मदद मिली।

मैंने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए खुद को अच्छी तरह तैयार किया : अभिषेक

ब्रिस्बेन : अभिषेक शर्मा ने ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करने के लिए महीनों तक 'मानसिक और तकनीकी रूप से' खुद को तैयार किया जिसका नतीजा भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से सीरीज जीतने के बाद इस युवा सलामी बल्लेबाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार से नवाजा गया। शीर्ष क्रम में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि वह लंबे समय से उछाल भरी ऑस्ट्रेलियाई पिचों और उच्च-स्तरीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक थे। अभिषेक ने पांच मैच में 163 रन बनाए जबकि दो मैच बारिश के कारण रद्द हो गए थे। उन्होंने पांचवें और अंतिम टी-20 मैच के बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा मैं इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा था। जब मुझे पता चला कि हम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं तो मैं बहुत उत्साहित था। उन्होंने कहा अपने पूरे करियर में मैंने देखा है कि ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजी के लिए बहुत अनुकूल है और मैं खुद को इस तरह के गेंदबाजों और परिस्थितियों के लिए तैयार करना चाहता था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी तैयारी विश्वस्तरीय तेज गेंदबाजों का सामना करने और ऑस्ट्रेलियाई पिचों के हिसाब से अपने खेल को ढालने पर केंद्रित थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या पिछले तीन टी20 मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से भारतीय खिलाड़ियों के लिए चीजें थोड़ी आसान हो गई थीं तो अभिषेक ने कहा अगर आपको अच्छा क्रिकेट खेलना है और अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है तो आपको विश्वस्तरीय गेंदबाजों का सामना करना होगा। मैं इस तरह के गेंदबाजों के लिए अभ्यास कर रहा था क्योंकि इसी तरह आप एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर होते हैं। उनकी बल्लेबाजी के अति-आक्रामक रवैये के बारे में पूछने पर अभिषेक ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दी।

अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के रूप में सम्मानित किया गया। एजेंसी

कप्तान ने गेंदबाजों की खूब प्रशंसा की

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने खिलाड़ियों विशेषकर गेंदबाजों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा जिस तरह से सभी ने योगदान दिया और जिस तरह से हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी की, उसका श्रेय सभी खिलाड़ियों को जाता है। यह बल्ले, गेंद और मैदान में भी अच्छी श्रृंखला रही। तेज गेंदबाज और स्पिनर, दोनों ही अपना काम बखूबी जानते हैं। सूर्यकुमार ने कहा बुमराह और अर्शदीप की जोड़ी बेहद खतरनाक है। और फिर अक्षर और वरुण भी अच्छा कर रहे हैं। और वाशी (वाशिंगटन सुंदर) ने आखिरी मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। अब वे काफी टी20 क्रिकेट खेल चुके हैं जिससे उन्हें फायदा मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी श्रृंखला भारत को अगले साल घरेलू टी20 विश्व कप के लिए अच्छी तरह तैयार करेगी। सूर्यकुमार ने कहा यह एक अच्छा सरदर्द है, कई खिलाड़ी वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। तीन मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ खेलना विश्व कप से पहले एक शानदार तैयारी होगी। उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर विश्व कप खेलना चुनौतीपूर्ण, लेकिन रोमांचक होगा। सूर्यकुमार ने कहामैंने हाल में देखा कि महिला टीम ने भारत में विश्व कप जीता, दर्शकों का अविश्वसनीय समर्थन मिला। यह एक अच्छी चुनौती और रोमांचक टूर्नामेंट होगा, लेकिन यह अब भी बहुत दूर है। दो और श्रृंखला बाकी हैं।

माधव और आर्यन के नाबाद शतक से उत्तर प्रदेश मजबूत

रणजी ट्रॉफी

- नागालैंड के खिलाफ मुकाबले के पहले दिन एक विकेट पर बनाए 301 रन
- कौशिक 120 और जुयाल 118 रन बनाकर क्रीज पर डटे, आज बन सकता है बड़ा स्कोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शीर्ष बल्लेबाज माधव कौशिक और विकेट कीपर आर्यन जुयाल के नाबाद शतकों के दम पर मेजबान उत्तर प्रदेश ने नागालैंड के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

शनिवार को ग्रीनपार्क मैदान में खेले गए रणजी मुकाबले के पहले दिन उप्र ने नागालैंड के खिलाफ पहले दिन 90 ओवर में एक विकेट पर 301 रन बनाए। विकेट पर इस समय माधव 120 और आर्यन 118 रन बनाकर खेल रहे हैं। उप्र का एकमात्र विकेट अभिषेक गोस्वामी (55) का गिरा।

सीजन में तीन मुकाबलों में सात अंक लेकर एलीट ग्रुप-ए में पांचवें स्थान पर चल रही उत्तर प्रदेश की टीम शनिवार को नागालैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से उतरी। कप्तान करन शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर अभिषेक गोस्वामी और माधव कौशिक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 118 रनों की साझेदारी की। 37.5 ओवर में इम्लीवति ने अभिषेक को क्लीन बोल्ड कर टीम को पहली सफलता दिलायी। अभिषेक 100 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 55 रन बनाकर आउट हुए। माधव ने पहले पायदान पर उतरे आर्यन के साथ मिलकर नागालैंड के गेंदबाजों का कड़ा इम्तिहान लेते हुए टीम को बड़े स्कोर की राह दिखायी। दोनों बल्लेबाजो ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी अन्य नुकसान के 183 रनों की नाबाद साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 301 रनों तक पहुंचा दिया है।

रन के लिए दौड़ते माधव कौशिक व आर्यन जुयाल। अमृत विचार

विश्व शतरंज में हरिकृष्णा व प्रणव अंतिम 32 में पहुंचे

पणजी : भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा और वी प्रणव ने शनिवार को यहां दूसरे राउंड की दूसरी बाजी के अंत में क्रमशः बेल्जियम के डेनियल दर्धा और लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस को समान 1.5-0.5 अंकों से हराकर विश्व शतरंज कप के अंतिम 32 चरण में जगह बना ली।

टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले हरिकृष्णा कट बनाने वाले पहले भारतीय बन गए क्योंकि दर्धा शुरुआती गेम में सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद प्रभावित नहीं कर सके। प्रणव ने भी काले मोहरों से स्ट्रेमाविसियस को बराबरी पर रोकने के बाद सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। दिप्तयान घोष हालांकि अर्मेनिया के गैब्रियल सर्गिसियन के खिलाफ अपनी लय खोकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पिछले दौर में रूस के इयान नेपोमनियाची को हरने वाले इस खिलाड़ी ने पहले गेम में सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ हासिल करने के बाद दिप्तयान दूसरे गेम में अपनी लय नहीं पकड़ पाए और 0.5-1.5 से हार गए। बेहतर रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा ने भी क्रमशः उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन और आर्मेनिया के रॉबर्ट को हराकर अंतिम 32 में जगह बनाई।

ध्रुव जुरेल ने भारत ए के लिए जड़ा लगातार दूसरा शतक

बेंगलुरु, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शनिवार को यहां चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दूसरी पारी में लगातार दूसरा शतक जड़कर भारतीय टेस्ट एकादश में अपनी जगह पक्की करने की तरफ कदम बढ़ाने के साथ भारत 'ए' की स्थिति मजबूत कर दी। जुरेल (नाबाद 127) ने छठे विकेट के लिए हर्ष दुबे (84) के साथ 184 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 382 रन बनाकर घोषित कर दी जिससे टीम की कुल बढ़त 416 रन की गई।

दक्षिण अफ्रीका ए ने स्टंप्स के समय बिना किसी नुकसान के 25 रन बना लिए थे। उसे जीत के लिए और 392 रनों की और जरूरत है। स्टंप्स के समय लेसेगो सेनोक्वेन (नौ) और जॉर्डन हरमन (15) क्रीज पर थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पिछली टेस्ट श्रृंखला में नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण जुरेल ने टीम में इस भूमिका को निभाते हुए दूसरे टेस्ट में शतक जड़ा था। पंत के चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी के बावजूद इस बात की काफी संभावना है कि दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो शतक जड़ने वाले जुरेल अंतिम एकादश में अपनी जगह बरकरार रखे। उन्होंने पहली पारी में नाबाद 132 रन बनाये थे। जुरेल ने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

जुरेल ने दमदार रक्षात्मक खेल के दम पर एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका ए के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

शतक लगाने के बाद जश्न मनाते ध्रुव जुरेल। एजेंसी

- टेस्ट टीम के लिए मजबूत किया अपना दावा
- दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ 416 रनों की बढ़त

पंत चोट के बावजूद बल्लेबाजी के लिए लौटे

बेंगलुरु : भारत 'ए' के कप्तान ऋषभ पंत ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन रिटायर्ड हर्ट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए दोबारा मैदान पर उतरते ही चोट की चिंताओं को दूर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज शेपो मोराकी की गेंद पर तीन बार चोट लगने के बाद पंत को एहतियात के तौर पर मैदान से बाहर ले जाया गया था। पंत जब रिटायर हर्ट हुए तब वह 22 गेंद में 17 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

ऋचा बंग भूषण पुरस्कार से सम्मानित

कोलकाता, एजेंसी

विश्व कप विजेता विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को शनिवार को ईडन गार्डन्स में एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें बंग भूषण पुरस्कार, पुलिस उपाधीक्षक पद और सोने की एक चेन भेंट की। ईडन गार्डन्स में इस समारोह का आयोजन करने वाले बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने उन्हें 34 लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जो विश्व कप फाइनल में उनके द्वारा बनाए गए प्रत्येक रन के लिए एक एक लाख रुपये के हिसाब से था।

इस तरह ऋचा बंगाल की पहली विश्व कप विजेता क्रिकेटर बनीं। 2003 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद सौरव गांगुली भारतीय कप्तान के रूप में यह खिताब जीतने से चूक गए थे।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य ऋचा घोष को बंग भूषण पुरस्कार प्रदान किया। एजेंसी

ऋचा ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 24 गेंद में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 34 रन की पारी खेली। सीएबी ने उन्हें एक सुनहरा बल्ला और गेंद भेंट की जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रशंसकों और गणमान्य व्यक्तियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच व्यक्तिगत रूप से बंग भूषण पदक, डीएसपी नियुक्ति पत्र और सोने की चेन सौंपी। बंग भूषण और बंग विभूषण पुरस्कार पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा स्थापित सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं जो कला, संस्कृति, साहित्य, लोक प्रशासन और सार्वजनिक सेवा सहित मानव प्रयास के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं।

महिला क्रिकेटरों का ब्रांड मूल्य बढ़ा

नई दिल्ली : भारत को महिला वनडे विश्व कप में पहली बार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली खिलाड़ियों का इसके बाद ब्रांड मूल्य भी आसमान छूने लग गया है और उनके पास पैसा कमाने का यह सबसे अच्छा मौका है।

स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो उन्हें संभालने वाली प्रबंधन फर्मों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से एक करोड़ से अधिक के विज्ञापन सौदों में तब्दील हो जाएगा। इन खिलाड़ियों को अपने विज्ञापन का चेहरा बनाने के लिए कतार में लगे ब्रांडों में ऑटोमोबाइल कंपनियों से लेकर बैंक और एफएमसीजी तक शामिल हो सकते हैं।

गतिरोध हटा | आईसीसी ने मोहसिन नकवी और बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया में कराई बात

एशिया कप ट्रॉफी का खत्म होगा इंतजार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने दुबई में आईसीसी की बैठक के इतर पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से मुलाकात के बाद पीटीआई को बताया कि भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड एशिया कप ट्रॉफी विवाद पर गतिरोध दूर करने में कामयाब रहे हैं और आने वाले दिनों में इसका कोई उचित समाधान निकालने की दिशा में काम किया जाएगा।

नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने भारत को एशिया कप ट्रॉफी नहीं सौंपी क्योंकि विजेता भारतीय टीम ने उनके भारत विरोधी रवैए के कारण उनसे ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने 28 सितंबर को दुबई में हुए टी20 टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था।

सैकिया ने शनिवार को पीटीआई से कहा मैं आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने अपने एक सीनियर पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई। उन्होंने कहा बातचीत की प्रक्रिया शुरू करना वाकई अच्छा रहा। दोनों पक्षों ने आईसीसी बोर्ड बैठक के दौरान हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से भाग लिया। सैकिया ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। बीसीसीआई सचिव ने हालांकि आईसीसी के किसी अधिकारी का नाम नहीं लिया, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा और सीईओ संजोग गुप्ता ने दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चर्चा शुरू करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया।

विकल्पों पर काम किया जाएगा : सैकिया

बीसीसीआई के सचिव सैकिया ने कहा निश्चित रूप से यदि चीजें सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ती हैं तो इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा। दोनों पक्ष जल्द इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कुछ न कुछ करेंगे। अब गतिरोध दूर हो चुका है इसलिए विभिन्न विकल्पों पर काम किया जाएगा। दूसरे पक्ष के पास भी विकल्प होंगे और हम इस मुद्दे को सुलझाने और सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के विकल्प भी देंगे। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थी कि इस विवाद को सुलझाने के लिए आईसीसी एक विवाद समाधान समिति गठित करेगी लेकिन उन्होंने इससे इन्कार किया।